वर्ष- 12 अंक - 162
लखनऊ, शुक्रवार 31 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अयोध्या के दो धार्मिक स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ मंजूर 03
चुनाव आयोग ने 'यमुना में जहर' के आरोप पर केजरीवाल से मांगा सबूत 12


# महाकुंभ मेले में हालात सामान्य

**आस्था**

**निर्बाध रूप से श्रद्धालु लगा रहे हैं आस्था की डुबकी**

**समृद्धि न्यूज, महाकुंभनगर।**

महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान हुये हादसे के बाद मेला क्षेत्र में गुरुवार को स्थिति सामान्य है तथा श्रद्धालुओं के स्नान ध्यान का क्रम शांतिपूर्वक ढंग से जारी है।

मेला क्षेत्र में उत्साह के साथ श्रद्धालुओं रेला संगम की ओर लगातार बढ़ता जा रहा है। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किये जाने के बाद केवल प्रशासनिक, पुलिस, नगर निगम और पैरा मिलेट्री जवानों के वाहनों के अलावा सड़क पर एबुंलेंस ही दिखायी दे रही हैं। श्रद्धालुओं को उनके निकट के घाट पर स्नान करने की लगातार अपील की जा रही है। स्नान के बाद तत्काल घाट को खाली करने की भी अपील की जा रही है। चारों तरफ बेरीकेडिंग कर रोक लगाया गया है। मंगलवार की रात घटना वाले स्थल पर टूटे बैरीकेडिंग को दुरूस्त कर दिया गया है। मेला क्षेत्र में भी तादाद से अधिक पुलिस तैनात की गयी है। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बच्चे, बूढ़े जवां सभी एक ही चाल में संगम में स्नान की बेकरार दिखलाई पड़ रहे हैं। मीडिया सेंटर के सामने काली सड़क पर श्रद्धालुओं के उत्साही जत्थे को देख उनकी आस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।



## महाकुंभ में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर, शाम 6 बजे तक 1.95 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

मौनी अमावस्या पर भगदड़ के कारण स्नान से चूके श्रद्धालुओं ने गुरुवार को पूरे उत्साह के साथ संगम नगरी के विभिन्न घाटों में आस्था की डुबकी लगायी। कुंभ क्षेत्र आज भी श्रद्धालुओं के गुलजार रहा। महाकुम्भ में गुरुवार को शाम 6 बजे तक 1.95 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। श्रद्धालुओं का हुजूम अब भी प्रयागराज में जमा हुआ है। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है।

## न्यायिक आयोग ने शुरू की मामले की जांच, एक महीने में सौंपेंगे रिपोर्ट



प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार की भोर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत की घटना की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग ने बृहस्पतिवार को अपना काम शुरू कर दिया। आयोग के तीनों सदस्य आज लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया, क्योंकि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फ़िर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## महाकुंभ वीवीआईपी पास निरस्त, प्रयागराज में वाहनों की नो एंट्री

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद व्यवस्था को सुचारू करने के लिए प्रबंधों के बाद भीड़ का दबाव अब प्रयागराज में काफी कम हो गया है। मुख्यमंत्री योगी के खुद मोर्चा संभालने के बाद अफसरों भी तेजी से प्रयागराज पहुंचे। लोगों को स्नान के बाद गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है। हादसे के दूसरे दिन समूचे मेला क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह से सामान्य नजर आ रही है। मेला प्रशासन ने सभी वीवीआईपी पास निरस्त कर दिए हैं। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन बना दिया गया है। अब किसी भी गाड़ी को मेला क्षेत्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसी के साथ ही प्रयागराज में बाहरी वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। पुलिस प्रशासन स्नान के बाद भक्तों को तेजी से गंतव्य की ओर रवाना कर रहा है। लोगों को रुकने की अनुमति नहीं हैं, फिलहाल महाकुंभ क्षेत्र के सभी घाटों पर स्नान जारी है।

# पं. बंगाल में गुलेन बैरे सिंड्रोम ने चिंता बढ़ाई, चार दिन में तीन की मौत

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी गुलेन बैरे सिंड्रोम ने चिंता बढ़ा दी है। चार दिन में तीन लोगों मौत से घबराहट का माहौल है। हालांकि इन लोगों की मौत इसी बीमारी से हुई है, यह अभी पक्का नहीं है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इस अधिकारी के अनुसार मृतकों में 10 वर्षीय देवकुमार साहू (जगद्दल, उत्तर 24 परगना), 17 वर्षीय अरित्र मन्ना (आमडांगा, उत्तर 24 परगना) और 48 वर्षीय एक व्यक्ति (धनियाखाली, हुगली) शामिल हैं। देवकुमार साहू का निधन 26 जनवरी को कोलकाता के बीसी रॉय अस्पताल में हुआ। अरित्र मन्ना ने कोलकाता के एनआरएस



मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 27 जनवरी को दम तोड़ा। हुगली जिले के धनियाखाली के 48 वर्षीय व्यक्ति की बुधवार को स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई। पीड़ित परिवारों का दावा है कि उनके परिजनों की मौत गुलेन बैरे सिंड्रोम से हुई है। देवकुमार के चाचा गोविंदा साहू ने कहा, अस्पताल ने मृत्यु प्रमाण पत्र में संदिग्ध जीबीएस का उल्लेख किया है। इस बीच, कोलकाता के बीसी रॉय अस्पताल और इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में इलाजरत चार और बच्चे इसी बीमारी से कथित रूप से पीड़ित बताए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतापगढ़ में स्कूल जा रही शिक्षिका को सिरफिरे ने जिंदा जलाया

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्कूल जा रही प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका को गुरुवार सुबह सिरफिरे प्रेमी ने रास्ते में पेट्रोल डाल कर जिंदा जला दिया। शिक्षिका का जली हालत में शव और जलकर झुलसा हुआ प्रेमी थाना क्षेत्र कोहदौर लौली पोखताखाम गावं के एक खेत में पाये गये। मृतका की शादी दो मार्च को होनी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिक्षिका नीतू यादव (22) स्कूल जा रही थी कि इसी थाना क्षेत्र के चंदौका गांव निवासी विकास कुमार यादव (29) ने रास्ते में उसे रोक कर उसके ऊपर पेट्रोल डाल कर जला दिया। घटना में विकास कुमार यादव भी झुलस गया, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रथम दृष्टाया मामला प्रेम प्रसंग का पाया गया है। मामले की जाँच की जा रही है।

### महाकुम्भ के सेक्टर 22 में लगी आग, 15 पांडाल जले

**महाकुंभनगर।** छतनाग घाट पुलिस थाना क्षेत्र में गुरूवार को लगी आग में 15 टेंट जलकर राख हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकरी प्रमोद शर्मा ने बताया कि टेंट में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया 15 टेंट आग की चपेट में आये थे। फायर ब्रिगेड की छह गाडियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जहां आग लगी वहां शिविर पर शैव संप्रदाय जूना अखाड़े का फर्जी बोर्ड लगा रखा था और शिविर अनाधिकृत रूप से लगाया गया था।

### निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने से पांच मजदूरों की मौत

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में अमानगंज स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां दर्जनों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। पहले दो मजदूरों की मौत की बात कही जा रही थी, लेकिन बाद में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है जबकि 30 से ज्यादा मजदूर घायल बताए जा रहे हैं।


**आवश्यकता**

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
**samradhinews@gmail.com**
**7985738649/9305748833**


# अमेरिका में विमान हादसा: एनबीसी का दावा- 30 से अधिक शव बरामद

**एजेंसी, वाशिंगटन।**

अमेरिका में हुए विमान हादसे के बाद गोताखोर पोटोमैक नदी में दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर में सवार लोगों की खोज कर रहे हैं। खोज और बचाव अभियान में अमेरिका की विभिन्न एजेंसियां शामिल हैं। एनबीसी न्यूज चैनल ने दावा किया है कि अब तक पोटोमैक नदी से 30 से अधिक शव निकाले जा चुके हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट की खबर में कहा गया है कि हताहतों की सही संख्या की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने नदी से शव बरामद कर लिए हैं। सीबीएस न्यूज के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल में दुर्घटना पर सवाल उठाया।



**दुर्घटना**

**अमेरिका में यात्री विमान सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर से टकराया**

उन्होंने लिखा, यह एक बुरी स्थिति है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, कैनसस सीनेटर रोजर मार्शल ने कहा कि एक साथ 60 से अधिक कैनसस को खो देना पीड़ादायक है।÷ एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, खोज एवं बचाव दल को जमा देने वाले तापमान और अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री विमान में अमेरिकी फिगर स्केटर्स, कोच और एक प्रशिक्षण शिविर से लौट रहे लोग शामिल हैं। रूसी मीडिया ने कहा कि दो पूर्व विश्व चैंपियन भी इसमें हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार रात लगभग नौ बजे राजधानी वाशिंगटन के जेट रीगन हवाई अड्डे के पास एक ब्लैक हॉक सैन्य हेलीकॉप्टर से यात्री विमान टकरा गया। 64 लोगों को ले जा रहा अमेरिकन एयरलाइंस का यह जेट दुर्घटनाग्रस्त होकर पोटोमैक नदी में गिरा। इसमें 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य शामिल हैं। सैन्य हेलीकॉप्टर में तीन लोग सवार थे। यह भी दुर्घटनाग्रस्त होकर इसी नदी में गिर गया। यह यात्री विमान विचिटा (कंसास) से रवाना हुआ था।

## दक्षिण सूडान में विमान दुर्घटना में 20 लोगों की मौत

**एजेंसी, जुबा।** दक्षिण सूडान के यूनिटी स्टेट में तेल श्रमिकों को ले जा रहा एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। सीएनएन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि जुबा की राजधानी जा रहे यूनिटी ऑयलफील्ड हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह विमान दुर्घटना में 20 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें एक भारतीय और चीन के दो नागरिक शामिल थे। यूनिटी स्टेट के सूचना मंत्री गतवेश बिपल ने बताया कि विमान यूनिटी ऑयलफील्ड हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह राजधानी जुबा जा रहा था। उन्होंने कहा कि यात्री ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी) के तेल कर्मचारी थे।

# नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन का उद्देश्य आयात निर्भरता को कम करना : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करना और भारत के 2070 तक शुद्ध शून्यलक्ष्य को समर्थन देना है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) पर लिखे गए एक लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने विस्तार से बताया कि कैसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन का उद्देश्य आयात निर्भरता को कम करना, घरेलू मूल्य श्रृंखलाओं को



मजबूत करना और भारत के '2070 तक नेट जीरो' लक्ष्य का समर्थन करना है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक्स पर अपना एक लेख साझा करते हुए एनसीएमएम को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिमंडल का आभारी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एनसीएमएम आर्थिक विकास सुनिश्चित करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा भी प्रदान करेंगे क्योंकि ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और ऊर्जा भंडारण प्रणाली, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों और रसायनों और उर्वरकों के उत्पादन में आवश्यक हैं।

रेड्डी ने कहा कि उनके लेख में नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन और इसके परिणामों पर चर्चा की गई है जिसमें महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की घरेलू खोज और नीलामी, विदेशी खदानों का अधिग्रहण, महत्वपूर्ण खनिजों का भंडारण, बड़ी संख्या में कुशल पेशेवरों का निर्माण और कई पेटेंटों के निर्माण के लिए केंद्रित अनुसंधान शामिल हैं।

# कृतज्ञ राष्ट्र ने बापू को अर्पित की श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कृतज्ञ राष्ट्र ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राजघाट पर गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और अन्य नेताओं ने राजघाट पर आयोजित प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। श्रीमती मुर्मु के साथ राजघाट पर केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सेनाओं का एक मार्चिंग दस्ता भी था। राष्ट्रपति ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ राष्ट्रपिता की समाधि पर पुष्प चक्र समर्पित किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 30 जनवरी मार्ग स्थित गांधी स्मृति जाकर राष्ट्रपिता को



**नमन**

**राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजघाट पर सुबह पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की, हम अपने राष्ट्र के प्रति उनके सपनों को साकार करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। मिजोरम के राज्यपाल सेवानिवृत्त जनरल वी के सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, गांधी जी ने हमें सत्य, अहिंसा और शांति का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। देश भर में इस अवसर पर जगह-जगह बापू की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम, गोष्ठियां और प्रार्थना सभायें आयोजित की गयीं।

## पुण्यतिथि पर सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट में 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। 11 बजे जब पहला सायरन बजा सभी कोर्ट ने कामकाज रोक कर दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद दूसरा सायरन बजने के बाद कामकाज शुरू हुआ।

## शाह ने बताया मोदी सरकार के 10 साल को नये युग की शुरुआत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार के 10 साल का कार्यकाल सच्चे अर्थ में एक युग का अंत करने और एक नये युग की शुरूआत करने वाला समय रहा। श्री शाह गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों पर केन्द्रित पुस्तक 'इंडियन रेनेसां : द मोदी डिकेड' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक डॉ. ऐश्वर्या पंडित ने लिखी है।

# न्यायिक जांच आयोग की टीम ने चिकित्सकों व पुलिस कर्मियों के दर्ज किए बयान

**समृद्धि न्यूज, मुरादाबाद।**

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा के मामले में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की टीम गुरुवार को संभल पहुंची। आयोग की टीम ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में घटना में घायल पुलिसकर्मियों व चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों का बयान दर्ज किए। न्यायिक जांच आयोग के सदस्यों की ओर से बताया गया है कि घटना से संबंधित कोई जानकारी अगर किसी व्यक्ति को देनी है तो वह दे सकते हैं। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद के सर्वे के दारौन 24 नवंबर 2024 को तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी।



**संभल हिंसा**

**घटना से संबंधित कोई जानकारी किसी व्यक्ति को देनी है तो वह दे सकते हैं : न्यायिक जांच आयोग**

इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था।

## बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक, सरकार ने की सहयोग की अपील



**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से एक दिन पहले गुरुवार को सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सरकार ने सभी दलों से सहयोग की अपील की। बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि साल का पहला सत्र होने के कारण राष्ट्रपति दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वे पेश किया जाएगा। 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के समय को लेकर कल राज्यसभा और लोकसभा अध्यक्ष कार्यमंत्रणा समिति की बैठक करेंगे और इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को दिल्ली में मतदान के कारण अवकाश रहेगा और संसद की कार्यवाही भी नहीं चलेगी। बजट सत्र का पहला भाग 13 फरवरी तक चलेगा। इसके थोड़े समय के अंतराल के बाद 10 मार्च को बजट सत्र का दूसरा भाग आरंभ होगा।

# दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन की मौत, चार घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ मार्ग पर गैस सिलेंडर लदे ट्रक व गिट्टी लदे ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि शव ट्रक के अंदर ही शव फंस गये। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला, और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। वहीं एक ट्रक में चालक बुरी तरह से फंस गया।





जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के क्षेत्र ताजपुर राठौरा छिबरामऊ मार्ग ग्राम कुमहौली के पास गैस सिलेंडर लदे ट्रक और गिट्टी लदे ट्रक की आमने भिड़ंत हो गयी। जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। ट्रक भिड़ंत की आवाज इतनी तेज हुई की आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गयी और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। वहीं मरने वालों में मोहम्मदाबाद कोतवाली के क्षेत्र ग्राम सकबाई निवासी अभिमन्यु पुत्र राम सिंह, रामकिशोर पुत्र बांकेलाल सहित तीन लोगों की मौत हो गयी है। वहीं गिट्टी लदे ट्रक का ड्राइवर फंस गया।


*शेष खबर पेज 10 पर*


# यौन शोषण मामले में पुलिस ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को किया गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**सांसद कर रहे थे आवास पर पत्रकार वार्ता, तभी पुलिस ने की गिरफ्तारी**

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

कोतवाली पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। वह अपने लोहरबाग स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया।



उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के आदेश पर उन्होंने पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया है। वह सभी से अपील करते हैं कि कोई भी समर्थक सड़क पर न आएं। कानून का पालन करें। न्यायालय पर भरोसा जताएं। माफियाओं के खिलाफ मेरी लड़ाई जीवन के आखिरी सांस तक रहेगी और मैं उनसे लड़ता रहूंगा। यहां के चर्चित भूमाफियाओं के खिलाफ मेरी ओर से जो कार्रवाइयां हुई हैं, उनसे उनकी नींद खराब हो गई थी। उनके खिलाफ साचिश रची गई।

उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ सीतापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमें जो हम पर आरोप लगे हैं बगैर उसकी गंभीरता को जाने पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में मैं उच्च न्यायालय की शरण में गया, जहां 14 दिन का समय देते हुए निचली अदालत में जाने को कहा गया। कोर्ट के आदेश पर ही मैंने पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया है। अदालत का मामला है, इसलिए इस पर मैं खामोश हूं।

# इंडिगो ने की प्रयागराज रूट पर फ्लाइट टिकट पर 30-50 फीसदी की कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। देश की सबसे बड़ी बजट एयरलाइन इंडिगो ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए अपनी फ्लाइट टिकट में 30 से 50 फीसदी तक की कटौती की है।

इंडिगो ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रयागराज रूट पर एयरलाइन अपने हवाई किराये में 30-50 फीसदी की कटौती कर दी है। प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में शामिल होने आए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार के हवाई किराये में बढ़ोतरी पर चिंता जताए जाने के बाद कई एयरलाइन कंपनियों ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। एयरलाइन ने कहा कि उसने



प्रयागराज आने-जाने वाले सभी रूट्स पर हवाई किराये में 30 से 50 फीसदी तक की कटौती की है। दरअसल इंडिगो की फ्लाइट टिकट की कीमत में यह कटौती तब देखी गई है, जब केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक दिन पहले ही प्रयागराज महाकुंभ के लिए हवाई किराये में वृद्धि का मुद्दा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के समक्ष उठाया है। इससे पहले नागर विमानन मंत्री ने विमानन कंपनियों महाकुंभ मेले के दौरान हवाई किराया को कम करने के लिए कदम उठाने को कहा था।

# लव जिहादः नाबालिग युवती को देहरादून ले जाकर हत्या कर शव जंगल में फेंका

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।



पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गौरिया गांव में विशेष समुदाय के एक युवक ने गांव की ही एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर देहरादून भगा ले गया था। जहां युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती की हत्या कर शव को देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र के जंगल में फेंक दिया। आरोपियों की निशानदेही पर उत्तराखंड और पढ़ुआ पुलिस ने संयुक्त रूप से शव को बरामद कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद गौरिया गांव के लिए रवाना हो गया है। शांति व्यवस्था कायम रखने के दृष्टिगत पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। एसपी संकल्प शर्मा ने पढ़ुआ थाने में स्वयं कैंप कर घटना की विस्तृत जानकारी व परिजनों से बात चीत की। एहतियातन गांव में सीओ के साथ पुलिस एवं पीएसी तैनात कर दी गई है।

मृतका के पिता शंभू ने पढ़ुआ पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री लक्ष्मी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया है, जिसे वापस लाने के लिए व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओ निराला तिवारी ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। लापता युवती की तलाश के लिए पुलिस लगातार मामले पर निगरानी रखते हुए छानबीन शुरू कर दी, गौरिया गांव से लेकर निघासन, पलिया, खुटार होते हुए पूरनपुर, पीलीभीत तक सीसीटीवी की फुटेज खंगाले, निघासन चौराहे पर लगे कैमरों में आरोपी युवती के साथ अपनी मोटरसाइकिल के पीछे बैठाकर पलिया की ओर ले जाते हुए देखा गया।जिसके आधार पर पीलीभीत तक दोनों की तलाश की गई। अंधेरी रात और कोहरे के कारण खुटार के आगे की लोकेशन नहीं मिली, जिसके बाद भी पुलिस ने हार नहीं मानी और सर्विलांस और मोबाइल लोकेशन के जरिए आरोपी की लोकेशन देहरादून में मिली। जिसके बाद पढ़ुआ थाने के ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव पुलिस बल के साथ देहरादून पहुंचे, जहां देहरादून पुलिस की सहायता से आरोपी को हिरासत में लेकर आरोपी की निशानदेही पर देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र के जंगल से युवती का शव बरामद कर लिया, और हत्या में शामिल सभी आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया। वहीं मृतका का शव पीएम के बाद मृतका के गांव गौरिया लाया जा रहा है खबर लिखे जाने तक मृतका शव गांव नहीं पहुंचा था।

**दिन भर पसरा रहा गांव में सन्नाटा:** नाबालिक युवती की मौत की सूचना के बाद से पूरे गांव में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा, गांव के लोग घटना से डरे सहमे दिखे वहीं परिजनों ने पूरी घटना का सफल अनावरण व दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

**पूरा गांव छावनी में तब्दील:** मामले की गंभीरता के चलते गौरिया गांव में सुरक्षा के दृष्टिगत पीएसी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान धौरहरा सीओ व निघासन सीओ महक शर्मा सहित शारदानगर, धौरहरा, गौरीफंटा, मझगई, सिंगाही तिकुनिया, पढ़ुआ की पुलिस मौजूद रही।

### विधायक ने परिजनों से की मुलाकात



विधायक शशांक वर्मा मृतका के गांव गौरिया पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। विधायक शशांक वर्मा ने बताया कि घटना में संलिप्त दोषियों को? किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ शख्त शख्त सजा दिलवाई जाएगी।

## शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सम्पूर्ण जनपद में 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट मौन धारण किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ जिले के अन्य कार्यालयों, विभागों, शिक्षण संस्थाओं में भी पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मी सहित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हिन्दू संगठनों ने धर्मांतरण करा रही ईसाई मिशनरी का किया भंडाभोड़

- बड़े स्तर पर हो रहे धर्मांतरण को रोकने के लिए हिन्दू संगठन सक्रिय, दो पादरी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए
- एकल फ्यूचर लीगल टीम की सशक्त पैरवी से धर्मांतरण करा रहे 2 पादरियों की जमानत याचिका खारिज

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



लखीमपुर खीरी के नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत बेहजम में बड़े स्तर पर धर्मांतरण चल रहा था जिसकी जानकारी जब क्षेत्र के हिन्दू कार्यकर्ता अमन रस्तोगी व आदर्श को लगी तो वह अपनी टीम के साथ चंगाई सभा मे पहुँचे जहां भोलेभाले दलित समाज के लोगो द्वारा जादुई पानी जिससे सभी बीमारियां सही हो जाती है दिए जाने व 1 बोरी चावल प्रतिमाह देने की बात कह कर ईसाई धर्म अपनाने को बोला जा रहा था। यह जानकारी जब एकल फ्यूचर जिला अध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा को हुई तो उन्होंने तत्काल प्रशासन से बात कर मौके पर पहुँचे जहां बाबुराम के आवास पर जमा सैकड़ों की संख्या में दलित महिलाओं व पुरुषो को आर्थिक प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। शिकायतकर्ता अमन रस्तोगी का आरोप है कि वहां पहुँचने के बाद बाबूराम व प्रमोद बाल्मीकि के माथे से तिलक हटाने और अपने घर से देवी देवताओं की मूर्ति को हटाने की बात कह ईसाई मजहब अपनाने का दबाव डाल रहे थे वहां लोगो को 1 बोतल पानी, 1 बोरी चावल और तेल देकर धर्मान्तरित कराया जा रहा था तथा हमारे साथ भी ऐसी कोशिश की गई इसके बाद हमने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जिस पर एकल फ्यूचर जिलाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्र व अधिवक्ता देवव्रत पांडेय की सशक्त पैरवी से आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी गई। घटना का खुलासा करने वाले हिन्दू संगठन के पदाधिकारी सूर्यमणि मिश्र ने बताया कि हमें लंबे समय से यहां धर्मांतरण की शिकायत आ रही थी। पता चला कि यहां गरीब लोगों को झांसा देकर ईसाई बनाया जा रहा था। सूचना मिलने पर अमन रस्तोगी, आदर्श मिश्र, कमल वर्मा, अमर सिंह समेत तमाम हिंदू कार्यकर्ताओं ने इस घटना का खुलासा किया और आरोपियों पर कार्यवाही करवाई।

## महिलाओं का पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप



तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र की महिलाओं ने बेलरायां चौकी के दरोगा व एक सिपाही पर घर में घुसकर मारपीट कर जबरदस्ती चालान करने का आरोप लगाकर एसपी से शिकायत की है। एसपी ने जांच सीओ निघासन को दी है। जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को सुबह लगभग आठ बजे चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक कुमार व एक सिपाही पोरल बंसल सादी वर्दी में इसराइल के घर पहुचे थे। आग ताप रहे इसराइल के बेटे फिरोज को पकड़ लिया जिस पर इसराइल ने पूछा कि साहब क्या बात है काहे पकड़ रहे है तो चौकी इंचार्ज ने बताया कि वारंट है। इसराइल ने कहा दिखाओ तो इसराइल को धक्का मार दिया जिसपर वो वही पर गिर गए इतने में पास पड़ोस के काफी महिलाएं व पुरुष इकट्ठा हो गए। सभी विरोध करने लगे इसी बात को लेकर दरोगा व सिपाही ने वहां पर मौजूद महिलाओं को मारना शुरू कर दिया। मारपीट के बाद जबरदस्ती चार महिलाओं को पकड़कर कोतवाली ले गए वहां से उनका चालान भेज दिया। इस दौरान वहां पर कोई भी महिला सिपाही मौजूद नही थी।

## खबरें एक नजर में

### स्वच्छता को लेकर कार्यशाला, सफाई मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण गार्बेज फ्री सिटी एवं ओडीएफ विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। शहर के एक गेस्ट हाउस में हुई कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए विशेष रुप से लखनऊ से विशेषज्ञ को बुलाया गया था, जिनके द्वारा घर-घर कचरा एकत्र करना, कचरा पृथक्करण, कम्पोस्टिंग, एकल प्रयोग वाली प्लास्टिक प्रयोग न करना आदि विषयों पर बहुत ही बारीकी व क्रमबद्ध तरीके से सफाई मित्रों को प्रशिक्षित कर व्याख्यान दिया गया।इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र और जिला कार्यक्रम प्रबंधक विक्रांत वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, अवर अभियंता आदर्श मिश्र आदि मौजूद रहे।

### रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट, आठ पर मुकदमा दर्ज

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र में रस्ते के विवाद को लेकर बीते दिवस हुई मार पीट में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर निवासी कुशमा देवी पत्नी आताराम ने भीरा पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव निवासी सत्यराम पुत्र गयादत्त, सर्वेश पुत्र राम नरेश, मनोज पुत्र सियाराम, आकाश पुत्र अहिबारन, सुरेंद्र व अवधेश पुत्र विष्णु राम रानी पत्नी राम चंद्र, नन्ही पत्नी कमलेश ने हमारे घर के सामने लगी टटिया व घर के आंगन में बनी रसोई को तोड़ फोड़ कर तहस नहस कर दिया है, और घर में रखे सभी समान को भी तोड़ दिया और घर में घुसकर महिलाओं के साथ मार पीट की जिसमें महिला व पुरुष चोटिल हो गए पास पड़ोस के लोगों को आते देख विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया घर के सामने चार फिट की गली है जो पिछले कई वर्षों से चल रही है उसी रस्ते के किनारे से हमारी जगह में टटिया लगी हुई थी उसी रस्ते को लेकर विवाद हुआ है। जिसकी लिखित तहरीर पीड़िता ने थाने में दी फिलहाल पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आगे की करवाई प्रारम्भ कर दी है।

### गाली देने से मना करने पर दबंगों ने दंपति को पीटा

**उचौलिया खीरी।** गाली देने से मना करने पर दबंगों ने दंपति की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनापुर निवासी सरिता पत्नी अमल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि घटना 28 जनवरी 2025 की शाम लगभग 6ः00 की है मेरे घर पर विपक्षी जालेन्दर उर्फ वीरेंद्र पुत्र नरेश, अंकित पुत्र नरेश निवासी हुसैनापुर आये और गंदी-गंदी गालियां देने लगे जब मैंने गाली देने से मना किया तो उपरोक्त लोग लाठी डंडों से मेरी पिटाई करने लगे बचाने आए मेरे पति अमल सिंह को भी दबंगों ने लाठी डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पिटाई से हम दोनों के शरीर में चोट आई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके आगे की कार्रवाई शुरू की।

### विश्व कुष्ठ दिवस पर आयोजित किया गया विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वर्ष- 2024-25 के क्रम में गुरुवार को 'विश्व कुष्ठ दिवस' के अवसर पर कुष्ठ उन्मूलन के लिए जिला चिकित्सालय (पुरुष) पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।यह आयोजन जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा अपर जनपद न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर पी.एल.वी.प्रियंका त्रिपाठी द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में दूर दराज से आए व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा कुष्ठ रोग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उक्त विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव श्री वर्मा द्वारा बताया गया कि 'विश्व कुष्ठ दिवस प्रत्येक वर्ष माह जनवरी को मनाया जाता है। भारत में यह 30 जनवरी को मनाया जाता है जो महात्मा गांधी की पुण्य तिथि है।' इस दिन को मनाने का उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और इससे पीड़ित लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाना है। कुष्ठ रोग को हैन्सेन रोग के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि यह माइकोबैक्टीरियम लेप्रसी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। श्री वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग त्वचा,तंत्रिका,ऊपरी श्वसन पथ की श्लेषमिक सतहों आदि को प्रभावित करता है।यह बचपन से बुढ़ापे तक किसी भी उम्र में हो सकता है।यह आनुवांशिक नहीं है लेकिन पास आने तथा सम्पर्क के दौरान नाक तथा मुंह से बूंदों के माध्यम से फैलता है। उन्होंने बताया कि इसका इलाज सम्भव है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा यह बताया गया कि कुष्ठ रोग के उपचार हेतु आहार में तीन दवाएं शामिल हैं,डैक्सोन,रिफैम्पिन और क्लोफाइलीमिन।इस संयोजन को मल्टी ड्रग थैरेपी (एम.डी.टी.) कहा जाता है। एम.डी.टी. को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1995 में दुनिया भर के सभी रोगियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

## बीडीओ ने गोवंश पशुओं को पकड़वा कर नजदीकी गौशाला में भिजवाया

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरोठा में निराश्रित पशुओं से निजात दिलाने के लिए खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने एक मुहिम चलाकर ग्राम पंचायत से गोवंश पशुओं को पकड़वा कर नजदीकी गौशाला में भिजवाने का कार्य किया। इससे पहले भी खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत बरोठा के निराश्रित गोवंश पशुओं को पकड़वाकर नजदीकी गौशाला रकेहटी देहात में भिजवाया था पर कुछ दिन पूर्व से यह समस्या फिर उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों द्वारा अपने गोवंश दूध न दिए जाने के कारण स्वतंत्र छोड़ दिए जाते थे जिसको लेकर कुछ ग्रामीणों ने इसकी



शिकायत खंड विकास अधिकारी से की थी जिसका संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने स्वतंत्र घूम रहे गोवंशों को पकड़वा कर गौशाला में भिजवाया और कहा अगर कोई भी इस प्रकार का कार्य करते हुए पकड़ा जाएगा तो उसे पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रहास राज, ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला व गोवंश पशुओं को पकड़ने में सहायता करने वाले ग्रामवासी मौजूद रहे।

## घटना के खुलासे को लेकर डीएम, एसपी से मिले समिति पदाधिकारी

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



करीब ढाई माह पूर्व हुई एक चोरी के मामले में पुलिस काफी परेशान है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस कडी मशक्कत कर पर्दाफाश करने के लिए जुटी है। लेकिन पुलिस किसी कडी को कडी से जोडकर घटना के खुलासे में असफल रही है। इसे लेकर शहर की सामाजिक संस्था श्रीहरद्वारी वैश्य समिति के पदाधिकारियों ने खुलासे की मांग को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दिए है। गुरुवार को समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के खुलासे की मांग दोहराई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि घटना का सटीक खुलासा नहीं हुआ तो समिति आंदोलन के लिए विवश होगी।

शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में 8 नवंबर की रात चोरों ने व्यापारी अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड्डी के घर से नगदी समेत 30 लाख का माल पार कर दिया था। ढाई माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाबजूद पुलिस इस दिशा में एक कदम भी आगे नहीं चल पाई है। श्री हरिद्वार वैश्य समिति के पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात कर घटना के खुलासे की मांग की थी, उसके बाद कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर घटना के खुलासे का दावा किया था, पर पीड़ितों ने इस खुलासे पर सवाल खड़े कर दिए थे। उनका कहना था कि चोरी गया कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ है। समिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को फिर लखीमपुर जाकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा से मुलाकात कर पुलिस की हीलाहवाली को लेकर नाराजगी जताई। समिति पदाधिकारियों का कहना है कि एसपी ने फोन से कोतवाल चंद्रशेखर सिंह को घटना के खुलासे के सख्त हिदायत दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि वह व्यक्तिगत रुप से इस घटना के खुलासे के संबंध में समीक्षा करते रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में श्री हरिद्वारी वैश्य महासभा के प्रदेश संयोजक शरद गुप्ता उर्फ सोनू गुड़ वाले, श्री हरिद्वारी वैश्य समित अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता एवं आदित्य गुप्ता आदी शामिल थे।

## सीडीओ खफा, मनरेगा कार्य में मिलीं अनियमिताएं, सचिव का रोका वेतन, स्पष्टीकरण तलब

- तकनीक सहायक का मानदेय बाधित, महिला मेट की पुनः ट्रेनिंग के निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गुरुवार को विकास खण्ड बेहजम की ग्राम पंचायत गौरिया में चल रहे कार्य होलिका दहन स्थल से विशम्भर के खेत तक भूमि विकास कार्य के निरीक्षण में कई कमियां पाई और संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी की। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार को मौजूद महिला मेट ने एनएमएमएस के विषय में कोई जानकारी नहीं दी जा सकी। महिला मेट के पास उपलब्ध पत्रावली में मस्टर रोल नही लगा था। बाद में मस्टर रोल मंगाया गया। मस्टर रोल 27.01.2025 से 09.02.2025 तक का है। केवल 27 व 28 जनवरी, 2025 की उपस्थिति भरी थी। 29 व 30 जनवरी, 2025 की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। सीडीओ के पूछने पर महिला मेट ने बताया कि एनएमएमएस में तकनीकी समस्या के कारण उपस्थिति अपलोड नही हो पाई। महिला मेट को पुनः ट्रेनिंग देने और यदि व ठीक से कार्य न कर पाये तो उसे हटाने के निर्देश दिये गये। मनरेगा प्रोजेक्ट पर जियो टैग स्थल से कार्य न शुरु कराने और सीआईबी बोर्ड न लगा होने के सम्बन्ध में सम्बन्धित सचिव से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये गये। मौके पर कार्य का पर्यवेक्षण न करने के लिये तकनीकी सहायक अजीत सिंह पटेल का मानेदय रोकने एवं सचिव शोभिता श्रीवास्तव का वेतन रोकने के आदेश दिये गये।

## तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

- 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।



नवागंतुक उप जिलाधिकारी मितौली रेनू मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। नियमित टीकाकरण 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के संदर्भ में किया आयोजन किया गया। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित लॉजिस्टिक की उपलब्धता एवं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सरल एवं सुलभ तरीके से टीकाकरण उपलब्ध करने के बारे में उप जिलाधिकारी मितौली द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया तथा टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को मोबिलाइज करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही 10 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारी के बारे में शिक्षा विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। निर्धारित तिथि से पहले सभी अध्यापकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का प्रशिक्षण करना सुनिश्चित करें एवं उक्त दिवस पर शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी जिससे बच्चे स्वस्थ रहें क्योंकि बच्चों के पेट में अक्सर कीड़े हो जाते हैं जिससे बच्चों को भूख नहीं लगती है शरीर कमजोर एवं दुबला पतला हो जाता है वह अन्य कई तरह की बीमारियों से शरीर गिर जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग पंचायती राज विभाग शिक्षा विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली निघासन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सहते पुरवा गाँव के समीप एक पेड़ पर 35 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटकता मिला। म्रतक की पहचान रामस्वरूप के पुत्र रामू के रूप में कई गई है। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंची निघासन कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में निघासन कोतवाली प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शव का इस तरह मिलने से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजन का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर किसी अन्य कारण से मौत हुई है। मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने पर ही ही पता चल पाएगा।पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## दूसरे दिन भी जारी रहा एडीजी जोन का निरीक्षण

**अयोध्या।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से अयोध्या आने वाले दर्शनार्थियों को बेहतर व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को अयोध्या पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस.बी शिरोडकर का निरीक्षण कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा।गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन श्री शिरोडकर द्वारा मण्डलायुक्त गौरव दयाल व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार के साथ महाकुम्भ के दौरान भारी संख्या में अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं को सुगम श्रीराम मंदिर दर्शन,स्नान आदि हेतु प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया।इन सभी अधिकारियों द्वारा लता मंगेश्कर चौक से बिड़ला धर्मशाला तक श्रीराम मंदिर दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलकर रामपथ पर भीड़ की स्थिति के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों यथा- बिड़ला धर्मशाला, श्रृंगार हाट/श्री हनुमानगढ़ी



तिराहा, दन्त धावन कुण्ड,पोस्ट आफिस तिराहा सहित अन्य स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उन्हें मार्गो के बारे में जानकारी देने उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु बसों आदि की व्यवस्था के बारे में उन्हें बताने के साथ ही उनसे मित्रवत व्यवहार करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सुदूर प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं से बातचीत भी की गयी।अधिकारियों द्वारा अन्य प्रमुख स्थलों का भी निरीक्षण सतत रूप से कर भीड़ नियंत्रण के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जाती रही।

## व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार ने दी कई योजनाएंः रविंद्र जायसवाल

- कानून-व्यवस्था बेहतर हो तो व्यापार बढ़ता हैः शाही
- बिना भेदभाव के दिया गया है योजनाओं का लाभः कटियार

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।



भाजपा ने इनायतनगर स्थित आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया।अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के संयोजन में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि व्यापारी अपना पैसा लगाकर व्यापार करता है और सरकार को टैक्स देता है। टैक्स से सरकार की आमदनी होती है। यह सड़क, अस्पताल बनाने व अनाज बांटने के काम में आती है। व्यापारी बिना तनख्वाह के काम करके सरकार को टैक्स देता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं दी है, अगर अयोध्या में कोई होटल खोलना हो तो स्टाम्प में छूट मिलेगी। इसके साथ में अनुदान भी मिलेगा। युवाओं को पांच लाख का लोन चार साल के लिए बिना व्याज के मिल रहा है। जिसमें दस प्रतिशत सब्सिडी होगी। अगर व्यापार बढ़ेगा तो लोगों को रोजगार मिलेगा। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर हो तो व्यापार बढ़ता है। 2017 के पहले सपाई नारा लगाते थे कि जो जमीन खाली है वह जमीन हमारी है।गाजियाबाद से गोरखपुर तक गुंडे वसूली करते थे, लेकिन प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद किसी गुंडे की हिम्मत नहीं है कि वह व्यापारियों का शोषण कर ले, वसूली कर ले, जमीन कब्जा कर ले। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापारियों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। मुद्रा योजना के माध्यम से ठेला, पटरी दुकानदारों को लाभ दिया गया है। सरकार निरंतर व्यापारियों की उन्नति के लिए कार्य कर रही हैं।

# अयोध्या के दो धार्मिक स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ मंजूर

**▸ अयोध्या में देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों का आना जारी : जयवीर सिंह**



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राम की नगरी अयोध्या में दो धर्म स्थलों के विकास के लिये सरकार ने दो करोड़ रुपये मंजूर किये है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों का आना जारी है। इसको ध्यान में रखते हुये अयोध्या के आसपास स्थित धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधायें विकसित की जा रही हैं। इसी क्रम में अयोध्या के लिए, लगभग दो करोड़ रुपये की दो पर्यटन विकास योजनायें स्वीकृत की गयी हैं। इस धनराशि में से एक करोड़ 20 लाख रुपये अवस्थापना सुविधाओं के लिए जारी कर दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि अयोध्या के मसूदा विकासखंड के ग्राम अबानपुर सरोहा में ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत थीमेटिक गेट एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 60 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। स्वीकृत राशि में यात्री शेड, कॉमन टॉयलेट, सैन्ड स्टोन फ्लोरिंग, स्टोन बेंच, गेट, साइनेज एवं सोलर लाइट का कार्य व पर्यटक सुविधाएं आदि विकसित की जाएंगी।

मंत्री ने बताया कि अयोध्या की पवित्र भूमि पर महंत रामदीन दास करीब 150 वर्ष पूर्व आए थे। उन्होंने यहीं तपस्या की थी। इसलिए यह कुटी तपोस्थली के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर धार्मिक एवं पौराणिक है। यहां वर्ष में कई मेलों का आयोजन होता है, जिसमें स्थानीय, क्षेत्रीय एवं ग्रामीण लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। दीपोत्सव, चैत राम नवमी, सावन झूला मेला एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहता है।

उन्होंने बताया कि पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनायें हैं। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने जनपद के कम से कम एक अथवा अधिक पर्यटन स्थलों को पर्यटन मैप पर लाने का प्रयास कर रही है।

श्री सिंह ने बताया कि अयोध्या के नगर पंचायत खिरौनी सुचिता गंज सोहावल के पर्यटन विकास के लिए, भी लगभग एक करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिसमें लगभग 60 लाख जारी किए गए हैं। इस धनराशि में यात्री शेड, शौचालय, इण्टरलाकिंग, ड्रिंकिंग वाटर, पोस्ट स्टोन बेन्च, साइनेज, सोलर लाइट एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। ज्ञात हो, ज्वाला माता मंदिर एक प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल है। यहां हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, मंदिर में विशेषकर नवरात्रि के दौरान भव्य आयोजन होते हैं।

# योगी ने बच्चों के साथ बापू को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। योगी ने भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया।

इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, बापू के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी नए भारत-विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पित हों।

मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों 'रघुपति राघव राजाराम...', वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

## खबरें एक नजर में

### नर्सिंग अटेंडेंट के साथ ससुर, जेठ व ननदोई समेत चार लोगों ने किया गैंगरेप, विरोध पर पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमतीनगर स्थित अस्पताल से लौट रही महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ उसके ससुर, जेठ व ननदोई समेत चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर से की। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसीपी गोसाईगंज किरन यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। अर्जुनगंज इलाके की रहने वाली महिला गोमतीनगर स्थित एक अस्पताल में नर्सिंग अटेंडेंट है। पीड़िता ने बताया कि सुल्तानपुर के हनुमानगंज क्षेत्र निवासी युवक से प्रेम विवाह किया था। युवती ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी की रात करीब 7.15 बजे वह अस्पताल से वापस लौट रही थी। प्लासियो मॉल के पास ऑटो से उतर कर वह पैदल घर की तरफ जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में उसके ससुर, चचिया ससुर व ननदोई अपने एक साथी के साथ मिलकर जबरन जंगल में खींच ले गए और सभी ने उसके साथ घिनौनी हरकत की। विरोध करने पर मारपीट करने में साथ ही आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रबड़ फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित एक रबर फैक्ट्री के गोदाम में अचानक लग गई। जिसकी वजह से वहां पर अफरातफरी मच गई। आग अपने विकराल रूप को धारण करती कि सरोजनी फायर स्टेशन से 3 गाड़ियों ने मात्र 10 मिनट में पहुंचकर आग को काबू करने में लग गई और कुछ मिनटों में ही आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। जानकारी मिली है कि 30 जनवरी को समय 15 :21 बजे फायर स्टेशन सरोजनी नगर कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुआ कि आरएन रबर प्रा.लि.कम्पनी मुरली विहार, शांतीनगर,नादरगंज अमौसी के गोदाम में आग लग गयी है। सूचना प्राप्त होते ही सरोजनी नगर फायर स्टेशन से 3 यूनिट गाड़ियां तत्काल घटनास्थल के लिए निकली और सीमित समय पर पहुंचकर अपने कार्य में लग गईं और आग पर पूरी काबू पा लिया गया। निरीक्षक सुमित जादौन ने बताया कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### स्कूल की मनमानी से कालोनी में भर रहा पानी



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने की राह में करोड़ों रुपए सफाई व्यवस्था पर खर्च हो रहे हैं। साथ ही सरकारी कार्यक्रमों में स्मार्ट सिटी के दावे और तस्वीरें खबरों का केंद्र बन रही है। मगर विभाग सिर्फ सत्ता को खुश करने और मोटी कमाई के चक्कर में लगे हैं। शिकायतों पर आज भी सिर्फ लोगों को आश्वासन और ढांढस ही मिल रहा है। लखनऊ के प्रदर्शिनी कालोनी, सीतापुर रोड जो लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित है, में अधिकांश लोग बुद्धजीवी वर्ग के रहते हैं। कालोनी में स्थित एसटी जोसेफ स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से कालोनी की सड़कों पर पानी भर रहा है। जिससे लोगों के मकानों की नींव में पानी घुस रहा है। कालोनी 2/17, सेक्टर बी की डॉ रेहाना हुदा द्वारा शिकायत पत्र मंडलायुक्त को देकर कई माह पूर्व शिकायत करते हुए बताया था कि पानी निकासी के बाद भी सेन्ट्रल अस्पताल और सेन्ट जोसेफ स्कूल व मंदिर के पड़ोस में रखी पानी की टंकी से पानी आवश्यकता से ज्यादा बहाया जा रहा है। कालोनी के सीवर ब्लाक होने के कारण पानी बारिश के पानी के लिए बनी नालियों में भर रहा है। साथ ही क्षेत्र के पानी निकासी की समस्या है जिस कारण पानी सड़क और नालियों में भर रहा है। जब कि स्कूल प्रबंधन ने अपनी दीवार के पास की नाली बंद कर रखी है। जिससे पानी दूसरी ओर स्थित मकानों की ओर भर रहा है। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय पार्षद व विधायक से की मगर कोई सुनने को तैयार नहीं है। इसी कारण मंडलायुक्त को शिकायत पत्र देकर अपनी शिकायत की थी। जिनके बाद क्षेत्रीय जोनल अधिकारी नगर निगम से आकर सर्वे कर चले गए मगर समस्या जस की तस है।

# सरकार ने जितना प्रचार किया, इंतजाम अच्छे होते तो घटना न होती : अखिलेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**▸ 25 लाख कम है सरकार को और मदद करनी चाहिए**
**▸ सरकार महाकुंभ हादसे में जीवन गंवाने वालों की सूची करे जारी**



उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महाकुंभ हादसे को लेकर एक बार फिर योगी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकार ने जितना प्रचार किया, उतना इंतजाम नहीं किया। इंतजाम अच्छे होते तो शायद यह घटना न होती।

आर्थिक मदद को लेकर उन्होंने कहा कि 25 लाख कम है सरकार को और मदद करनी चाहिए। आगे यादव ने कहा कि महाकुंभ में जिन लोगों के अपने बिछड़ गये हैं, सूचना के अभाव में उनके अंदर ये आशंका जन्म ले रही है कि कहीं उन्होंने अपने परिवार, परिजनों को हमेशा के लिए तो नहीं खो दिया है। इस आशंका को दूर करने के लिए एक सरल उपाय ये है कि सरकार महाकुंभ हादसे में जीवन गंवाने वालों की सूची जारी कर दे। यदि मृतक चिन्हित नहीं हैं तो उनके वस्त्र-चित्रादि माध्यम से पहचान कराई जाए।

इस प्रयास से आशंकाओं का उन्मूलन होगा और तीर्थयात्रियों में इस आशा का संचार होगा कि उनके अपने खोए जरूर हैं, पर सद्प्रयासों आज नहीं तो कल मिल ही जाएंगे। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मंगलवार देर रात पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है। घटना के लगभग 16 घंटे बाद बुधवार देर शाम पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) वैभव कृष्ण ने मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भगदड़ में कुल 90 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 30 की मौत हो गयी।

उन्होंने बताया कि 25 मृतकों की पहचान हो गयी है और बाकी की पहचान की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में कर्नाटक के चार, असम और गुजरात के रहने वाले एक-एक व्यक्ति भी शामिल हैं। डीआईजी ने बताया कि कुछ लोग घायल हुए अपने परिवार के सदस्यों को लेकर चले गये।

अधिकारी ने बताया कि इस समय 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है। कृष्ण ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिस पर अगर कोई व्यक्ति लापता है तो उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस हादसे में मृतक के परिजनों के प्रति सीएम योगी ने गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही मृतक के परिवारजनों को 25- 25 लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की है।

# तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान से सम्मानित होंगे प्रो. राजा राम जैन

**▸ पर्यटन मंत्री करेंगे छह जैन विभूतियों का सम्मान**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जैन विद्या शोध संस्थान के 34 वें स्थापना दिवस पर निजी सहयोग से छह जैन विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान से प्रो.राजा राम जैन (नोएडा), तीर्थंकर महावीर अहिंसा सम्मान से डॉ. पत्रिका जैन (लखनऊ), आचार्य कुन्दकुन्द सम्मान से डॉ. सचिन्द्र जैन (अलीगढ़), भरत चक्रवर्ती सम्मान से डॉ. ज्योति जैन (मुजफ्फरनगर), गणेश प्रसाद वर्णी श्रुत आराधक सम्मान से डॉ. पंकज जैन (भोपाल) और श्रुत संवर्धन सम्मान से जैन अमन अकलंक को सम्मानित किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि उप्र संस्कृति विभाग के तहत जैन विद्या शोध संस्थान का संचालन हो रहा है। शोध संस्थान के 34 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 31 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे संस्थान के प्रांगण में किया गया है। जैन विद्वान विभूतियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने के उपरांत युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें भी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# रेल मण्डल ने सभी व्यवस्थाओं को कुशलतापूर्वक किया संचालित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



महाकुंभ के अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण दिन मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के अवसर पर देश विदेश से भारी संख्या में प्रयाग आने वाले रेल और तीर्थयात्रियों को सुखमय और यादगार यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा अपने व्यापक प्रबंध एवं उचित संयोजन व्यवस्था के साथ यात्रियों को अपनी संकल्पित और समर्पित सेवाएं प्रदान करने में पूरे मनोयोग से लगा रहा। मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन में आज के दिन प्रयाग जं. तथा फाफामऊ जं. स्टेशन पर संचालित की जाने वाली कार्यवाहियों का मंडल रेल प्रबंधक ने स्वयं सभी व्यवस्थाओं की कमान संभाल रखी एवं उनके द्वारा सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को समय समय पर जरूरी दिशा-निर्देश पारित किए जाते रहे।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का आज राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

**▸ देश के सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश, चण्डीगढ़ और राजस्थान में बिजली के निजीकरण के निर्णय के विरोध में 31 जनवरी को देश भर में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज उप्र के सभी जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया और मोमबत्ती जुलूस निकाला।

नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के निर्णय के अनुसार उप्र, चंडीगढ़ और राजस्थान में बिजली के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया के विरोध में देश के सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ के विद्युत विभाग को गोयनका ग्रुप की एमिनेंट इलेक्ट्रिक कम्पनी को 01 फरवरी को सौंपने की तैयारी चल रही है। जिससे पूरे देश के बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। ध्यान रहे कि उप्र के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को घाटे के नाम पर बेचने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी ओर मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ के बिजली विभाग की 22 हजार करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को मात्र 871 करोड़ रुपए में बेचा गया है।

इस क्रम में राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध सभा हुई और शक्ति भवन पर विरोध सभा के बाद मोमबत्ती जुलूस निकाला गया, साथ ही प्रयागराज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए बिजली कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं का हुनर देखेगा देश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगरा में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में आठ राज्यों के प्रतिनिधि कौशल विकास के नए आयामों पर मंथन कर रहे हैं।

कार्यशाला की अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक अभिषेक सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन, आरएसईटीआई और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, आधुनिक कक्षाएं, लैब, आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री और यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को अधिक रोजगारपरक कौशल से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हो रही है।

# महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दो मिनट मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जबकि यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दिल्ली के राजघाट स्थित राष्ट्रपिता की समाधि स्थल पहुंचकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके उनके साथ कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, इमरान मसूद एवं पूर्व सांसद प्रदीप जैन आदित्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### लखनऊ की कैडेट विदुषी सिंह हुईं सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप में लखनऊ की कैडेट को सम्मानित किया गया। 19 यूपी गर्ल्स बटालियन लखनऊ ग्रुप की कैडेट लॉन्स कॉरपोरल विदुषी सिंह को एनसीसी के महानिदेशक द्वारा अत्यंत ईमानदारी समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए डीजी एनसीसी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के तीन लोगों को मिला है, जिसमें कैडेट लांस कॉरपोरल विदुषी सिंह लखनऊ की एकमात्र कैडेट हैं। 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक चले इस कैंप में 17 निदेशालय (संपूर्ण भारत) के कैडेटों ने भाग लिया था। जिसमें लांस कॉरपोरल विदुषी सिंह ने न केवल विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया, बल्कि उन्होंने एक उत्कृष्ट उदघोषिका के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन भी किया। सनद रहे कि बहुमुखी प्रतिभा की धनी कैडेट विदुषी सिंह को इससे पूर्व भारतीय सेनाध्यक्ष की पत्नी द्वारा भी 17 निदेशालयों में से केवल उन्हें ही स्पेशल अचीवर के रूप में सम्मानित किया गया था।

# मित्र ने शाजिशन युवक को बुलाया होटल, करवा दिया जानलेवा हमला

**▸ कांच की बोतल व कांच के गिलास से आशुतोष को किया लहूलुहान, फायरिंग का भी आरोप, मुश्किल से बची जान**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




विभूतिखंड थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात आशुतोष सिंह नामक युवक को उसके ही मित्र सुमित ने फोन कर के The Palatial होटल बुलाया। जहां होटल में बैठकर आशुतोष अपने मित्र सुमित से बातें कर रहा था रूम का दरवाज़ा खुला हुआ था पीड़ित के मुताबिक इसी बीच आदर्श नाम का दबंग अपने 4/5 साथियों के आया और कांच की बोतल से उसके सर पर हमला कर दिया जबतक पीड़ित कुछ समझ पाता दबंगों ने कांच की बोतल और कांच के गिलास से आशुतोष के सिर और चेहरे पर कई वार कर दिए आशुतोष के मुताबिक उसे जान से मारने की नियत से उस पर फायरिंग भी की गई परन्तु फायर मिस हो गई। तभी आदर्श ने आशुतोष का गला दबाते हुए गले में पहने चेन भी छीन ली।

कांच के वार से आशुतोष लहूलुहान होकर वहीं गिर गया पीड़ित को खून से लतपथ देख सभी हमलावर मौके से फरार हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को उपचार के लिए हॉस्पिटल भिजवाया। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने विभूतिखंड थाने पर तहरीर दी प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है।

### अपने अंदर धर्म को उतारना ही असली धर्म

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** 'हेरिटेज ऑफअवध' नामक ट्रस्ट द्वारा एक नाटक 'हत्या' का मंचन संगीत नाटक एकेडमी (एसएनए) के वाल्मीकि रंगशाला, निकट रिजर्व बैंक, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। जिसमें विभिन्न किरदारों ने अपनी कला से दर्शकों को लगातार नाटक से जोड़े रखा। इस नाटक में आरोपी आदर्श तिवारी के पिता की कैंसर के कारण मृत्यु हो जाती है। आरोपी धनाभाव के कारण अपने पिता का सही से इलाज न करा पाने के कारण इतना दुखी हुआ कि वह ईश्वर से ही नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी। नाटक में वकील और आरोपी में जबरदस्त बहस होती है जिसमें वकील इस बात को मानने को तैयार ही नहीं है कि कोई शख्स ईश्वर की ही हत्या कर सकता है। नाटक ने आम जनता को एक संदेश देते हुए कहा कि हमें धर्म को आत्मसात नहीं करना है बल्कि अपने अंदर धर्म को उतारना है जैसे कि कोई व्यक्ति पानी के अंदर उतरता है लेकिन उसकी प्यास तब तक नहीं बुझती है जब तक कि पानी को अपने अंदर न उतारे। इस नाटक की खास बात यह भी थी कि इसमें जज का किरदार निभाने वाले बीडी नकवी वास्तविक रुप से भी जज रह चुके है।

# लखनऊ में 80 बिल्डिंगों के ध्वस्तीकरण की हो सकती है कार्रवाई, नोटिस चस्पा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ में बिना नक्शा स्वीकृत कराये या फिर नक्शा से विपरित बनी करीब 80 बिल्डिंगों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने इस तरह के भवनों को चिन्हित कर नोटिस चस्पा करना आरम्भ कर दिया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शहर के भीतर गलियों एवं मोहल्लों तक में बना दिए गए भवनों की जांच करायी है। इसमें नक्शा का मिलान नहीं हो पाने के कारण चिन्हित भवनों के मालिकों एवं वहां फ्लैटों में रहने वाले लोगों को ध्वस्तीकरण की जानकारी दे दी गयी है।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्राधिकरण के अभियंताओं एवं अधिकारियों को लगाया तो यह जानकारी निकल कर सामने आयी कि वर्तमान समय में जिस भवन को ध्वस्तीकरण के लिए चिन्हित किया जा रहा है, इसमें से ज्यादा बिल्डिंगों को पहले से गिराने के आदेश हो चुके हैं। चौक क्षेत्र में नजमी राजा बाजार, मारूफ खां बाल्दा रोड, मोहल्ला बिलकिस बानो, अजीज रोड, तुलसीदास मार्ग पर बनी बिल्डिंगें, ठाकुरगंज क्षेत्र में शीश महल, नेपियर रोड, आइस फैक्टरी के सामने, तहसीनगंज चौराहा पर बने भवन इसमें शामिल हैं।

इसी तरह नसीम अहमद जरीना खातून जगत नारायण रोड, विजय शंकर 47/1 क्ले स्क्वॉयर, कृष्ण मोहन विडोलिया प्लाट नंबर-41 क्ले स्क्वॉयर कबीर मार्ग सहित महानगर और गोमती नगर क्षेत्रों की तमाम बड़े भवन चिन्हित किए गए हैं।

# महाकुंभ में भगदड़ से गोंडा के तीन श्रद्धालुओं की मौत




**केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना**

प्रयागराज कुंभ मेले में हुए हादसे पर शोक जताते हुए केंद्रीय विदेश,वन,पर्यावरण एव जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने अपने प्रतिनिधि राजेश सिंह को पीड़ित परिवारों के घर भेजा और मंत्री प्रतिनिधि ने मृतक सुरेश कुमार व ननकन के परिवार से मुलाकात की और घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। इस दौरान उनके साथ लक्ष्मणपुर हरवंश निवासी भाजपा आईटी विभाग संयोजक शंशाक मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव, अनूप श्रीवास्तव,पिंकू समेत सहयोगी नरसिंह,बब्बू सिंह बिसेन, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रयागराज के कुंभ मेले में हुई भगदड़ से गोंडा के एक और श्रद्धालु के मौत की हुई है।मृतक की जेब से मिले कागजात से उसकी पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरवंश के रहने वाले सुरेश कुमार के रूप में हुई हैं। पहचान होने के बाद प्रयागराज जिला प्रशा सन ने इसकी जानकारी गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा को दी।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस मृतक के घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। इस सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार की सुबह परिजन एंबुलेंस से शव लेकर गांव लौटे हैं।नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरवंश के निवासी सुरेश कुमार (35) कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। मंगलवार की देर रात हुई भगदड़ में भीड़ ने उन्हें कुचल दिया और उनकी मौत हो गयी।मेडिकल कालेज में मृतक सुरेश का शव रखा गया था लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी थी।

तलाशी के दौरान मृतक सुरेश की जेब से मिले कागजात से उनकी पहचान हुई। इस पर प्रयागराज प्रशा सन ने जिलाधिकारी को घटना की जानकारी दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक के घर पहुंचकर हादसे की खबर दी और परिजनों को प्रयाग राज भेजा गया। बृहस्पतिवार की सुबह परिवार के लोग सुरेश कुमार का शव लेकर गांव लौटे तो परिवार में कोह राम मच गया।इसके पहले प्रयागराज महाकुंभ में हादसे में जिले के रहने वाले दो श्रद्धालुओं ननकन निवासी रुपईडी ह और तरबगंज के शीशौ निवासी राम नरेश के मौत की पुष्टि हो चुकी है।

# बिना कार्य कराए लिया भुगतान, जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




मामला मनकापुर विकास खंड के उपाध्यायपुर ग्रेंट का है जहां इसी गांव के रहने वाले राम बाबू पुत्र अंगद कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आई जी आर एस संख्या 400183240660 के माध्यम से राम नारायण के घर से विजय कुमार के घर तक इंटरलाकिंग के नाम पर भुगतान लिए जाने की शिकायत विगत वर्ष जुलाई 2024 में दर्ज कराई। शिकायत के निस्तारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी गोंडा ने खण्ड विकास खण्ड अधिकारी मनकापुर को निर्देशित किया था। एडीओ पंचायत मनकापुर राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायत की जांच की गई जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसकी रिपोर्ट भी प्रेषित की गई फ़िर भी कार्यवाही के नाम पर शून्य। शिकायत कर्ता का आरोप है कि विगत छह माह से शिकायत पर कार्रवाई के संबंध में ब्लाक का चक्कर लगा रहा हूं।

मुझे अब शिकायत उठाने की धमकियां भी मिलने लगीं है। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

सबसे बड़ी बात एक तरफ योगी सरकार ज़ीरो टारलेंस की नीति की बात करती हैं वहीं सही शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।अब देखना यह है कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने पर ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम लगता है या जांच के नाम पर लीपापोती कर दी जाती है। वहीं मामले पर खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि मामले पर सम्बन्धित सचिव को नोटिस दी गई है जबाब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पट्टाधारक की जमीन पर दबंगो का कब्जा करने का प्रयास

- राम बहादुर सिंह की मृत्यु के बाद अब मृतक के पुत्र पृथ्वी राज सिंह का कब्जा है
- मना करने पर मारने पीटने को तैयार रहते है

**धानेपुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

सदर तहसील के विशम्भुर मे पट्टे की जमीन पर दबंग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर तहसील के विशम्भरपुर मे राम बहादुर सिंह को वृक्षारोपण हेतु 22-5-2008को गाटा संख्या 852मि मे 0.162हे. का पट्टा मिला था कई पेड़ लगे है। राम बहादुर सिह की मृत्यु हो चुकी है। अब मृतक के पुत्र पृथ्वी राज सिंह का कब्जा है। उक्त जमीन के चारो ओर ठाडा गाड़ कर तार लगा दिया था। पृथ्वी राज सिंह ने आरोप लगाया कि मेरे पट्टे की जमीन पर जबरन रानू सिंह, भानू सिंह व राहुल सिंह ग्राम वासी जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। मना करने पर मारने पीटने को तैयार रहते है कुछ छोटे पेड़ो को उखाड़ दिया। जिसकी शिकायत एसडीएम गोण्डा, थाना धानेपुर व हल्का लेखपाल से किया। न्याय नहीं मिला पीड़ित 2023से दौड़ रहा है। विवश होकर मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत किया कार्यवाही होती है या नहीं।

# पीड़ितों को कार्यवाही के नाम पर दिलासा दे रहे जिम्मेदार

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

- महीनो बीतने के बाद भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण, विभाग के जिम्मेदार सरकार के दिशा निर्देशों की उड़ा रहे धज्जियां

जनपद में भले ही 2 फरवरी को सूबे के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का आगमन हो रहा हो लेकिन मनकापुर में पूर्ति विभाग की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। और पूर्ति विभाग अपने बिगड़े ढर्रे को छोड़कर सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। और पीड़ितों की शिकायतों को विभाग बार बार नजरअंदाज करते हुए जांच के नाम पर महीनो झांसा देकर सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति पर धक्का लगाने में लगा है।इसी क्रम में विकासखंड मनकापुर अंतर्गत उचित दर विक्रेता चौबेपुर के विरुद्ध गांव के करीब 10 लोगों ने शपथ पत्र व प्रार्थना पत्र प्रधान के साथ देकर के उचित दर विक्रेता पर गंभीर आरोपों को लगाते हुए तहसील मनकापुर में शिकायत की थी।लेकिन करीब 2 महीने से अधिक बीतने के बावजूद भी पूर्ति विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रही,जबकि संबंधित विभाग के ए आर ओ ने मौके पर जाकर जांच की और जांच में पीड़ितों ने अपने बयान एफिडेविट के अनुसार दर्ज कराते हुए आरोपो की पुष्टि भी कर दी।उसके बावजूद कार्यवाही के नाम पर जांच का झांसा देकर विभाग द्वारा निजी स्वार्थों के चलते कोटेदार के साथ हाथ धुला जा रहा है।और पीड़ितों को मायूस होकर राशन के नाम पर गम खानी पड़ रही है। इस संबंध में चौबेपुर के ग्राम प्रधान सहित शिकायतकर्ताओं का कहना है कि हम लोग लगातार महीनों से अब तक संबंधित कोटे से राशन नहीं मिल रहा है। जिसका साक्ष्य देने की जरूरत नहीं है, स्वत~ मेरा अंगूठा लगा है कि नहीं पूर्ति विभाग जा करके जांच कर सकता है।इससे अधिक साक्ष्य क्या हो सकता है। वहीं इन सब बातों के को लेकर के जब ए आर ओ मनकापुर रामशरन से पूछा गया कि किसी शिकायतकर्ता की शिकायत को निस्तारण करने की समय सीमा का कोई बाउंडेशन है, कि चाहे जब तक जांच के नाम पर लटकाया जा सकता है,तो उन्होंने बताया कि शिकायत निस्तारण की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। और अभी जांच की जा रही है, जब आरोपो की पुष्टि होगी आरोप सिद्ध होंगे तभी कार्यवाही होगी। संबंधित कोटेदार को एक बार नोटिस दिया गया था उसका जवाब नहीं आया, दूसरी बार फिर कोटेदार को नोटिस दी गई है, व्हाट्सएप पर मुझे वह नोटिस का जवाब दिखा रहा था। लेकिन अभी तक मुझे प्राप्त नहीं हुवा है। अब प्रश्न का विषय है कि 2 महीने से भी अधिक व्यतीत होने पर यदि कार्यवाही न हो तो उसमें दोष किसका मान जाए ऐसे तमाम अनसुलझे प्रश्न बार-बार पूर्ति विभाग को घेरे में लेते रहे लेकिन स्थानीय जिम्मेदारों के आंखों से पानी मर चुके हैं, जिससे टस से मस होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वही इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने बताया कि यदि मेरी बातों को नहीं सुना गया और आरोप सिद्ध होने के बावजूद समुचित कार्यवाही नहीं की गई,तो 2 तारीख को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत होकर कार्यवाही की मांग उठाऊंगा।



# एसपी ने न्यायालय में सीसीटीवी मॉनीटरिंग कक्ष का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने न्यायालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के मॉनीटर कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता और सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया गया। एसपी ने निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले सभी लोगों की निगरानी रखी जाए, सीसीटीवी फुटेज का रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से रखा जाए ताकि आवश्यकता पड़ने की स्थिति में आसानी से प्राप्त किया जा सके। एसपी ने न्यायालय परिसर में ड्यूटी पर लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारी को न्यायालय परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहने के निर्देश दिये गये।

# खिचड़ी भोज से सामाजिक समरसता का दिया संदेश

- अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह पर हुए कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह पर ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर में समरसता सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरसी पर सम्पन्न हुए एकता भोज में समरसता की बयार बही। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला पदाधिकारियों समेत सैकड़ो स्थानीय लोग शामिल हुए व सहभोज का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय व जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह ने संघ संस्थापक डा. केशव हेडगेवार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात कार्यक्रम के उद्देश्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सहभोज के माध्यम से सामाजिक समरसता बढ़ती है। इसमें सभी लोगो की सहभागिता इसे सफल बनाती है। ऐसे आयोजन संपूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते है। इस अवसर पर विभाग कार्यवाह अम्बिका, सहविभाग संघचालक कृष्णानंद, कैसरगंज वि.स. प्रभारी गौरव वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, बीईओ मिहीपुरवा डॉ अजीत सिंह, बीईओ चित्तौरा अनुराग मिश्र, बीईओ पयागपुर कमलेश मिश्र, बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह, बीईओ फखरपुर राकेश कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी, प्रदीप त्रिपाठी, खंड कार्यवाह फखरपुर वरुण, खंड कार्यवाह हुजूरपुर विवेक, मंडल अध्यक्ष फखरपुर अभिषेक शुक्ल, कवि संतोष सिंह समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने वितरण किया मेडिसिन किट, फल एवं कंबल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम बहराइच में निवासरत कुष्ठ रोगियों को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी बहराइच की अध्यक्ष जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा मेडिसिन किट फल एवं कंबल वितरण आदि कार्यक्रम सकुशल आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय शर्मा, जिला कुष्ठ रोग नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर पी के वर्मा, डॉ विनय श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, रितेश सिंह, राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने कुष्ठ निवारण दिवस पर बांटे मरीजों को फल, बर्तन व कंबल

- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अवसर पर टीवी मरीजों को डीएम ने पोषण पोटली का किया वितरण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कुष्ठ सेवा केंद्र बहराइच रोड गोंडा में कुष्ठ निवारण दिवस/ शहीद दिवस के अवसर पर जनपद के कुष्ठ रोग के मरीजों को फल, बर्तन, साबुन, कंबल, चप्पल आदि सामग्री का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। वहीं वितरण के दौरान सभी मरीजों को कुष्ठ रोग निवारण की दवा भी वितरित की गई, साथ ही मरीजों को दवा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, कार्यक्रम के दौरान स्पर्श कुष्ठ रोग निवारण जागरूकता अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया है कि इस रैली के माध्यम से जनपद के अन्य जन सामान्य लोगों को कुष्ठ रोग निवारण के संबंध में जागरूक किया जाएगा, तथा इसकी दावों का बराबर सेवन करके कुष्ठ रोग को दूर भगाया जाएगा। भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन-धारण किया गया।

इस मौके पर सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने अमर शहीदों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। गुरुवार को कलेक्ट परिसर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अवसर पर जनपद के टीवी मरीजों को स्वयं सहायता समूहों (अरगा) के द्वारा तैयार किए गए पोषण पोटली का डीएम ने किया वितरण। जनपद के टीवी मरीजों को विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा गोद लिया गया और यह संकल्प लिया गया उनके द्वारा की इन मरीजों की दवा एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखते हुए सभी मरीजों को टीवी से मुक्त किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, अपर उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जय गोविंद सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मनमोहन अरोड़ा सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के उपस्थित रहे।

# आठ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का हुआ मूल्यांकन

- एनक्रास में डीहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुआ पास, जल्द ही दूसरे केन्द्रों का आएगा परिणाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



**ऐसे होता है एनक्रास प्रमाणन**

डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस, डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि एनक्रास प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य इकाइयों को आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन में खरा उतरना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रति पैकेज 18,000 की दर से सात पैकेज की धनराशि केंद्रों को दी जाएगी, जिसका उपयोग सुविधाओं को और बेहतर बनाने में किया जाता है। यह प्रमाणन तीन वर्षों तक मान्य रहता है। उन्होंने बताया वर्ष 2025 तक 200 इकाइयों के प्रमाणन का लक्ष्य है , पहले चरण में 48 आरोग्य मंदिरों को शामिल किया गया है, इनमें 4 केन्द्रों पर सफलता मिल चुकी है, 7 केन्द्रों का परिणाम आना बाकी है। शेष 37 केंद्रों में जन आरोग्य समिति के माध्यम से भवन मरम्मत, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं का कार्य चल रहा है।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2025 तक 200 आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्रास) के तहत प्रमाणित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रमाण पत्र केवल उन्हीं इकाइयों को प्रदान किया जाता है जो मरीजों के इलाज और देखभाल के हर मानक को पूरा करती हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को घर के नजदीक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई निजी अस्पतालों या अप्रशिक्षित डॉक्टरों पर खर्च करने के बजाय परिवार के कल्याण में निवेश कर सकें।सीएमओ, डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि बीते मंगलवार को एनक्रास प्रमाणन के लिए जिले के आठ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का केन्द्रीय टीम द्वारा बाह्य मूल्यांकन किया गया था। इनमें बलहा का मंझौवा भुलौरा, चित्तौरा का डीहा, हुजूरपुर का कटघरी और बसंतपुर, जरवल का परसोहर, पयागपुर का मनिकापुर कला कुशभौना, नवाबगंज का सत्तीजोर और शिवपुर ब्लॉक का कोटवा शामिल था। इसमें चित्तौरा का डीहा 76.21 प्रतिशत स्कोर पाकर एनक्रास प्रमाणन के लिए योग्य पाया गया, शेष इकाइयों का परिणाम आना अभी शेष है। सीएमओ ने बताया इन स्वास्थ्य केन्द्रों की 12 प्रकार की सेवाएं जिनमें मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, सामान्य बीमारियों का उपचार, संचारी और गैर-संचारी रोग, आकस्मिक उपचार और संक्रमण नियंत्रण जैसी सुविधाओं को परखा गया। इसके आलावा केंद्र की स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, मरीज संतुष्टि, रिकॉर्ड प्रबंधन और चिकित्सा प्रक्रियाओं की गुणवत्ता राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जांची गयी। पूर्व में तीन केंद्र कुड़वा, मदरहा और परसेण्डी पहले ही एनक्रास प्रमाणित हो चुके हैं और ग्रामीणों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ**

जिलाधिकारी, मोनिका रानी ने कहा एनक्रास प्रमाण पत्र मिलने के बाद इन केंद्रों की सेवाएं और अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण होंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को घर के पास बेहतर इलाज मिलेगा, जिससे उनका समय और धन दोनों की बचत होगी।

# पुलिस पर भड़का नागा साधु हंगामा कर लगाया सड़क पर जाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के मटिहा मोड़ में एक धार्मिक झंडा को पुलिस पर उतारने का आरोप लगा है। इससे नाराज नागा साधु ने हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के मटिहा मोड़ में एक जमीन है, जिस पर साधु रहते हैं। वहीं पर उनका धार्मिक झंडा लगा हुआ है।उसी के पास कब्रिस्तान की भी जमीन है, जिस पर विवाद चल रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान पति की शिकायत पर बुधवार को पुलिस पहुंच गई। एक उप निरीक्षक ने धार्मिक झंडा उतार दिया। इससे विवाद शुरू हो गया। नागा साधु ने अन्य की मदद से रामपुर धोबियाहार मार्ग जाम कर दिया।सड़क पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस पर उप निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर समझाया बुझाया। नागा साधु ने माफी मांगने की बात पर जाम हटाया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। इस मामले में थानाध्यक्ष आरके पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोई विवाद नहीं हुआ। सब मामला शांत हो गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा, लगाया जुर्माना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने एक आरोपी को बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दो अन्य आरोपियो को एक-एक वर्ष सजा सुनाई है।विशेश्वरगंज थाना के एक गांव निवासी महिला ने 11 मई 2022 को थाने पर तहरीर दी थी।

तहरीर में महिला ने कहा था कि उसकी आठ वर्षीय बेटी रात दस बजे घर के बाहर सो रही थी। इसी दौरान अमराई गांव निवासी राजू ने बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। महिला ने बताया कि बेटी के शोर मचाने पर जब बाहर निकली, तब आरोपी मौके से भाग गया था। इसके बाद महिला आरोपी के परिजनों से उसकी शिकायत करने गई थी। इस दौरान आरोपी के पिता तुलसीराम व हनुमान ने बेटे का पक्ष लेते हुए उससे अभद्रता की थी।इसके साथ ही मुंह बंद रखने की बात कहते हुए उसे धमकाया गया था।हालांकि, महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस ने साक्ष्यों और पीड़िता के बयानों के साथ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। बुधवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट पर सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर विशेष शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद कोर्ट दुष्कर्म समेत अन्य मामलों में राजू को दोषसिद्ध करते हुए बीस बर्ष के करावास की सजा सुनाई है।कोर्ट ने राजू को 60 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त करावास की सजा भुगतना होगा। वहीं कोर्ट ने गाली गिलौज व जान से मारने की धमकी के आरोप में तुलसीराम व हनुमान को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाते हुए दस-दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनो आरोपियों के एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

# नुक्कड़ नाटक कर एनटीडी रोगों के प्रति किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में गुरुवार को उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (एनटीडी) दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला में इन बीमारियों की रोकथाम, इलाज और जागरूकता पर चर्चा की गई। साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि एनटीडी दिवस हर साल 30 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इनके उन्मूलन के लिए कार्रवाई को प्रेरित करने का अवसर है।

उन्होंने बताया कि यह रोग अक्सर कम ध्यान का केंद्र बनते हैं, जबकि इनमें से अधिकांश रोकथाम और उपचार योग्य हैं। यदि समय पर इलाज न मिले, तो ये विकलांगता, विकृति या मृत्यु का कारण बन सकते हैं। एनटीडी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता और सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। सरकार इनके उन्मूलन के लिए दवा वितरण, जांच और जागरूकता कार्यक्रम चला रही है।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राना ने बताया कि डेंगू, चिकनगुनिया, ड्रैकुनकुलियासिस, लीशमैनियासिस, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, रेबीज, मिट्टी से फैलने वाले हेल्मिंथियासिस, सांप के काटने की घटनाएं, ट्रेकोमा आदि एनटीडी श्रेणी में आते हैं। ये रोग बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी, कवक और विषाक्त पदार्थों के कारण होते हैं और त्वचा, आंखों तथा अन्य अंगों को प्रभावित कर सकते हैं। उचित स्वच्छता, साफ पानी और नियमित स्वास्थ्य जांच से इनसे बचाव संभव है। उन्होंने गांवों और शहरों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत पर जोर दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि एनटीडी मुख्य रूप से गरीब और वंचित समुदायों को प्रभावित करते हैं और इनके कारण स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

**हर नागरिक एनटीडी रोगों से बचाव के लिए रहे जागरूक**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपील की कि हर नागरिक एनटीडी रोगों से बचाव के लिए जागरूक रहे और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाए। उन्होंने साफ-सफाई, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर इलाज को प्रभावी उपाय बताया। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सामुदायिक संगठनों से मिलकर इन रोगों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियानों में सहयोग करने की अपील की।

# राज्य मंत्री ने सफाईकर्मियों का किया सम्मान और गरीबों को बांटें कंबल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड अमावा में स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन मे पहुंच कर कंबल वितरण किया एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अमावा ब्लाक पहुंचकर जहां पंचायत प्रतिनिधि में आए प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया तो वही कंबलों का भी वितरण किया। सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र व माला पहनकर उनका स्वागत और सम्मान किया दिनेश प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आज आम जनमानस सुरक्षित है वही योगी और मोदी मिलकर विकास की नई गाथा लिख रहे हैं और भारत देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम कर रहे हैं हम सभी को उनका साथ देकर भारत को नहीं ऊंचाइयों पर पहुंचने में अहम भूमिका अदा करनी चाहिए। इस मौके पर ओरीलाल प्रधान चकदादर, मंजेश सिंह मंडल अध्यक्ष अमावा, वीरेंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, बृजेश सिंह प्रधान रसहेता, चंद्रभान सिंह प्रबंधक धुन्नी सिंह इंटर कॉलेज, दिनेश सिंह प्रधान घूराडीह, सत्यम सिंह आदमपुर, इंद्रदेव सिंह, दीपू पांडे प्रधान, शाहिद प्रधान, रमाकांत सिंह प्रधान, अनूप द्विवेदी, अजय गुप्ता बीडीसी, मुन्ना सिंह लालूपुर, मंटू सिंह, विजय राज पहरेमऊ, अवधेश प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, नीरज प्रधान, दशरथ प्रधान बघेल, मुकेश बीडीसी, मदन चौधरी बीडीसी, राजेंद्र सिंह प्रधान दुसौती, संतोष सिंह प्रधान बहादुर नगर, राजन प्रधान समरहदा, राजेंद्र प्रधान, राज बहादुर प्रधान रुकनपुर, सुनील खान अमावा मौजूद रहे।



# नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित कर मानाया जन्मोत्सव

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट दिया गया।सलोंन विकासखंड के एएनएम सेंटर सूची में जिला प्रोबेशन अधिकारी जेपी वर्मा के नेतृत्व में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के अंतर्गत नवजात शिशुओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाने के साथ नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट वितरण किया गया।महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना जैसी सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर पंपलेट बांटे गए।वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह द्वारा महिलाओं से संबंधित समस्याओं के लिए विधिक जानकारी दी गई।पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।कार्यक्रम का संचालन प्रभारी मीना मंच बेसिक शिक्षा एस.एस.पाण्डेय ने किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के आयोजन में 35 बेबी किट 6 माह तक की बच्चियों के माताओं को दिया गया।साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई हैं। इस मौके पर रीता यादव, अर्चना मिश्रा, कमलेश मिश्रा, स्वदेश कुमार, सावलराम मीना, बालेश्वर त्रिवेदी, दुन्नीलाल निगम, विजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।



## मनाई गयी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गांधी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनको सादर नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका दिव्या बलेचा ने बापू जी के जीवन से संबंधित अनेक रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि गांधी जी जैसा व्यक्तित्व शायद ही



धरती पर कभी जन्म ले। जिन्होंने बिना अस्त्र-शस्त्र उठाए अहिंसा के बल पर देश की आजादी में अहम् भूमिका निभाई। उन्होंने अपने असाधारण कार्यों एवं अहिंसावादी विचारों से पूरे विश्व की सोच बदल दी। 30 जनवरी 1948 को जब गांधी जी दिल्ली स्थित बिड़ला मंदिर से अपनी संध्या प्रार्थना समाप्त कर बाहर निकल रहे थे, उसी समय नाथूराम गोड्से ने उनके सीने पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलाईं। गोली लगते ही गांधी जी जमीन पर गिर पड़े और उनका निधन हो गया। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी श्रद्धापूरित मन से उनको शत-शत नमन करते हैं। अंत में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी ने सत्य अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। वे दुनिया भर में अहिंसा के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। आज बापूजी भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपने अनमोल विचारों से वे सदैव जीवित रहेंगे। उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उनको कोटि-कोटि नमन करते हैं।

# गाड़ियों की बुकिंग कर लूटपाट करने वाला गिरोह गिरफ्तार

- गाड़ी बुकिंग के नाम पर आरोपी करते हैं लूटपाट
- लखनऊ, बाराबंकी, बिहार, रायबरेली के रहने वाले बताए जा आरोपी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। लखनऊ से सुल्तानपुर जा रही आर्टिगा कार की लूट के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र का था जहां 6 जनवरी 2025 को तीन लोगों ने लखनऊ से सुल्तानपुर जाने के लिए एक अर्टिगा कार बुक कराई कुछ दूर चलने के बाद उनके तीन और साथी कार में सवार हो गए गाड़ी जैसे ही जगदीशपुर पहुंची वैसे ही उनमें से एक युवक ने ड्राइवर हबीब की कनपटी पर असलहा लगा दिया और उसके हाथ पैर बांध दिया उसके बाद एक युवक खुद गाड़ी चलाने लगा और रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र में बटोही रेस्टोरेंट के पास ड्राइवर को फेंक कर गाड़ी लेकर फरार हो गये ड्राइवर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर के विवेचना शुरू की इस घटना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया था पुलिस अधीक्षक ने मामले के खुलासा के लिए हरचंदपुर पुलिस के साथ-साथ एसओजी की टीम भी लगाई थी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बुकिंग करकर गाड़ी लूटने वाले 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया पकड़े गए अभियुक्त लखनऊ बाराबंकी बिहार पर रायबरेली के रहने वाले हैं गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने दो तमंचा व कारतूस बरामद करने के साथ ही लूटी गई गाड़ी को भी बरामद किया है।



# महाकुंभ स्नानार्थियों ने डलमऊ में किया गंगा स्नान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मंगलवार बीती रात मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ मचने से श्रद्धालुओं की हुई मौत के बाद शासन द्वारा श्रद्धालुओं के महाकुंभ में प्रवेश पर रोक लगा दी थी और महाकुंभ प्रयागराज को जाने वाले सभी वाहनों को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट कर दिया गया जिससे देश के विभिन्न प्रांतो से आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा महाकुंभ में प्रवेश वर्जित किए जाने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने डलमऊ गंगा तट पहुंचकर मौनी अमावस्या का अमृत स्नान किया। इस दौरान जम्मू कश्मीर प्रांत से 35 श्रद्धालुओं का जत्था बस पर सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए निकला था लेकिन प्रयागराज में हुए हादसे के बाद डायवर्सन के चलते डलमऊ पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया जम्मू कश्मीर से आए श्रद्धालु अजय कुमार कृष्ण कुमार कर्तव्य रानी ठाकुर बबीता कटेरिया सानिध्य ने बताया कि वह सभी दो दिन पूर्व जम्मू कश्मीर से प्रयागराज संगम में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान करने के लिए निकले थे लेकिन महाकुंभ में हुई अप्रिय घटना के बाद रोक के चलते हम सभी को डलमऊ क्षेत्र में रुकना पड़ा जम्मू कश्मीर से आए श्रद्धालुओं ने अपनी बस नाथ खेड़ा स्थित गंग नहर के पास में लगाकर रात के खाने का इंतजाम किया और रात्रि विश्राम किया यात्रियों ने बताया कि डायवर्सन व रोक के बाद प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रयागराज हादसे के बाद दिल्ली, अमृतसर, जम्मू कश्मीर, गुड़गांव, राजस्थान, अजमेर, मध्य प्रदेश, केरला, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ देश के अन्य हिस्सों से हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने डलमऊ गंगा तट पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और मौनी अमावस्या के अमृत स्नान का पर्व मनाया हादसे के बाद रूट डायवर्जन के दौरान श्रद्धालुओं एवं पुलिस कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर श्रद्धालुओं को समझा बूझकर शांत कराया गया।



## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच अभियान किया शुरू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आयुष्मान कार्ड व टीबी खोज अभियान के तहत अधीक्षक पी के श्रीवास्तव ऐनम संगीता ऐनम संगीता और सीपीएम शिवाकांत तिवारी की टीम गांव पहुंचकर चौपाल लगाया गांव में लोगों का चेकअप किया गया और उन्हें टीबी रोक के बारे में विस्तार पूर्वक उसके बचाव के बारे में बताया गया। और वही आयुष्मान कार्ड से क्या फायदा होता है इसके बारे में भी बताया गया आयुष्मान कार्ड बीमारियों में सहायक साबित हो रहा है और बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड का जो उपयोग गरीबों के लिए किया गया है वह कारागर साबित हो रहा है। आयुष्मान कार्ड से बड़ी से बड़ी बीमारी को कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक के इलाज मुक्त कर सकते हैं वही टीबी से बचाव और उनसे कैसे निपटा जाए इन सभी बातों को ग्रामीणों के समक्ष बताया गया।

### मिनी स्टेडियम में कान्हपुर करहिया ने जीता फाइनल मैच



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मिनी स्टेडियम सलोन में आशियाना क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ था।जिसमें कान्हपुर करहिया वर्सेस इंजमाम 11स्टार के बीच फाइनल मैच खेला गया। कानपुर करहिया ने 8 ओवरों में 119 रन बनाए जवाब में 11 स्टार ने 96 रन बना पाई जिसमें आदित्य ने बहुत ही अच्छी पारी खेली।18 गेंद 44 रन की आखिरी पारी खेली जो पूरे टूर्नामेंट में सबसे अच्छा प्रदर्शन इंजमाम का रहा। जिन्होंने तीन से चार मैच में 87 रन बनाकर 7 विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सलोन के मिनी स्टेडियम में फाइनल के दिन भारी मात्रा में भीड़ देखने को मिली। जिसमें आशियाना नगर क्रिकेट टूर्नामेंट के कमेटी की तरफ से फाइनल विनिंग प्राइज रु. 31000 व उप विजेता को 21000 रुपए का इनाम दिया गया। विजेता टीम को अध्यक्ष सलोन चंद्रशेखर रस्तोगी ने अपने हाथों से प्राइज दिया। वहीं उपविजेता टीम को सरोजनी कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने दिया। प्रदीप सभासद ने दोनों टीमों को खिलाड़ियों को अपनी तरफ से 22 खिलाड़ियों को ईनाम दिया।मोबीन मूंगफली की तरफ से मैंन ऑफ सीरीज दिया गया। इस मौके पर आकाश सिंह,सुल्ली साहू सिद्दार्थ पासी,टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष मोनू आदि मौजूद रहे।

### विश्व वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर पेटिंग, फोटोग्राफी एवं फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** जिला प्रशासन एंव वन विभाग के सौजन्य से विश्व वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर विश्व वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर बडा परेड ग्राउन्ड, बलरामपुर में आयोजित पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन बडा परेड ग्राउन्ड, बलरामपुर में आयोजित पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बच्चों को वेटलैण्ड के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए वेटलैण्ड को संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया जिसमें बलरामपुर जनपद के अधिकांशत: स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रकार पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 09 विजयी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार के रूप नकद पुरूस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार प्रिया गिरि, एमडीके बालिका इण्टर कालेज बलरामपुर को 5 हजार रुपए , द्वितीय पुरूस्कार दीपाली कसौधन, जेएनवी कालेज बलरामपुर 3 हजार रुपए, तृतीय पुरूस्कार मो. वाजिद खान जीसस एण्ड मेरी स्कूल बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार छवि, बलरामपुर बालिका इण्टर कालेज बलरामपुर को 5 हजार रुपए, द्वितीय पुरूस्कार सकीना, बसन्तलाल इण्टर कालेज, बलरामपुर को 3 हजार रुपए, तृतीय पुरुस्कार दिव्या चौधरी, जवाहर नवोदय विद्यालय, बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तनिष्का, जवाहर नवोदय विद्यालय, बलरामपुर को 5 हजार रुपए, द्वितीय पुरूस्कार अखिलेश, बसन्तलाल इण्टर कालेज, बलरामपुर को 3 हजार रुपए, तृतीय पुरुस्कार सूर्यान्शि, फातिमा स्कूल, बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर, डॉ. एम. सेम्मारन, प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग, बलरामपुर, देवाशीष जीना, प्रशिक्षु भावसे, मनोज कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी तुलसीपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनन्द व आशीष वर्मा, जोआरएफ (वन विभाग) सहित अन्य शिक्षकगण तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत तथा जल जीवन मिशन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं वार्डवासी

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय नगर पंचायत का वार्ड नंबर 9 एक ऐसा मोहल्ला है, जिसे अगर बछरावां का दिल कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। लगभग एक सप्ताह पूर्व तक नगर पंचायत द्वारा बेहतरीन तरीके से पानी की आपूर्ति की जा रही थी, परंतु जल जीवन मिशन वालों ने जिन्होंने बछरावां नगर पंचायत की लगभग एक तिहाई मार्गों को पाइप लाइन डालने के चक्कर में बर्बाद कर दिया है। इस वार्ड में भी पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया लाइन डालते वक्त यह भी ध्यान नहीं रखा कि पहले की पूर्व लाइन कहां पर पड़ी हुई है अपना काम बनाने के चक्कर में इन लोगों ने पुरानी पाइपलाइन को नष्ट कर दिया परिणाम यह हुआ की चूड़ी मंडी सहित अगल-बगल के सारे घरों में जलापूर्ति ठप हो गई। कई दिनों तक किसी ने कोई खोज खबर नहीं ली, लगभग 5 दिन पूर्व जब पानी का रिसाव काफी बढ़ गया तो पता लगाना शुरू किया गया और शिवगढ़ मार्ग पर मिश्रीलाल जैन के मकान के पास से जाने वाले रास्ते पर इंटरलॉकिंग को नष्ट करते हुए जगह-जगह विशालकाय गड्ढे खोद दिए गए परिणाम स्वरुप जहां मुख्य बाजार का आवागमन बाधित हो गया वहीं पेयजल की भारी समस्या उत्पन्न हो गई। जलापूर्ति से पीड़ित लोगों को पूर्व तेज तर्रार सभासद शकील मंसूरी याद आने लगे। ज्ञात हो कि इस मोहल्ले के अंदर चूड़ी मंडी में सभासद शकील मंसूरी द्वारा एक ठंडे पानी का प्याऊ लगवाया गया था और एक इंडियामार्का भी लगा हुआ था परंतु बालू आ जाने के कारण इंडियामार्का तो उखाड़ दिया गया, तुष्टिकरण की राजनीति के चलते नगर पंचायत द्वारा उक्त प्याऊ को भी वहां से हटा दिया गया। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है की मौजूदा सभासद तथा उनके प्रतिनिधि टूटी हुई लाइन के पास कभी देखने तक नहीं आए, मौजूदा समय में इस वार्ड के नागरिक रामभरोंसे हैं यह त्रासदी कब तक रहेगी कुछ कहा नहीं जा सकता।



# ईश्वर हर जगह हैं और भक्तों को सत्कर्म करने चाहिए: सीताराम तिवारी

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के अचलपुर चौधरी के राम जानकी मंदिर प्रांगण में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। संत निरंकारी मिशन के सत्संगों में प्रस्तुत किए जाने वाले विचार और शिक्षाएं मुख्यतः आध्यात्मिक जागृति, मानवता की एकता, और सार्वभौमिक भाईचारे पर केंद्रित होती हैं। मिशन का उद्देश्य सभी मनुष्यों को जाति, धर्म, लिंग या राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। यह निरंकार या निराकार ईश्वर की अवधारणा में विश्वास करता है और इसका उद्देश्य साधकों को उनके धर्म या विश्वासों की परवाह किए बिना ईश्वर प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन करना है। अचलपुर चौधरी में संत निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साधसंगत का आयोजन हुआ।जिसमें अहमदाबाद के महात्मा सीताराम तिवारी ने सतगुरु के विचारों को साझा किया। उन्होंने बताया कि अचलपुर चौधरी जैसा नाम वैसा चल प्रकार स्थिर हो जाना। मानवता के नाम संदेश देते हुए बताया कि सत्संग से जीवन में निखार आता है। इसलिए अपने जीवन में सभी संतों ने सत्संग को महत्व दी है। इस दुनिया में सभी पीर पैगंबर ने अमन चैन प्यार भाईचारे का संदेश दिया है। निरंकारी मिशन द्वारा इस बात को दोहराने का प्रयास किया जा रहा है। ईश्वर हर जगह है। और भक्तों को सत्कर्म करने चाहिए। महत्मा फूलचंद गुप्ता ने सतगुरु के विचारों को साझा किया। उन्होंने बताया कि सतगुरु जीवन जीने का ढंग बताते हैं। इस अवसर पर शिववचन गुप्ता, कैलाश सोनी, कन्हैया, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



## निजी ढाबा के पास खड़े हुए अज्ञात वाहन में पीछे से टकराई कार, आठ घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** हाईवे के किनारे खड़े हुए अज्ञात वाहन से तेज रफ्तार कार की टक्कर हो गई, टक्कर में कार में सवार आठ लोग घायल हुए हैं। तथा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिनमे दो की हालत गंभीर बताई गई है।

घटना बृहस्पतिवार प्रात: 5:00 बजे के आसपास की बताई गई है। जब कार में सवार 8 लोग प्रयागराज से स्नान कर वापस लखनऊ के लिए आ रहे थे। तभी सुबह लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर कोहरा होने के चलते एक निजी ढाबे के पास खड़े हुए अज्ञात वाहन से कार की टक्कर हो गई। टक्कर जोरदार होने के चलते कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। तथा उसमे सवार वंदना अग्रवाल पत्नी विजय कुमार अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल पुत्र श्रीनाथ प्रसाद सिंघल निवासी लाल दरवाजा जिला गाजीपुर, एवं नेहा अग्रवाल पत्नी संदीप अग्रवाल, एवं इनका पुत्र प्रणव अग्रवाल पुत्र संदीप निवासी चौक लखनऊ, लल्लू राम, प्रिया निवासी बुद्धेश्वर मोहनगंज लखनऊ, एवं सिद्धनाथ निवासी उन्नाव सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया जहां सभी का इलाज किया गया है। घायलों में बंदना एवं मधुसूदन की हालत गंभीर बताई गई है जिन्हें डॉक्टर गणनायक पांडे के द्वारा लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

# पंचायत भवन में ताला, सचिव से मिलने को ग्रामीण परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** गांव में पंचायत भवनों के बन जाने के बाद भी सचिव और प्रधान इसमें नहीं बैठते हैं। अधिकांश पंचायत भवनों में ताला बंद रहता है। इससे गांव में ही परिवार रजिस्टर की नकल, प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद अभी सपना ही है। कई बार उच्च अधिकारियों ने सचिव और प्रधान को पंचायत भवनों में बैठने के निर्देश दिए। लेकिन उसे हवा में उड़ा दिया गया ।

ग्राम पंचायत रामपुर अरना में पंचायत भवन बना है। भवन में ताला बंद रहता है। सचिव और प्रधान पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं। ग्रामीणों को मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की नकल आदि के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ता है। पंचायत भवन शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में ऑनलाइन की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सचिव से मिलने के लिए ब्लॉक जाना पड़ता है। एक दिन ब्लॉक में सचिव के मिलने का दिन निर्धारित है। गांव में कब मिलेंगे कुछ पता नहीं है। पंचायत भवन को जिम्मेदार जैसे भूल ही गए हैं। ताला बंद रहता है। पंचायत भवन में सचिव और प्रधान के बैठने का दिन निर्धारित हो जाए। तो लोगों को ब्लॉक का चक्कर ना लगाना पड़े। खंड विकास अधिकारी रेहरा बजार रजनीश कुमार शुक्ला से फोन पर संपर्क करना चाहा तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।



# फुटपाथ पर कारोबार करने को मजबूर मछुआरा समुदाय



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर में वर्षो से मछली बेचने का कारोबार कर रहे मछुआरा समुदाय के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के कार्यालय के सामने स्थित मोहल्ला रफी नगर में वर्षो पुरानी मछली मंडी का निर्माण अब तक नहीं हो सका है, जिससे मछली व्यापारी खुले आसमान के नीचे, फुटपाथ पर बैठकर कारोबार करने को मजबूर हैं।

मछली कारोबारियों का कहना है कि वे अपने पूर्वजों के जमाने से इस स्थान पर व्यापार कर रहे हैं। दूर-दराज से लोग यहां मछली खरीदने आते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश और ठंड के मौसम में सबसे अधिक दिक्कत होती है, जब तेज बारिश होने पर व्यापार बंद करना पड़ता है। स्थानीय मछली व्यापारियों का कहना है कि हर चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि मछली मंडी के निर्माण का आश्वासन देते हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। हाल ही में प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद के उतरौला दौरे के दौरान मछुआरा समुदाय के सुरेश कश्यप और नीरज कश्यप ने उनसे मिलकर मछली मंडी निर्माण की मांग रखी। मंत्री ने इस पर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया था, लेकिन नगर पालिका की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

इस मुद्दे पर आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की अध्यक्षा सविता गुप्ता का कहना है कि नगर के गांधी नगर वार्ड में स्थित पुरानी मछली मंडी के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। वहीं, मोहल्ला रफी नगर के लिए जैसे ही जमीन उपलब्ध होगी, वहां नई मछली मंडी का निर्माण कराया जाएगा। स्थानीय मछली व्यापारियों का कहना है कि जब नगर पालिका के ठीक सामने उनकी पुरानी व्यापारिक जगह है, तो वहीं पर उनके लिए उचित व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द जमीन चिह्नित कर मछली मंडी का निर्माण कराना चाहिए, ताकि वे मौसम की मार से बच सकें और उनका व्यापार सुचारू रूप से चल सके।

# तहसील में अधिवक्ताओं ने शोकसभा कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रयागराज महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के स्नान के दौरान हुई भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिससे पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। इस हादसे को लेकर उतरौला तहसील सभागार में अधिवक्ताओं द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस शोकसभा में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रह्लाद यादव सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और सरकार से भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।







अधिवक्ता इजहरुल हसन ने कहा कि कुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु एकत्र होते हैं, इसलिए वहां सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए थी। मुस्तफा हुसैन ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में हुई चूक के कारण यह दुखद घटना घटी, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

राजमणि तिवारी और राजकुमार मिश्र ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रशासन को भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को और मजबूत बनाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। राकेश श्रीवास्तव और धर्मराज यादव ने सरकार से मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

सभा में मौजूद आशीष कशौधन, मारकंडेय मिश्र और बेनीमाधव तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी ने एकमत से कहा कि सरकार को कुंभ जैसे विशाल आयोजनों में सुरक्षा मानकों को और अधिक सख्त करना चाहिए।

शोकसभा के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि इस त्रासदी में घायल हुए श्रद्धालुओं का समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बेहतर रणनीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। शोकसभा के अंत में सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## विपक्ष का हंगामा कितना सही?

वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य देश में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है, ही वक्फ को मिले असीमित अधिकारों को सीमित भी करना है। किंतु विपक्ष द्वारा इस कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। हंगामा विपक्ष इस कदर करने पर उतारू हो हुआ कि उन्हें हर तरह शांत कराने का प्रयास किया गया और अपनी बात सलीके के साथ रखने का निर्देश दिया गया,किंतु विपक्ष कुछ भी सुनने को तैयार नहीं रहा। आखिरकार 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चल पाई। जिसमें भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के 14 प्रस्ताव पारित कर दिए गए, जबकि विपक्ष के तरफ से रखे गए सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिये गये। जिसमें वक्फ बोर्ड से प्रस्तावित दो गैर मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा, जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं है उनका पंजीकरण शुरू होगा। जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है उनको वापस उनके मालिकों को मिल सकेगी। आरोप लगाया जा रहा है कि यह प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमान के मजहबी इबादतगाहों के स्थलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है और वह संसद से इसकी मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी भी दे रहा है। जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराग करने व गरीब मुसलमान को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। जबकि तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अधिकतर अतिक्रमणों और जबरिया की जा रही अनाधिकृत कब्जेदारियों से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। हालांकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधित विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई है। प्रकाश में उधर ये भी आया है कि वर्ष 2008-09 में देश में वक्फ के पास चार लाख एकड़ जमीन थी किंतु असीमित अधिकार मिलने की वजह से आज वक्फ साढ़े नौ लाख एकड़ से अधिक जमीन पहुंच चुकी है और भारत की तीसरी सबसे बड़ी प्रॉपर्टी वाली संस्था बन चुकी है। इसमें कब्रागाहों के अतिरिक्त मदरसे और मस्जिदों की जमीने बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104 (ए) पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी तरह के गिरवी रखने जैसे पहलुओं को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए असीमित अधिकारों को लेकर लगातार सवाल भी खूब उठाए जा रहे हैं। विपक्ष को अपनी बात सलीके से तर्कसंगत रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी निर्णय किया जाना भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने के बजाय मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जवाब होना चाहिए।

# कैलाश मानसरोवर : समझदारी दिखाएंगे भारत-चीन

**कमलेश पांडेय**

साल 2025 की गर्मियों में भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो जाएगी। दोनों देशों के बीच इस यात्रा को लेकर दोबारा सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। वहीं, विगत पांच वर्षों से थमी हुई इस यात्रा को पुनः शुरू करने के लिए दोनों देश डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने को लेकर भी तैयार हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, एक द्विपक्षीय बैठक में इस आशय की सहमति बनी है।

हालांकि, कैलाश मानसरोवर का जिक्र होते ही सबसे पहले हर किसी के मन में यही सवाल उठता है कि कैलाश मानसरोवर किसका है? जब भगवान शिव भारतीयों के देवाधिदेव महादेव हैं तो फिर यह पुण्यभूमि तिब्बतियों/चीनियों की कैसे हो गई? क्या तिब्बत/चीन ने इस पर जबरन कब्जा किया है? आखिर इससे जुड़ी कैलाश मानसरोवर की वह क्या कहानी है, जिसपर इतिहासकारों और विद्वानों के अलग-अलग आलेख उपलब्ध हैं।

वहीं, लोगों के मन में यह विचार पैदा हो रहा है कि यदि कैलाश-मानसरोवर की चीन द्वारा जबरिया परिवर्तित स्थिति को पुनः बदलने के लिए भारत सरकार ने समय रहते समुचित कदम नहीं उठाए तो भविष्य में रामजन्म भूमि आंदोलन की तरह हिंदुओं की जनभावना भड़केगी और चीनी कब्जे से इस पुण्यभूमि को मुक्त कराने के लिए देशव्यापी/विश्वव्यापी अभियान चलाया जाएगा। इससे यह पावन क्षेत्र एशिया का दूसरा येरुशलम बन जाएगा! क्योंकि इस पवित्र भूमि से न केवल हिंदुओं बल्कि भारतीय जैनियों-बौद्धों की भी जनभावनाएं जुड़ी हुई हैं।

शायद इसी नजरिए से बौद्ध मतावलंबी देश चीन ने भी इस पर कब्जा जमाया है, जिससे भारतीय हिंदुओं-जैनियों में व्यापक रोष देखा-सुना जाता है। बता दें कि भारत के पूर्व राजदूत पी स्टोबदान ने अपने एक आलेख में लिखा है कि कैलाश मानसरोवर और इसके आसपास का इलाका 1960 के दशक तक भारत के अधिकार क्षेत्र में आता था। लेकिन उसके बाद तत्कालीन भारत सरकार की कमजोरी का फायदा उठाते हुए चीन ने इस पर कब्जा कर लिया। बता दें कि 1959 में पहली बार चीन ने अपने नक्शे में सिक्किम, भूटान से लगते कैलाश मानसरोवर के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में दिखाया था। हालांकि तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संसद के बाहर और भीतर इसका जोरदार विरोध दर्ज कराया।

इस बारे में पूर्व राजदूत स्टोबदान ने लिखा है कि नेहरू ने ये जमीन भले चीन को सौंपी न हो लेकिन वो इसे बचा नहीं पाए। साथ ही वह चीन को इस हरकत से रोक नहीं पाए। जबकि 1961 की आधिकारिक रिपोर्ट में कैलाश के



पास के क्षेत्रों पर भारत के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और राजस्व अधिकारों का पूरा विवरण दिया गया था। चीन ने तब इसका विरोध नहीं किया था। वहीं, 1947 में जम्मू-कश्मीर रियासत से किए गए समझौते में मेन्सर इलाके को चीन को दिए जाने का जिक्र भी नहीं है। मेन्सर इलाके पर दावे को लेकर कोई कानूनी हल नहीं हुआ है।

समझा जाता है कि तब से इस कैलाश पर्वत को गंवाने को लेकर हिंदुओं, जैनियों व बौद्धों के मन में कसक है। सभी इसे पुनः पाने को लेकर अपने अपने स्तर से सक्रियता दिखाई है। जनजागृति हेतु अंदरूनी तैयारियां भी चल रही हैं। इसलिए कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि कैलाश मानसरोवर क्षेत्र एशिया का दूसरा यरूशलेम बन सकता है क्योंकि जिस तरह से यरूशलेम पर कब्जे को लेकर यहूदी-ईसाई-इस्लाम के बीच अनवरत संघर्ष जारी है, कुछ वैसा ही संघर्ष भविष्य में कैलाश मानसरोवर को लेकर शुरू हो सकता है जो कि हिंदुओं-जैनियों-बौद्धों के प्राचीनतम श्रद्धा केन्द्रों में शुमार किया जाता है। फिलहाल, कैलाश मानसरोवर का क्षेत्र चीन अधिकृत तिब्बत में पड़ता है। इस पर ब्रिटिश अभियान साल 1903 में शुरू हुआ और साल 1904 तक चला। अंग्रेजों ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा पर आक्रमण किया। फिर अंग्रेजों को इस पर नियंत्रण पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि तिब्बत को 24 अक्टूबर, 1951 को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने अपने अधीन कर लिया था। कैलाश पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक कैलाश पर्वत है, जो ट्रांस-हिमालय का ही हिस्सा है। यह चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है। यह पर्वत चीन, भारत और नेपाल के पश्चिमी ट्राई जंक्शन पर स्थित है।

बता दें कि भारत और चीन के बीच सालों तक रिश्तों पर जमी बर्फ अब फिर से पिघलने लगी है दोनों देश पुनः नए सिरे से दोस्ती का हाथ बढ़ा चुके हैं। शायद पुरानी बातें भूलकर आपसी रिश्तों की नई पटकथा लिखने में जुट चुके हैं। इसका जमीनी असर भी दिखने लगा है। पहले तो एलएसी पर सीमा विवाद सुलझा और दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे। फिर जहां-जहां तनाव था, वहां से डिसइंगेजमेंट हो गया। वहीं, अब कैलाश मानसरोवर यात्रा पर सफलता हाथ लगी है। भारत और चीन ने गत सोमवार को ही अपने रिश्तों के पुनर्निर्माण की दिशा में यह अहम घोषणा की।

जानकार बताते हैं कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत भारत और चीन के रिश्तों में मील का पत्थर है। क्योंकि वर्ष 2020 के बाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बंद हैं। दरअसल, साल 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के पास झड़पें हुई थीं, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। यह तनाव इतना ज्यादा था कि दोनों देशों ने सीमा पर अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी थी। साथ ही हर तरह के संबंध तोड़ दिए थे। अब रूसी हस्तक्षेप के बाद पुनः शुरू हुई पारस्परिक बातचीत से भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरने लगे हैं। इन्हीं बातचीत का नतीजा है कि अब दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होने लगे हैं। इसकी पटकथा दिल्ली से 3750 किलोमीटर दूर स्थित रूस के कजान शहर में लिखी गई। जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई। दरअसल, साल 2024 के अक्टूबर महीने में पीएम मोदी और शी जिनपिंग कजान शहर में ब्रिक्स समिट में शरीक हुए थे। तभी समिट से इतर पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। तब दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। मुलाकात में ही सीमा पर शांति और दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने पर सहमति बनी थी। इसी दौरान सीमा पर तनाव कम करने, कैलाश मानसरोवर यात्रा और डायरेक्ट फ्लाइट की बहाली पर पीएम मोदी ने जिनपिंग को समझाया था। यही वह मुलाकात थी, जिसके बाद भारत और चीन के बीच बातचीत का चैनल सक्रिय हो गया था।

लिहाजा, भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली और सीधी उड़ानों को शुरू होने के पीछे पीएम मोदी और शी जिनिपंग के बीच मुलाकात ही है। मंत्रालय ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच अक्टूबर में कजान में हुई बैठक में सहमति बनी थी, विदेश सचिव मिसरी और चीनी उप विदेश मंत्री सुन ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की 'व्यापक' समीक्षा की और संबंधों को ''स्थिर करने और पुनर्निर्माण' करने के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी चीन से संबंधों को और बेहतर करने के लिए गत रविवार को बीजिंग के दौरे पर गए।

प्रधानमंत्री मोदी और जिनपिंग की पिछली मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी की मुलाकात हुई थी। तभी दोनों के बीच भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की वापसी पर चर्चा हुई थी। साथ ही भारत और चीन के रिश्तों को 2020 से पहले वाली स्थिति में करने पर भी बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, दिसम्बर 2024 में एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। तब सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के ढांचे के तहत उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की थी। इन बातचीत और मुलाकातों ने भारत और चीन के बीच रिश्तों को नया मुकाम दिया। इसका असर हुआ कि अब भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरते दिख रहे हैं।

गौरतलब है कि कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का आयोजन भारत का विदेश मंत्रालय करता है, जो उत्तराखंड, सिक्किम और तिब्बत से होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के हवाले इस यात्रा की पूरी सुरक्षा होती है। वहीं, कुमायूं मंडल विकास निगम और सिक्किम पर्यटन विकास निगम कैलाश की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को मदद देती है। वहीं, दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट की ओर से यात्रा पर जाने वाले लोगों का फिटनेस टेस्ट किया जाता है। यात्री के अनिफट पाए जाने पर उसकी यात्रा कैंसिल हो सकती है। यदि आप भी कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाना चाहते हैं तो विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर जाकर आप कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यात्रा के लिए अपने पास पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का पहला और आखिरी पेज का फोटो, फोन नंबर और ईमेल अपने पास रखें। इस यात्रा को पूरा करने में तकरीबन 25 दिन का समय लगता है। इसमें 2 से 3 लाख तक खर्चा आ सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# आधुनिक सुन्दरता की चाह से बढ़ रही सामाजिक विषमताएं



**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**




लगातार हो रहे सामाजिक और आधुनिक परिवर्तन ने सभी को प्रभावित किया है खास कर नई पीढ़ी को, इन प्रभावों ने लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव डाले है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के है। सकारात्मक कई प्रभाओं में से एक हम महसूस कर सकते है की स्वच्छता को अधिकांश लोगों ने अपनाया है और अब पहले से वो परिवर्तित दिखना शुरू हो गए है। इसी कड़ी के दूसरें पहलू को देखा जाय तो अब अधिकांश लोग खास कर युवा पीढ़ी ने सुन्दरता के नाम पर आधुनिक सुन्दरता को सर्वोपरि मान लिया है। जिनमे महंगे कपड़े, ब्रांडेड फ़ोन, चश्मे, गाड़ियाँ उनकी प्राथमिकता बन गयी है साथ ही आकर्षक, चमकते चेहरे उन्हें बेहद प्रभावी लग रहे है और वो स्वयं उनसे प्रभावित होने भी लगे है। जबकि इसके पीछे की वास्तविक सच्चाई से कोई भी परिचित नहीं होना चाह रहा। आज सभी स्वयं में सुंदर दिखने के साथ -साथ अपना साथी भी सुंदर चाह रहें और जानबूझकर अन्य गुणों की अनदेखी कर रहे जिससे न केवल समाज में विषमता पैदा हो रही बल्कि विचारवान और गुणवानों पर वाह्य सुन्दरता भारी दिख रही है।

उक्त बातों को जोरदार समर्थन सोशल मीडिया ने दिया है और आज हर कोई विभिन्न मुद्राओं में तस्वीरों को तकनीकी से और अधिक खुबसूरत बनाकर सोशल मीडिया के जरिये सभी का ध्यान आकर्षित करने में लगा हुआ है। युवाओं को बात करें तो इन्स्टाग्राम रील्स ने एक ऐसी बाढ़ ला दिया है की अधिकांश देखने / बनाने वालें लोगों को सही और गलत का कोई एहसास ही नहीं रहा। ध्यान आकर्षित करने के लिए लोग अर्धनग्न / अडल्ट कंटेंट भी बेधड़क दिखाने लगे है और ध्यान आकर्षित करना चाह रहें। जो लड़के लड़कियां रील्स नहीं बना रहे वो जरुर फेसबुक आदि सोशल प्लेटफार्म पर अपनी बेहतरीन तस्वीर प्रस्तुत करने में लगें है। नव-युवकों में प्रेम और सुन्दरता की सच्ची परिभाषा का अब लोप होने लगा है और उन्हें सबसे सुंदर ही युवक युवती सर्वगुण सम्पन्न समझ में आ रहे है। क्या यह समाज इतना परिवर्तित हो गया है की कम सुंदर दिखने और गुणों से संपन्न लोगों के लिए अब स्थान सीमित बचा हुआ है ?

सुंदर होना या न होने की आवश्यकता को गहराई से देखा जाए तो व्यक्ति के विचार और व्यवहार और आपके प्रति समर्पण से सुन्दरता को देखा जाना चाहिए। परन्तु सामाजिक विकास की गति ने सभी के मन मस्तिष्क को कुंठ कर दिया है। आज वही श्रेष्ठ लगने लगा है जो दिखने में सुंदर है जबकि अति आवश्यक अन्य गुणों की लोग परवाह ही नहीं कर रहें है। आज सभी की इच्छाएं तेजी से अपनी संतुष्टि की तरफ बढ़ रही है जो मानव और मानव सभ्यता के लिए बेहद खतरनाक शाबित होने वाला है। तकनीकी ने इसमें आग में घी डालने का कार्य किया है जहाँ हम सभी उस पर आधारित होते चले जा रहे है वही स्वयं की विचार और तर्क करने की क्षमता हम खोते चले जा रहे है। क्षणिक सुख और प्रसन्नता हमारी पहली प्राथमिकता बन गया है जिसमे हमारे साथ सब सुंदर और आकर्षक व्यक्ति / वस्तुएं होना अनिवार्य हो गया है।

यदि हम आधुनिक सुन्दरता की बात प्रेम से करें तो वहां भी स्थायित्व नहीं दिख रहा, वजह बहुत ही साधारण है की हम अपनी मानसिक तर्कशक्ति और क्षमता को खोते चले जा रहे है और अपने क्रिया विधि से दूसरों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में हमने सोचना बंद कर दिया है तभी तो जीवन भी अनियमित होता जा रहा जिसका बुरा प्रभाव समाज पर पड़ना शुरू हो गया है। वैवाहिक जीवन में भी अब स्थायित्व नहीं रहा जहाँ यह एक बड़े तबके में देखा जाता था की स्थायित्व नहीं है वही यह बीमारी गाँव-गाँव तक पहुँच चुकी है। ऐसे में अब अति आवश्यक हो गया है की मानसिक विकास और तर्क करने की शक्ति को पुनः समाज में स्थापित किया है जिससे त्याग की भावना का जन्म हो सकें और हम सभी दूसरें के हितों की प्राथमिकता सुनिश्चित कर सकें। यह तभी संभव हो पायेगा जबकि किताबों से हम अपनी दिनचर्या जोड़ ले और मोबाइल/तकनिकी का प्रयोग बेहद आवश्यकता तक सीमित कर दे। अन्यथा की स्थिति में सुन्दरता पल भर के लिए आकर्षित करके आपके पुरे जीवन के क्रम को उलझा कर रख देगी।

साहित्य



## आपकी नाकामयाबी

**अशोक चक्रधर**

नन्हा बच्चा
जिस भी उंगली को पकड़े
कस लेता है,
और
अपनी पकड़ की
मज़बूती का
रस लेता है।

आप कोशिश करिए
अपनी उंगली छुड़ाने की।
नहीं छुड़ा पाए न!

वो आपकी नाकामयाबी पर
हंस लेता है।

और पकड़ की
मज़बूती का
भरपूर रस लेता है।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# फर्नेस ऑयल और पिटकोक ईंधन बन रहा मौत का वाहक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

प्रदूषण को लेकर दुनिया में भले कितनी भी चिंता व्यक्त की जाती हो, कितने ही बड़े सम्मेलन होते हों, दुनिया के देशों के प्रमुखों द्वारा कितनी ही साझा बैठकें कर चिंता व्यक्त की जाती हो, कितनी ही गंभीरता का ताना–बाना बुना जाता हो पर धरातल पर देखें तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले और गंभीर चिंता का कारण है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की 2024 की रिपोर्ट की मानें तो वायु प्रदूषण अकारण मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। ग्लोबल एयर की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में सालाना 81 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। यदि भारत की बात करें तो सालाना 21 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी की जंग हार जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि दुनिया के देशों में होने वाली 8 मौतों में से एक मौत का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है।

ऐसा नहीं है कि सरकारें या न्यायालय या विश्व के राजनेता इससे चिंतित नहीं हो, अपितु लाख गंभीरताओं के बावजूद जो परिणाम सामने आ रहे हैं वह कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था की पोल खोल कर ही रख रहे हैं। अब भारत की ही बात की जाए तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2017 में एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए फर्नेस ऑयल और पिटकोक के उपयोग पर रोक लगा दी गई। खासतौर से एनसीआर से जुड़े प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में यह रोक लगाई गई। इसी के क्रम में उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक प्रदेशों में इसको लेकर गाइड लाइन जारी की जा चुकी है। पर इस सबके बावजूद पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े साफ–साफ चिढ़ाते नजर आ रहे हैं। इस साल ही अप्रैल, 24 से दिसंबर, 24 तक के आंकड़े बताते हैं कि रोक व सख्ती के बावजूद नौ माह में 49 लाख 95 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का घरेलू उपयोग हुआ है। इसी तरह से पिटकोक का उपयोग 161 लाख 12 हजार मैट्रिक टन रहा है। तस्वीर का एक पहलू यह है कि 1997–98 में देश में 114 लाख 94 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का उपभोग हो रहा था, वहीं 1997–98 में 2 लाख 77 हजार मैट्रिक टन पिटकोक का उपभोग हो रहा था। इसके बाद हालांकि फर्नेस ऑयल व अन्य के उपयोग में उतार–चढ़ाव रहा है पर जहां तक पिटकोक के उपयोग में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। खासतौर से रियल एस्टेट ने पिटकोक के उपयोग को कई गुणा बढ़ा दिया है वहीं, पिछले कुछ सालों से फर्नेस ऑयल व एलएसएचएस के उपयोग में कोई खास कमी नहीं आ रही है। बल्कि सारी बात साफ होती जा रही है कि वायु प्रदूषण में प्रमुख भूमिका निभा रहे इन दोनों ईंधनों के उपयोग पर जो कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की भावना और एनजीटी के प्रयासों से होना चाहिए था वह कम से कम धरातल पर तो दिखाई नहीं दे रही है।

दरअसल, देखा जाए तो फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्नेस ऑयल के ईंधन के रूप में उपयोग से ग्रीन हाउस में हानिकारक कण फैलते हैं और देखा जाए तो हवा में जहर घुलने लगता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिटकोक और फर्नेस ऑयल में सल्फर हैं। पेटकोक में 65 हजार से 75 हजार पीपीएम और फर्नेस ऑयल में 22 हजार पीपीएम स्तर है। वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रूप में उपयोग से नदी–नाले, जलवायु, पेड़–पौधे, यहां तक कि पशु–पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं।

जहां तक आम आदमी की बात है तो फर्नेस ऑयल के ईंधन के रूप में उपयोग से वायु प्रदूषण तो होता ही है, साथ ही सीधे यह हमारे फेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे फेफड़ों की क्षमता कम होने के साथ ही सांस जनित रोग यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर की आशंका तेजी से बनती है। दमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जिसे सीओपीडी भी कहते हैं और फेफड़ों के कैंसर की संभावना बन जाती है। इसके साथ ही इससे जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियां जकड़ने लगती है। यह सब जानकारी के बावजूद फर्नेस ऑयल या पिटकोक जिसे पेट्रोलियम कोक भी कहते हैं, उसके उपयोग में जिस तरह से कमी आनी चाहिए थी या जिस तरह से इनके विकल्प के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए था वह हो नहीं पाया। सबकुछ होने और सरकार के पास आंकड़े के बावजूद इनके उपयोग पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

दरअसल, सस्ता ईंधन होने के कारण फर्निस ऑयल आदि का उपयोग इण्डस्ट्रीज में तो हो ही रहा है, मेट्रो सिटीज ही नहीं बल्कि अब तो छोटे–बड़े शहरों में भी होटलों, ढाबों, रेस्ट्राओं, चाट–पकौड़ी आदि फास्ट फूड बना कर बेचने वालों द्वारा आम होता जा रहा है। मजे की बात यह है कि फर्नेस ऑयल जैसे वायु प्रदूषण का कारक और स्वास्थ्य के लिए अति गंभीर ईंधन का उपयोग हो रहा है और इसकी पुष्टि पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े सिद्ध कर रहे हैं। ऐसे में एनजीटी, राज्यों के पर्यावरण मंत्रालय, पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। एक ओर जहां अवेयरनेस की आवश्यकता है तो फर्नेस ऑयल का उपयोग करने वालों को समझाने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सख्ती भी करनी होगी।

एक ओर देश ग्रीन एनर्जी और ईंधन के रूप में एलपीजी से भी एक कदम आगे सीएनजी और पीएनजी की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं कुछ लोग निजी लाभ के चक्कर में वायु प्रदूषण फैलाकर सीधे आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले ईंधन फर्नेस ऑयल और पिटकोक आदि का सरेआम उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में सरकार और गैरसरकारी संस्थाओं का दायित्व हो जाता है कि वह आगे आएं और इनके प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। यह समय की मांग और प्रकृति को विकृत होने से बचाने के लिए भी आवश्यक हो जाता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# मिट्टी की जांच कराने के बाद ही फसल बोये: जिलाधिकारी

▸ जिला विज्ञान क्लव के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नवप्रवर्तन जन जागरूकता के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन जिला विज्ञान क्लब के बैनर तले किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है किसान अच्छा कार्य कर रहे हैं प्रदर्शनी में इन्नोवेटिव खाद्य पदार्थ और संयंत्रों का प्रदर्शन सराहनीय है सोच को बदलने से दशा बदल जायेगी। उन्होंने जनपद में हो रहे नवप्रर्वतन के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सही दिशा देने की आवश्यकता है। मृदा परीक्षण पर जोर देते हुये बताया कि मिट्टी में किन पोषक तत्वों की कमी है जानकारी होने पर पूर्ति करने के बाद कोई भी फसल की जा सकती है मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में पुरुष कृषकों के उत्पादों के साथ महिला कृषकों समूहों की महिलाकों की सहभागिता पर तारीफ की जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके दिवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। नवप्रवर्तकों में महिपाल सिंह को प्रथम स्थान होने पर आठ हजार रुपये, रामरतन प्रजापति को द्वितीय स्थान पर पांच हजार रुपये, भावना त्रिपाठी को तृतीय स्थान पर तीन हजार रुपये एवं अनीता केशव प्रसाद मिश्रा शैलेन्द्र प्रजापति सरिता व लालजी को सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को दो हजार रुपये के साथ स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया।

## पीडीए के लोगों पर हो रहा अत्याचार: राजपूत चंद्रवती वर्मा



**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा क्षेत्र और विकास खंड राठ के सरगांव में पीडीए जनचौपाल कार्यक्रम में सपानेता राजपूत चंद्रवती वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार धर्म जाति की घिनौनी राजनीति करके मानवता में जहर घोलने का काम कर रही है जो देश हित में नहीं है ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है। पीडीए जनचौपाल के माध्यम से गांव हम लोगो को गांव तक समाजवादी पार्टी की सोच और आम जनता के साथ हो रहे भाजपा द्वारा अन्याय और अत्याचार की तस्वीर से अवगत कराने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नये नये तमाम कानून बना दिये जिससे हर आदमी परेशान है। उन्होंने कहा कि इनकी हर योजना केवल धन कमाने और आम जनता का खून चूसना है। उन्होंने गांव में लगने पानी वाली टंकियों बिजली मीटरों पर बोलते हुए कहा कि आज तक गांव में टंकी से पानी नहीं पहुंचा बिजली नहीं मिल रही है लेकिन हजारों के बिल का बोझ गांव की जनता पर डाल दिया। भाजपा रोजी रोजगार की बात नहीं करेगी केवल जाति धर्म की बात करके अपना उल्लू सीधा करते है। उन्होंने कहा कि जब भाजपाई पिछड़ा के घर जायेंगे तो अगड़ा और दलित की बुराई करेंगे और जब दलित के घर जायेंगे तो पिछड़ा और अगड़ा की बुराई करेंगें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी धोखेबाज पार्टी को हटाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में सपा प्रत्याशी को जिताकर एक मजबूत सपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। भाजपा सरकार में मंहगाई चर्म सीमा पर है जिससे किसानों का भारी नुकसान हो रहा है। इस मौके पर प्रताप सिंह सोमवंशी, गोकुल राजपूत, शैलेंद्र राजपूत, जगदीश मिश्रा, पुष्पेंद्र अहिरवार, नीरज मुखिया, लखन यादव, बलवान पाल, सियाराम पाल, राजू यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## स्पर्श कुष्ठ निवारण जागरूकता अभियान को लेकर चिकित्साधीक्षक ने दिलाई स्वास्थ्यकर्मियों को शपथ

▸ 15 फरवरी तक गांव स्तर पर चलेग अभियान




**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज बुधवार को जिला अधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक घाटमपुर डॉ. कैलाश चंद्रा ने सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों को कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर शपथ दिलाई। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कैलाश चंद्र ने जिला अधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र कुमार सिंह का लिखित भाषण भी सुनाया चिकित्सा अधीक्षक ने बताया की 1 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ अभियान गांव स्तर तक चलाया जाएगा आज 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांव स्तर पर कुष्ठ जागरण अभियान की सफलता को लेकर वहां के प्रधान द्वारा भी शपथ दिलाई जाएगी इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर के डॉक्टर व स्टॉप मौजूद रहा।

## सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक की उपचार के दौरान मृत्यु, शोकसभा आयोजित



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के बीआरसी कार्यालय में परिषदीय विद्यालय के शिक्षक की सड़क दुर्घटना के उपरांत इलाज के दौरान मौत हो गई । जिसकी शोक सभा बीआरसी कार्यालय में शिक्षक संगठन ने संवेदना प्रकट करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संवेदनहीनता पर आक्रोश भी जताया। तीस जनवरी को बीआरसी मौदहा में सभी शिक्षक संगठनों एवं अध्यापकों के द्वारा स्वर्गीय शिक्षक अजय कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कुनेहटा मौदहा के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई एवं 2 मिनट मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए शिक्षकों ने अपनी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की उनके निधन से सारा शिक्षक समाज शोक में डूबा हुआ है। लेकिन हमारे जनपद के आला अधिकारी व अन्य ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा किसी भी ग्रुप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी शोक संवेदना तक व्यक्त न करने उदासीन रवैया से शिक्षक समुदाय ने रोष प्रकट किया गया है। जबकि इसके विपरीत किसी भी विभाग में किसी कर्मी के निधन पर कंडोलेंस घोषित किया जाता है। ग्रुप में सूचना प्रेषित करने के बाद भी शिक्षक के आकस्मिक निधन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर द्वारा किसी भी तरह की शोक संवेदना व्यक्त नहीं की गई। इससे शिक्षक का मान सम्मान ठेस पहुचा है। आला अधिकारी शिक्षक से रात में भी काम लेना चाहते हैं लेकिन उनके प्रति किसी भी तरह की शोक संवेदना नहीं है। जिसकी शिक्षक समाज घोर निंदा करता है और शिक्षा अधिकारियों से मांग करता है कि आगे किसी भी शिक्षक के निधन पर कंडोलेंस का प्रावधान किया जाए। इस मौके पर समस्त शिक्षक एवं समस्त संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महोबा में रिटायर्ड फौजी के घर से चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महोबा पुलिस को यशोदा नगर में रहने वाले रिटायर्ड फौजी के घर पर हुई चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने चोरी में शामिल तीन चोरों को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से लाखों की नगदी बरामद हुई है। महोबा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए रिटायर्ड फौजी के घर हुई चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आशाराम धोबी के नेतृत्व में संचालित अस्सू गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यशोदा नगर में 11 दिन पूर्व हुई इस वारदात का पुलिस की पांच टीमों ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। अभी भी गैंग का एक सदस्य फरार बताया जा रहा है। पुलिस टीम की इस कामयाबी पर एसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम देकर हौसला बढ़ाया है। मामला महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के यशोदा नगर का है, जहां पर 11 दिन पूर्व एक रिटायर्ड फौजी लोकेंद्र मिश्रा के घर पर अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था. मकान का ताला तोड़कर एक घंटे के अंदर चोरों ने रखी लाइसेंसी रिवाल्वर सहित बड़ी मात्रा में कारतूस सोने चांदी के जेवर और नगदी लेकर चोर फरार हो गए गए थे। जिसे एसपी पलाश बंसल ने चुनौती के रूप में लिया था। इस चोरी के खुलासे के लिए एसओजी और शहर कोतवाली पुलिस सहित पांच टीमों का गठन किया गया था।

**पुलिस ने चोरों से लाखों रुपये की नगदी बरामद की:** आखिरकार पुलिस टीम बड़ी कामयाबी मिली है। जिसकी जानकारी एसपी पलाश बंसल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस टीमों ने साक्ष्य संकलन और सीसीटीवी कैमरो को खंगाला और अपने मुखबिरों की मदद से आज शहर के पठा रोड स्थित नहर पुलिया से तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे और दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। साथ ही रिटायर्ड फौजी के घर में हुई चोरी का खुलासा कर लाइसेंस रिवाल्वर 38 कारतूस, 2लाख 25 हजार रुपए की नकदी, और सोने चांदी के आभूषण जिनकी कीमत 3 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। गैंग का मुख्य सरगना आसाराम उर्फ अस्सु धोबी अस्सु गैंग बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। जिसके ऊपर शहर कोतवाली में 12 मुकदमे दर्ज है। गैंग का सरगना आशाराम, घनश्याम उर्फ घंसू पाल और राजेश ढीमर को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी पलाश बंसल बताते हैं कि अभी भी इस गैंग का एक अभियुक्त फरार है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। इस बड़ी चोरी का खुलासा करने वाली एसओजी और शहर कोतवाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का इनाम देकर हौसला बढ़ाने का काम किया गया है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 01.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी जं. | 13:00 | हलद्वानी, लालकुआँ जं., किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी जं. | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05286 | झूँसी जं. | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

**दिनांक 02.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयागराज | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं. लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी जं. | 05:20 | सिधारी हॉल्ट, सठियांव, मुहम्मदाबाद, खुराहट, पलिगढ़, मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हॉल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेरी , किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं.,लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07109 | नरसापुर | 06:00 | बनारस | 15:45 | भीमवरम जं., तणुकु, निडदवोलु जं., राजमंड्री, सामलकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनकापल्ली, दुव्वाडा, उत्तर सिम्हाचलम, पेन्दुर्ति, कोत्तावलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ जं., बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डालटनगंज, गढ़वा रोड जं, जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिएरेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# दुनिया में कार्ल मार्क्स से ऊपर हैं महात्मा गांधी: गोप

## बापू की याद में गांधीवादियों ने शुरू किया गांधी स्मृति दिवस, रेठ नदी में किया दीपदान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गांधी आज भी दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हैं, वह कार्ल मार्क्स से ऊपर उनका कद है। वह अपने जीवनकाल से ज्यादा वर्तमान में प्रासंगिक हैं। गांधी को कोई भी गोली से नही मार सकता। वह आज भी हमारे दिलों में गांधी जिंदा है। आप गांधी को जितना जी सकते हो, जी कर देखो। यही उनके प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात गांधी भवन में गुरूवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर आयोजित गांधी स्मृति कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। वहीं सायंकाल आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार को गांधी भवन में कार्यक्रम की शुरूआत गांधी भजन से हुई।




इसके उपरान्त पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, गांधीवादी राजनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने चरखा चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी जाउम्र सद्भाव के लिए लड़ते रहे। हमें अपने मन में गांधी को जिन्दा रखना है। ताकि हमें नफ़रत से लड़ने की ताकत मिल सके। पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने भी सम्बोधित किया। गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि देश में दो विचारधाराएं चल रही है। इन विचारधाराओं में हमें संवेदना, मानवता, एकता, बंधुत्व और प्रेम की विचारधारा को अपनाना है। जो हमारी आने वाली नस्ल को सवांर सके। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने कहा कि जिस शरीर से कुछ लोग घबराते थे, उस विचार से उनके वंशज आज भी डरते घबराते हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि गांधी के विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान, मो उमैर किदवई, बहराइच के पूर्व सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, वीरेन्द्र प्रधान, मृत्युंजय शर्मा, शरद मिश्रा, सलाउद्दीन किदवई, मोहम्मद सबाह, हसमत अली, विनय कुमार सिंह, प्रहलाद यादव, जाहिद हुसैन, अशोक शुक्ला, सभासद मोहम्मद फैसल, विनोद भारती, भागीरथ गौतम, राफिया, सभासद अश्वनी शर्मा, अहमद किदवई, नसीम खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सपा नेता ने बांटे जरूरतमन्दों को कम्बल

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जरूरतमंद के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने से ही समाज में एकता भाईचारा मजबूत होता है जो इंसान दूसरे व्यक्ति का दर्द समझ कर उसकी सहायता मदद करता है उस इंसान से नेक दिल इंसान दूसरा कोई हो ही नहीं सकता।

उक्त बात युवा सपा नेता अविरल सिंह ने कस्बा फतेहपुर के डायमंड पैलेस मैरिज लॉन में आदर्श नगर पंचायत फतेहपुर के चेयरमैन इरशाद अहमद कमर के द्वारा गरीब कमजोर लोगों की सहायता के लिए संचालित कमर फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित होकर जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत उपस्थित नगर वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने कहा कि विपक्ष के तमाम रोक-टोक के बावजूद आप सब के आशीर्वाद सहयोग से नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में जितनी ज्यादा से ज्यादा सेवा आपकी की जा सकती है। कंबल वितरण समारोह में व्यापार मंडल उपाध्यक्ष निजामुद्दीन सभासद मोहम्मद हबीब सपा नेता मंसूर खान डॉक्टर फहीम अंसारी शहाबुद्दीन एडवोकेट शहीद नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सभासद राहिल खान ने किया।

# ऑटो को बचाने में पेड़ से टकराया ट्रेलर, चालक सहित दो घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर रात लकडी लादने जा रहा ट्रेलर फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार आटो को बचाने के चक्कर में पेड़ से जा टकराया।हादसे मे ट्रेलर का चालक और परिचालक दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात को फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर स्थित झांसा पुरवा पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार आटो रिक्शा को बचाने के चक्कर में ट्रेलर चालक का नियंत्रण खो गया जिसमें वह सड़क किनारे लगे भारी पेड से जा टकराया जिससे ट्रेलर क्षतिग्रस्त हो गया और सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए।सडक हादसा होते ही राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों की देख रेख में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया घायलों में चालक राजेश कुमार और परिचालक ब्रज राज सिंह राजस्थान के जिला टोंक,थाना टोडा राय सिंह क्षेत्र के हमीर पुर वावडी निवासी हैं जो सीतापुर के तंबौर से बारांबकी लकडी लेने जा रहे थे।उपनिरीक्षक देवता नन्दन सिंह के अनुसार पुलिस मामले में आवश्यक कार्यवाही कर रही है।



# बसपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत से कार्यकर्ताओं में जोश

**▸ विश्वनाथ पाल बोले चुनाव में पक्ष-विपक्ष ने लिया चुनावी चंदा मगर बसपा ने इलेक्टोरल बांड नहीं लिया**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का पंजरौली चौराहे पर शेष कुमार वर्मा की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ग्राम शफीपुर में कैडर कैम्प में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहन जी की सरकारों में ला एण्ड आर्डर के साथ साथ गरीबों, पिछड़ों दलितों के लिए चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं को बाद की सरकारों ने खत्म कर दिया। बसपा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कैडर कैम्प को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव में पक्ष विपक्ष के लोगों ने चुनाव में चंदा लिया।

बसपा ने इलेक्टोरल बांड चंदा नहीं लिया। मंहगाई से आम आदमी की कमर टूट गई है उस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है।मंण्डल प्रभारी दिग्विजय सिंह गौतम ने बसपा की कमेटियों को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। बसपा के जिलाध्यक्ष के के रावत ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से अपील किया।इस मौके पर आसिफ खान, डाक्टर नत्थाराम गौतम,सूरज रावत, रंजीत कनौजिया,अजय कुमार गौतम, सुरेश रावत,हकीम अय्यूब, विनोद कुमार रावत पूर्व प्रधान,जैसीराम वर्मा, राजेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में मत्स्य समिति की बैठक आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

डीआरडीए स्थिति गाँधी सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मत्स्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 के 06 लाभार्थियों द्वारा ÷उद्यमी एवं निजी फर्म÷ की श्रेणी चयनित किये जाने पर मत्स्य निदेशालय द्वारा जिला स्तरीय समिति से पुनः सत्यापन कराकर उन्हें प्रथम किश्त का भुगतान किये जाने की संस्तुति पर चर्चा की गयी। जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य द्वारा जिला स्तरीय समिति को अवगत कराया गया कि उक्त 06 लाभार्थियों द्वारा जनसेवा केन्द्र से विभागीय पोर्टल पर आनलाइन प्रक्रिया में त्रुटिवश उद्यमी एवं निजी फर्म÷ की श्रेणी के विकल्प चयन कर दिये जाने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई। जबकि वास्तव में वे मत्स्य पालन करना चाहते है। तथा वे ÷उद्यमी एवं निजी फर्म की श्रेणी के नहीं है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 04 लाभार्थियों द्वारा 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा शेष 02 लाभार्थियों द्वारा कार्य कराये जाने की सहमति दी गयी है।

जिला स्तरीय समिति द्वारा समस्त 06 लाभार्थियों को प्रथम किश्त भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, अधिशाषी अभियन्ता, सिचाई विभाग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# सिपाहियों पर जबरन वसूली का दुकानदार ने लगाया आरोप

**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र मे पुलिस की दबंगई का मामला सामने आया है। थाने मे तैनात दो सिपाहियो पर मीट दुकानदार से अवैध वसूली का आरोप लगा है। आरोपी सिपाही पंकज सिंह और मनमोहन सिंह लाइसेंसी मीट की दुकान पर पहुंचे और वसूली की कोशिश की।



दुकानदार के भाई जावेद के अनुसार दोनो सिपाही दुकान पर आकर दबंगई दिखा रहे थे और अवैध वसूली की मांग कर रहे थे।इस दौरान दुकानदार और स्थानीय ग्रामीणो ने दोनो सिपाहियो को घेर लिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।चौराहे पर जमा भीड़ और बढ़ते हंगामे को देखते हुए दोनो सिपाही मौके से फरार हो गए।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।जिसमे ग्रामीण पुलिसकर्मियो की कार्रवाई का विरोध करते दिखाई दे रहे है।स्थानीय लोगो ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।इस घटना से पुलिस विभाग की छवि को भी नुकसान पहुंचा है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ रोग मुक्त भारत की ली शपथ

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित बैठक मे कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ ली गयी तथा कार्यक्रम मे सभी से सहयोग की अपील की गयी। बैठक मे उपस्थित आशा बहू, आंगनवाड़ी एव स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ, स्वय समूह संगठन की सदस्यों से रूबरू होते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि कुष्ठ रोगियों को स्पर्श करने पर किसी भी प्रकार का रोग नहीं होगा, ये संक्रामक रोग नहीं है। कुष्ठ रोगियों से हाथ मिलाने, उनके साथ बैठकर खाने से यह रोग संक्रमित नहीं होता है। ऐसे में कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए कुष्ठ रोग असाध्य नहीं है। दवा से इसका पूर्ण इलाज संभव है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा यह पूर्वजन्म के पापों का फल नहीं है, बल्कि रोग है जो माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रे नाम के जीवाणु से होता है। जो एमडीटी की दवा से पूरी तरह से ठीक हो जाता है। इसके इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम व स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करके मुक्त कराया जा सकता है। बैठक मे उपस्थित लोगो को कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ दिलाते हुए जन जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, रचना गुप्ता, अंजू रस्तोगी, वंदना, विमला, मोहिनी सहित समूह की तमाम महिलाए मौजूद रही।

# पुरानी रंजिश में वकील से हुई मारपीट, किया धरना प्रदर्शन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी रंजिश को लेकर दो दिन पूर्व अधिवक्ता और उसके गांव के ही विरोधियों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा की गई एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज़ वकीलों ने तहसील गेट बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना स्थल पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी ने अधिवक्ताओं से प्रदर्शन समाप्त कर पुलिस अधीक्षक से मिलकर समाधान निकालने का आग्रह किया। किन्तु अधिवक्ता उनकी बात से सहमत नहीं हुए। दिन भर चले प्रदर्शन के वावजूद कोई हल नहीं निकला। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने संघ की बैठक कर निर्णय लिया कि जब तक हमारे अधिवक्ता की तरफ से मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक रोज प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को तहसील सिरौलीगौसपुर के अधिवक्ता तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला के अधिवक्ता पुत्र अंकुश शुक्ला पर हुए हमले के बाद सहादतगंज पुलिस द्वारा पीड़ित अधिवक्ता का मुकदमा न दर्ज करने से आक्रोशित हो गए और तहसील गेट पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन के विरोध में नारे बाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस भी बंद करवा दिया। जिससे बैनामा कराने आए लोग परेशान रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि 28 जनवरी को उनके अधिवक्ता पुत्र अंकुश शुक्ला को गांव के ही विरोधी विशाल पान्डेय, रमेश चंद्र पाण्डेय, ने फोन कर गांव के बाहर प्लाट पर पुराने विवाद में समझौता करने के लिए बुलाया था। अंकुश शुक्ला प्लाट पर जा रहे थे कि रास्ते में पीछे से विरोधियों ने अंकुश पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। अंकुश ने खेतों में भाग कर जान बचाई। इसके बाद सभी विरोधियों ने उसे पकड़ कर मारा-पीटा और विशाल ने कट्टे से अंकुश पर फायर कर दिया जो मिस हो गई। इसके बाद विरोधियों की पकड़ से अपने को छुड़ा कर भाग लिया। जिसका पीछा करते हुए विशाल पान्डेय अपनी ही कार से लड़ गए।



पुलिस ने विरोधियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया किन्तु अधिवक्ता की शिकायत पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। जिससे अधिवक्ता नाराज हैं। बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के महामंत्री दीपक कुमार सिंह बाबा ने बताया कि अधिवक्ता पर हुए हमले के मामले में जब तक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी तब तक हम लोग किसी प्रकार की न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे।

## बाइक-स्कूटी के बीच टक्कर में बाइक सवार घायल

**मसौली, बाराबंकी।** गुरुवार की देर शाम कस्बा मसौली जाने वाली सड़क पर स्थित लल्ली चक्की के निकट बाईक एव स्कूटी के बींच हुई टककर मे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे चिंताजनक हालत मे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला बुद्धि पुरवा निवासी 30 वर्षीय सचिन पुत्र राम उदित अपनी बाईक से मसौली चौराहे से कस्बा मसौली जा रहा था कि सामने से आ रही स्कूटी से आमने सामने टककर हो गयी जिसमे बाईक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे मसौली पुलिस ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। दूसरे घायल का नाम पता की जानकारी नही हो सकी।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र गौतम सिंह व उसकी पत्नी मनीषा सिंह से गलत चाल चलन और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी के कारण उनसे पारिवारिक संबंध खत्म कर चल अचल संपति से बेदखल कर दिया है। शशिलता पत्नी जितेंद्र सिंह निवासी कुटरा मड़ैया फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।

## अवैध होर्डिंग से नगरीय क्षेत्र को बदसूरत बनाने का सिलसिला जारी

**जालौन,उरई।** अवैध होर्डिंग से नगर पालिका को एक धेले की कमाई नहीं है। इसके बावजूद नगर में जगह जगह अवैध होर्डिंग की बाढ़ आई हुई थी। नगर में जगह जगह टंगे फ्लैक्स बोर्ड पर तस्वीरों के साथ शुभ कामना संदेश नजर आते हैं। यह स्थिति तब भी होती है जब नगर में किसी दल के नेता का दौरा या आमसभा होती है या फिर कोई अन्य त्योहार नजदीक हो। चाहे स्ट्रीट लाइट हो या बिजली के पोल या फिर कोई दीवार ही सही हर जगह आपको होर्डिंग टंगी हुई नजर आ जाएगी। नगर में स्थित स्ट्रीट लाइट के प्रत्येक खंभे पर होर्डिंग टंगी हुई नजर आ रही है। चौराहों पर चारों ओर कहीं लकड़ी के खंभे के सहारे तो कहीं दीवार के सहारे होर्डिंग लगाई गई हैं।

# नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में जागरूकता सेमीनार आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के टेगैर ऑडिटोरियम में फाइनेन्स लिटरेसी जागरूकता पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय द्विवेदी शाखा प्रबन्धक आईसीआईसीआई बैंक इटावा, अजय यादव पब्लिक रिलेशन ऑफीसर आईसीआईसीआई बैंक इटावा, आलोक कुमार सेबी रजिस्टर्ड टेऊनर, वाइस चेयरमैन इं. अंकित तिवारी एनजीआई ग्रुप एवं प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स इटावा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर मॉ सरस्वती को माल्यार्पण किया गया। सेमीनार के मुख्य वक्ता आलोक कुमार द्वारा बीबीए, बीसीए छात्र/छात्राओं को दीर्घ कालीन वित्त विनयोग के वारे में जानकारी दी गयी उन्होनें बताया कि धन जीवन में सभी कमा लेते है। लेकिन जो जीवन में प्लानिंग से इनवेस्ट करते है वही अपने लक्ष्य को पाते है और अपने सपनो को सच कर पाते है। बैंक शाखा प्रबन्धक अजय द्विवेदी जी ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें सायवर क्राइम डिजिटल अरेस्ट और म्यूल बैंकिंग से सावधान रहने की सलाह एक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट की। कॉलेज प्राचार्य योगेश कुमार ने बताया कि हम इस प्रकार के सेमीनार छात्र/छात्राओं को नई-नई जानकारियॉ प्रदान कराते है। और हम भविष्य में भी विभिन्न बिन्दुओं पर सदैव सेमीनारों का आयोजन कराते रहने के लिये प्रतिबद्ध है। सेमीनार को सफल वनाने में डॉ सुमन लता, अनुरूद्ध यादव-बीबीए विभागाध्यक्ष, राहुल पाल बीसीए विभागध्यक्ष, योगीराज पुरवार डीएलएड विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता योगेश वर्मा श्रुति अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, चन्द्र कुमार एवं शिवम तिवारी एकाउटेन्ट का विशेष योगदान रहा।




## बंजर भूमि पर कब्जे की शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शुकुलपुर अंतर्गत ग्राम पूरे जवाहर में बंजर भूमि पर भूमाफिया द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत उप जिलाधिकारी से कर कार्यवाही की मांग की गई हैं। गांव निवासी लव कुमार सिंह ने की गई शिकायत मे बताया कि सरकारी खाते में बंजर के रूप में दर्ज भूमि गाटा संख्या 230 पर दूसरे गाँव पूरे इमाम अली मजरे मजरे सिंधियावा गाँव निवासी वीरेंद्र कुमार शुकुलपुर मे अपने ननिहाल में रहकर अवैध कब्जा कर रहा है, जिसकी मौखिक शिकायत पर वर्ष 2022 में हल्का लेखपाल द्वारा अवैध कब्जे से मना किया गया था, उसके बावजूद वीरेंद्र ने अपना कब्जा बरकरार रखा और उसके बाद आज बाउंड्री वॉल बनाने का कार्य किया जा रहा है।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र की एलआईसी पॉलिसी संख्या 275439947 में नाम विशाल सिंह लिखा हुआ है ,जबकि उसके आधार कार्ड एवं मार्कशीट में आयुष सिंह पुत्र सोनू सिंह अंकित है। यह दोनों नाम मेरे पुत्र के हैं इसलिए मेरे पुत्र की एलआईसी पॉलिसी में विशाल सिंह उर्फ आयुष सिंह पुत्र सोनू सिंह अंकित किया जाए।

**सोनू सिंह पुत्र पेशकार सिंह ग्राम वीरू पुरवा पोस्ट निवासी जिला बहराइच मो. 9792791070**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र की एलआईसी पॉलिसी संख्या 275439950 में नाम हरिओम सिंह पुत्र सोनू सिंह अंकित है, जब आधार कार्ड एवं मार्कशीट में पीयूष सिंह पुत्र सोनू सिंह अंकित है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसलिए मेरे पुत्र की एलआईसी पॉलिसी में पीयूष सिंह उर्फ हरिओम सिंह अंकित किया जाए।

**सोनू सिंह पुत्र पेशकार सिंह ग्राम वीरू पुरवा पोस्ट निवासी जिला बहराइच मो. 9792791070**

**कार्यालय ग्रा0पं0 बझेरा मलिक पट्टी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 30/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बझेरा मलिक पट्टी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 31/01/2025 से 06/02/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/02/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 31/01/2025 से 06/02/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मेंन रोड से रहीस के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.60 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राम सिंह के घर से विपिन के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते:- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-मनीराम ग्रा0पं0 बझेरा मलिक पट्टी वि0ख0 कमालगंज सचिव- कंचन

# पुलिस के लचर रवैये से पेट्रोल पंप संचालकों की मेहनत बेअसर

**रामपुरा, जालौन समृद्धि न्यूज।**

यातायात के नियमों के पालन के लिए सरकार अनेकों उपयोग निकालकर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले नुकसान को लेकर लोगो को जागरूक कर रही हैं। जिसमें पेट्रोल पंप संचालक पूरा सहयोग कर रहे हैं। नगर में यातायात नियमों को पालन कराने के लिए पेट्रोल पंप संचालक कड़ाई से लोगो को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिसमे बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहनों को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भी नहीं दे रहे हैं। वही स्थानीय पुलिस के लचर रवैये को लेकर वाहन चालक यातायात के नियमों के प्रति संजीदा नहीं है। नगर में संचालित चार पेट्रोल पंपों के संचालकों द्वारा कड़ाई करते हुए स्पष्ट रूप से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को मजबूर कर रहे हैं।

जिसमें बगैर हेलमेट के किसी भी बाइक चालक को पेट्रोल नहीं दे रहे हैं वही चार पहिया वाहनों के चालक अगर सीट बेल्ट नहीं लगाए हैं तो उनको भी डीजल य पेट्रोल नहीं दिया जा रहा हैं। पेट्रोल पंपों के संचालकों के कहना है कि स्थानीय पुलिस अगर थोड़ा सख्ती बरते हो यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोग मजबूर हो जायेगें।

# कार्यालय देर से आने वाले कर्मियों को डीएम ने दी सख्त हिदायत

**▸ किसी भी दशा में कार्य पेंडिंग न होने पाए**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी ससमय कार्यालय पहुँचे और समयांतर्गत अपने कार्यो का संपादन करें। किसी भी दशा में कार्य पेंडिंग न होने पाए। गुरुवार की प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कई विभागों के रजिस्टर अपने कार्यालय में मंगवा लिए यह देखने के लिये कि कौन-कौन कर्मचारी देर से आते है, इसके बाद देर से आने वाले कर्मचारियों को उनकी वास्तविक उपस्थित का समय डलवाते हुए कड़ी नसीहत के साथ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाये और नियमित समय से कार्यालय आने की सख्त चेतावनी दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के कई अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा और ई-डिस्ट्रिक्ट प्रभारी को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग और खनन विभाग का निरीक्षण किया रजिस्टर और पत्रावलियों का अवलोकन किया। परिसर में बने शौचालयों को नियमित साफ और स्वच्छ रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने एडीएम कोर्ट सहित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कोर्ट कार्यालय व परिसर का निरीक्षण किया पत्रावलियों को देखा और रख-रखाव के आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा कई अन्य अनुभागों का भी डीएम ने औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की कार्यशैली को देखा और समय से कार्यालय आने की नसीहत देते हुए सम्बंधित को कार्यालय और परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ और ईओ नगरपालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि रविवार को विशेष अभियान चलाकर कार्यालयों और परिसर की साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई के प्रति सभी कर्मियों को सदैव सजग रहना चाहिए।



**कार्यालय ग्राम पंचायत बुडेरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 31.01.2025 से 07.02.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बुडेरा | गौशाला में टीन शेड निर्माण कार्य बुडेरा | 3.99 लाख | 2% | ईंटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, पाइप, चद्दर, आदि | 15x6 मी. | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

# खाद के लिए भटक रहे किसान, नहीं रूक रही कालाबाजारी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौरिख के सराय कायम में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोडो समाज जोडो सभा का आयोजन किया। इस मौके पर मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने समाज के लोगो को संबोधित करते हुए कि समाज को जो जातियों मे बांटा गया है। आजाद समाज पार्टी जाति तोडो समाज जोड़ों मीटिंग करके जातियों को खत्म करके समाज को एक मंच पर जोड़ने का काम कर रहे हैं।

बहुजनों की समस्याओ का समाधान सिर्फ एंड चन्द्रशेखर आजाद जी कर सकते हैं व भीम आर्मी मण्डल सचिव पातीराम बौद्ध ने कहा कि आज जो कुछ भी है वो सिर्फ बाबा साहेब की बदौलत है बाबा साहब ने चार चार बच्चों की कुर्बानी देकर देश को सर्वश्रेष्ठ संविधान देने का काम किया व आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि बीजेपी आरएसएस और तथाकथित धर्माचार्य भारत के संविधान करना चाह रहे और अपना मनुवादी संविधान लागू करना चाह रहे हैं पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ऐसा कदापि नही होने देगे बाबा साहब के संविधान के लिए जान की बाजी लगानी पडी तो पीछे नही हटेंगे पर संविधान के सम्मान के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नही करेंगे बीजेपी सरकार सिर्फ आपस में लड़ाकर देश का माहौल खराब कराना चाह रही है बीजेपी सरकार मुस्लिम दलित ओबीसी और अल्पसंख्यकों, महिलाओं की विरोधी हैं बीजेपी सरकार मे किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है और कालाबाजारी भी नही रोक पा रही हैं।



आने वाले समय में आजाद समाज पार्टी मजबूती से विधानसभा चुनाव लड़कर बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकना काम करेंगे व शिवम गौतम को जिला उपाध्यक्ष बनाया व दर्शन भर लोगों ने पार्टी का दामन थामा इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला सचिव शेर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सतीश कुमार, अजय प्रधान, मीडिया प्रभारी अनुज रावण मौजूद रहे।

## जानवर बांधने का विरोध करने पर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रास्ते मे जानवर बाधने से मना करने पर गांव के ही लोगों ने युवक के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पनगवा निवासी शुभम गुप्ता पुत्र रमेश चंद्र ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते मंगलवार की शाम करीब 07 बजे जानवर बांधने से मना करने पर गांव के ही दो लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चित्रकला में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**तेराजाकेट, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



चित्रकला प्रतियोगिता में बनाए पोस्ट दिखाते छात्र-छात्राएं।

शहीद दिवस पर नेहरू युवा केंद्र कन्नौज द्वारा विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित व मौन धारण कर उनको नमन किया गया।

**▸ राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देकर रखा मौन**

वीर-शहीद पुरुषों को याद कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। गुरूवार को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने वीर शहीदों, राष्ट्रीय ध्वज, प्राकृतिक दृश्य का चित्रण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 75 छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में अनीशा मंसूरी ने प्रथम, साक्षी कुशवाहा ने द्वितीय व काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार, रोहित कटियार, कैलाश, अनीता वर्मा, इंद्रेश यादव व कॉलेज के शिक्षकों ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील यादव ने किया। कार्यक्रम संयोजक गौतम सिंह ने उप प्रधानाचार्य का पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक चोरी की एसपी से शिकायत

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के शाहनगर गांव निवासी मनीष कुमार ने गुरूवार को एसपी को एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज के जनरल वार्ड के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई थी। सूचना देने के बाद भी तिर्वा कोतवाली पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### डीएम से की अवैध कब्जे की शिकायत

**तिर्वा।** उमर्दा में स्थित काऊ मिल्क प्लांट के किनारे स्थित जंगल ढाक व चारागाह की जमीन पर अबैध कब्जा कर क्षेत्र के भू-माफिया उक्त जमीन को बिक्री कर रहे हैं। इसकी शिकायत गुरूवार को जिलाधिकारी से की गई है। मामले में डीएम ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को जांच के आदेश दिए है। बघेलेपुर्वा गांव निवासी नरेन्द्र पुत्र मान सिंह ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि काऊ मिल्क प्लांट के निकट गाटा संख्या 2669 व 2676 पर दबंगो ने कब्जा कर लिया है। अबैध कब्जे के बाद भू-माफिया इसकी रजिस्ट्री कराकर लोगों को बिक्री कर रहे हैं।

### 28 दिन का कठोर कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अभियोग में न्याया. द्वारा अभियुक्त को धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुये न्यायालय में अभियुक्तों को 28 दिन का कारावास व 5500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये दिनांक 29.01.25 को न्यायालय एडीजे 2 द्वारा अभियुक्त अनिल पुत्र श्री विघाराम मिश्रा निवासी ग्राम सकरावा थाना सौरिख कन्नौज को 28 दिन का कठोर कारावास व 5,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने बेवजह दरवाजे पर आकर युवक से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आई उसकी पत्नी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इंदुइयागंज निवासी अंशिका उर्फ नीतू पत्नी विवेक ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बुधवार की शाम करीब 6.30 बजे गांव के ही तीन लोग उसके दरवाजे पर आए और बेवजह उसके पति से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब पीड़िता ने बीच बचाव किया तो उससे भी मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गैंगस्टर एक्ट मामले में दोषी को दो साल की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** थाना सौरिख में गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने दोषी पाते हुये न्यायालय में दो वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये जुर्माना लगाया गया। अभियुक्तगण द्वारा संगठित गिरोह बनाकर समाज में भय व आतंक का माहौल बनाना व आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने के सम्बन्ध में थाना सौरिख में गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट ) /अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त अजय कुमार पुत्र रामसेवक निवासी चौधरियापुर को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### मौन धारण कर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूती देने वाले शहीदों की स्मृति पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस कार्यालय में अधिकारी/कर्मचारीगण को 02 मिनट का मौन व्रत धारण करवाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसीक्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने- अपने थाना परिसर में मौन धारण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी।

# साहूकारी लायसेंस के नवीनीकरण पर हुई चर्चा



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ चंद्रकान्ता पैलेस में सर्राफा व्यवसाई संघ की बैठक आयोजित**

सर्राफा व्यवसाय संघ की बैठक मैं समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी से भेंट कर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की जाएगी मोहल्ला बजरिया छिबरामऊ स्थित चंद्रकान्ता पैलेस में सर्राफा व्यवसाई संघ की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्राफा व्यवसाय से सम्बंधित समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ व साहूकारी लायसेंस के नवीनीकरण पर चर्चा हुई बताया गया कि पिछले बहुत समय से व्यापारियों द्वारा लगातार साहूकारी लायसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा किये जा रहे हैं व सभी औपचारिकता पूरी की जा रही हैं।

इसके बावजूद लायसेंस के नवीनीकरण नहीं किये जा रहे हैं इस के लिए शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलकर निवेदन किया जायेगा बैठक में महामंत्री नरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष रामानंद वर्मा सहित सभी मुख्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने दी महाकुंभ में मृत आत्माओं को श्रद्धाजंलि



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

मौनी अमावस्या के मौके पर महाकुंभ में मची भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की हुई मौत व भारी तादात में उनके घायल होने के मामले में गुरूवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एक शोक सभा कर उन्हे अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। तहसील सभागार में आयोजित श्रद्धाजंलि सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। सभी मृत आत्माओं को श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृज मोहन सिंह यादव, संरक्षक सुधीर यादव, राजेश श्रीवास्तव, देवेन्द्र भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह यादव, अजय बघेल, सुमित श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बिजली बिल के विवाद में महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बिजली बिल के विवाद को लेकर पारिवारिकजनों ने महिला के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचपुखरा निवासी दीपा देवी पत्नी विमलेश ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 30 जनवरी की शाम करीब 3.30 बजे परिवार के ही 04 लोगों ने बिजली बिल के विवाद को लेकर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवती की फोटो वायरल करने की दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गांव के युवक पर युवती ने उसकी फोटो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल करने सहित रास्ते में आते जाते समय परेशान कर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के युवक ने उसे बदनाम करने की नियत से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उसकी फोटो पोस्ट कर दी और रास्ते में आते जाते समय भी उसे परेशान कर धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन


महात्मा गांधी को पुयपांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता विजय मिश्रा।

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महात्मा गांधी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्रपिता की उपाधि देकर संबोधित किया था। तभी से पूरा राष्ट्र उन्हें बापू के नाम से पुकारता है। यह बात गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कही। गुरुवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा उपाधि से पुकारा था। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में गांधी जी ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने गांधी जी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसे समय के बिरला मंदिर में पूजा हेतु जा रहे थे। 30 जनवरी 1948 को देश के इतिहास में काला दिन के रूप में मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त गांधी जी के जीवन में हमें सत्य अहिंसा, स्वच्छता, ईमानदारी और ईश्वर में आस्था जैसे मानवीय सीख मिलती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह, राम प्रकाश, सतीश चंद्र, सुरेंद्रनाथ मिश्र, कमलेश कुमार, अतुल कुमार मिश्रा, श्रुति मिश्रा, गजेंद्र सिंह यादव, रामू त्रिपाठी, शिवकुमार वर्मा व मो. आरिफ उपस्थित रहे।

# बेरोजगार नवयुवक प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार प्राप्त करें



प्रशिक्षण में जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 20 दिसम्बर 24 से 15 फरवरी 25 के मध्य 21 दिवसीय सब्जियों, फलो, फूलों की पौध उत्पादन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने बताया कि बेरोजगार नवयुवक प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सिंह ने बताया की सब्जियों की मिट्टी रहित पौध तैयार करने के लिए कोकोपीट, वर्मीकोलाइट, परलाइट को 3ः1ः1 के अनुपात में तैयार करें तथा प्रो ट्रे के माध्यम से पौध तैयार करने की तकनीक को सिखाया जा रहा है।

**▸ प्रशिक्षण में सीखे सब्जियों की मिट्टी रहित पौध उत्पादन**

जिसमें 15 बेरोजगार नव युवक भाग ले रहे है।

ये नव युवक केंद्र पर सब्जियों की पौध उत्पादन के साथ-साथ फलो, फूलों की नर्सरी उत्पादन तकनीक को भी सिखाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविन्द कुमार ने मिट्टी में नर्सरी उत्पादन में समस्या के वारे में विस्तार जानकारी प्रदान करते है। केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार, गृह वैज्ञानिक डॉ चन्द्र कला यादव, मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने अपने- अपने विचार व्यक्त किये।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने कुष्ठ रोग को जड़ से मिटाने की ली शपथ

**▸ 30 जनवरी से 13 फरवरी तक घर-घर चलेगा अभियान**

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गुरसहायगंज सीएचसी पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाते स्वास्थ्य कर्मी।

स्वास्थ्य कर्मियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि पर नमन किया। इसके बाद 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत शपथ लेकर शुभारंभ किया और रैली निकाल कर स्थानीय लोगों को कुष्ठ रोग की पहचान और उसके उपचार की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए। गुरवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इसके बाद स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरूआत कर कर्मियों ने कुष्ठ रोग को जड़ से समाप्त करने की शपथ ली। स्वास्थ्य कर्मियों ने हाथों में वैनर व पोस्टर लेकर जागरूकता रैली निकाली और स्थानीय लोगों को कुष्ट रोग की पहचान व उपचार की जानकारी दी। इस दौरान डा. नीरज कुमार, डा. स्वाती गुप्ता, डा. श्रुति, फार्मासिस्ट आशीष स्वरूप, फिरोज अली, एलटी आरपी विमल, एलटी आनंद कुमार, अखिलेश कुमार, मधुलता, योगेन्द्र शाहू, सुरभी लता पटेल, फराह नूर, अर्चना, जैनुल, हेमंत आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालग्राम में डा. योगेश राजपूत, डा. प्रेमचन्द्र, डा. मोहसिन जमा खां, सर्वेश कुमार, सुरजीत कुमार, अजय पाल, सरिता प्रजापति, मनोज कुमार, पियूष यादव, कुलदीप, सुखदेव, अनिल, अंकित, अखलेन्द्र ने भी कुष्ट को जड़ से मिटाने की शपथ लेकर जागरूकता रैली निकाली।

## घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरापित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 25 जनवरी की शाम 07 बजे गांव के ही बबलू यादव ने उसके घर में घुसकर बदनियति से उसे दबोच लिया। उसके कपड़े फाड़ दिए। जब महिला ने इसका विरोध किया तो युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गौरी क्रिकेट टीम ने एचएम टीम को किया पराजित

**▸ तीन ओवरों में 5 विकेट लेने पर गौरी क्रिकेट टीम के राशिद को मिला मैन आफ द मैच**

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के दारासराय कालोनी के नजदीक ग्राउंड में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को एचएम व गौरी क्रिकेट टीम के बीच मैच कराया गया जिसमें पहले गौरी क्रिकेट टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में 7 विकेट आउट होकर 122 रनों का लक्ष्य बनाया गया इसके बाद एचएम क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाकर 12 ओवरों में पूरी टीम आलाउट हो गई कमेटी के आयोजकों ने 20 रनों से गौरी क्रिकेट टीम विजय घोषित कर दी विजय हुई टीम के खिलाड़ियों ने पूरे ग्राउंड में जश्न मनाया 3 ओवरों में 5 विकेट लेने पर गौरी क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मोहम्मद राशिद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आखिर तक मैच का आनंद लने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक डटे रहे टूर्नामेंट कमेंटी के नफीस बम्बईया ने संवाददाता फहीम शेख को जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मैच में जो टीम विजय होगी उसे एक स्प्लेंडर बाइक व उपविजेता टीम को मैन ऑफ द सीरीज में वन प्लस मोबाइल दिया जाएगा।



इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेंटी के अब्दुल्ला खां, मो. नफीस बम्बईया, मोहम्मद आरिफ उर्फ शीरू, मोहम्मद इमरान, नदीम खान के अलावा रुकसाद पहलवान,मो. मुजम्मिल उर्फ कबूतर आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के साथ न हो किसी भी तरह का उत्पीड़न : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

ब्लाक, तहसील, निकायों आदि स्थानों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये जा चुके है। सभी स्कूल, निजी संस्थानों में पर समिति का गठन यथाशीघ्र किया जाये। जिला स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी कमेटी के नोडल अधिकारी होंगे। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013) के संबंध बैठक में कही। कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य है। कि कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के लिये एक तंत्र प्रदान करना। कहा कि अदृश्य समिति को दृश्यमान बनायें। इसे यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाये। किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ किसी प्रकार का उत्पीड़न होता है, तो समिति में अपनी शिकायत दर्ज करवा करवाए। प्राप्त शिकायत का त्वरित संज्ञान लिया जायेगा। 10 से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यालय में समिति का गठन किया जायेगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे लोगों में जागरूकता आये। कहा कि गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से लैंगिक उत्पीड़न एवं महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूकता संबंधी कार्यक्रम कराये जाये। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एएसपी अजय कुमार, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीआईओएस डॉ पूरन सिंह सहित संबंधित अधिकारी रहे।

**▸ महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में की बैठक**

जिलाधिकारी ने सहकारिता जिला स्तरीय डीसीडीसी की समीक्षा बैठक में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जो कार्य किये जाने है। उनकी कार्ययोजना तैयार कर लें। इस क्षेत्र में नये- नये उपाय और नई संभावनाएं खोजी जाए। कहा कि जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में, शॅपिग माल, दुग्ध, आटा, मत्स्य आदि सर्विस सेक्टरों के लोगों को समीतियों से जोडा जायें। निर्देश दिये कि प्रोसेसिंग कार्यो से जुडे लोगों को समितियों से जोड़ा जायें।

## कार निकालने से मना करने पर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे से तेज रफ्तार में कार निकालने से मना करने पर आरोपितों ने दो भाइयों और उसकी माता के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम असौलिया निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह ने बताया कि 30 जनवरी की शाम लगभग 03 बजे गांव के ही तीन लोगों ने उसके साथ दरवाजे से तेज कार निकालने से मना करने को लेकर अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके भाई सौरभ सिंह और मां रानी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला अग्निशमन केंद्र के चालक का शव


मौके पर जांच करते पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी


रोते बिलखती पत्नी व मां व अन्य परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर तहसील क्षेत्र में बने अग्निशमन केंद्र में चालक के पद पर तैनात मुनेश कुमार यादव का शव गुरुबार दोपहर 12.00 उस समय लटकता हुआ मिला जब उसके साथी राकेश कुमार उसे खाना खाने के लिए बुलाने गए, तो देखा कि मुनेश का शव कमरे में लगे पंखे से बँधी प्लास्टिक की रस्सी में लटक रहा था। उसी समय अग्निशमन केंद्र पर तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने अपने विभाग में सूचना दी व विभाग द्वारा परिजनों व राजेपुर पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही मौके पर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अलोक प्रियदर्शी, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी विजय प्रकाश त्रिपाठी आदि ने मौके पर जाकर जाँच की। अग्निशमन अधिकारी ने बताया की मुनेश प्रतापगढ़ जनपद में तैनात थे। उन्होंने 26.06.2023 को अपना तबादला फर्रुखाबाद जनपद के लिए करा लिया था। तब से वह यहीं पर तैनात थे। मैनपुरी जनपद के कुरावली थाना क्षेत्र के गाँव बलरामपुर के निवासी थे। जानकारी करने पर पता चला कि वह

▸ **कमरे में मिले शराब के पौवे, फील्ड यूनिट ने लिया कब्जे में**

शराब के आदी थे। उनके कमरे से भी शराब के भरे व खाली पाउच मिले हैं। जिन्हें फील्ड यूनिट ने अपने कब्जे में ले लिया है। साथियों ने बताया कि कल रात लगभग 8 बजे वह किसी से बहुत तेज आवाज में बात कर रहे थे, पर हम लोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया। वह अक्सर किसी बात को लेकर परेशान रहते थे। वहीं जानकारी मिली कि मृतक चालक कल ही अपने गांव से लौटा था और गांव में उसका एक दुकानदार से झगड़ा भी हुआ था। राजेपुर थानाध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी द्वारा बारीकी से जाँच पड़ताल की गयी व परिजनों के पहुँचते ही कोहराम मच गया। मुनेश की पत्नी शीला व बड़े बेटे अंशुमन, छोटे बेटे अनूप का रो-रोकर बुरा हाल है। चालक मुनेश के बहनोई इंद्रजीत यादव जनपद के नबाबगंज थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। जो घटना के बाद मौके पर पहुँच गए थे तथा पहुँचने के बाद शव को फील्ड यूनिट टीम व पुलिस की मदद से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। राजेपुर पुलिस द्वारा पंचायतनामे की कार्यवाही की गयी।

# एलएलबी की परीक्षा देने आए दो छात्रों के बाइक की डिग्गी से मोबाइल चोरी

**कमालगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एलएलबी की परीक्षा देने आये आरपी डिग्री कॉलेज कमालगंज में छात्र का मोबाइल डिग्गी से चोरी कर लिया गया। छात्र ने पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहन वर्मा पुत्र जोगेंद्र सिंह जो कि परीक्षा देने के लिए आर0पी0 डिग्री कॉलेज कमालगंज आया था। उसने अपना मोबाइल फोन बाइक की डिग्गी में सुरक्षित रख दिया और परीक्षा हॉल में चला गया। जब परीक्षा समाप्त होने के बाद वह लौटकर आया और डिग्गी खोली, तो उसका मोबाइल गायब था। घटना के बाद छात्र ने कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्र में अपने मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। मोबाइल चोरी होने के बाद छात्र ने कमालगंज थाने में लिखित शिकायत की और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की। छात्र ने पुलिस को मोबाइल का मॉडल ईएमईआई नंबर और सिम नंबर भी उपलब्ध कराया है। कॉलेज में सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कॉलेज परिसर और पार्किंग क्षेत्र में सुरक्षा की कमी के चलते छात्रों में असंतोष है। पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजामों में सुधार नहीं किया गया। छात्र ने कॉलेज प्रशासन से पार्किंग क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने और गार्ड तैनात करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**वहीं दूसरी ओर** छात्र संजय शाक्य पुत्र सुरेंद्र शाक्य निवासी नगला कन्हई थाना मऊदरवाजा बद्री विशाल में एलएलबी की परीक्षा देने आया था। परीक्षा सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक होनी थी। छात्र ने अपना मोटोरोला 50 फ्यूजन मोबाइल बाइक के लॉकर में रख दिया था। परीक्षा खत्म होने के बाद जब छात्र ने बाहर आकर देखा, तो बाइक की डिग्गी से मोबाइल गायब था। छात्र ने गार्ड व अन्य लोगों से पूछताछ की, लेकिन मोबाइल का कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी है।

# आग से झोपड़ी जलकर खाक, भैंस की जलकर मौत


जली झोपड़ी व भैंस तथा मौजूद ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बैरागढ़ निवासी रामनंदन पुत्र मदनलाल के घर से कुछ दूरी पर पड़ी झोपड़ी में आग लग गयी। जिससे चारपाई, गद्दा आदि जल गया तथा भैंस की जलकर मौत हो गयी। जिस समय आग लगी, उस समय रामनंदन भंडारा खाने पड़ोसी गांव में गया था। जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया गया है कि रामनंदन का घर गांव के अंदर है। उससे कुछ दूरी पर एक झोपड़ी पड़ी है। झोपड़ी में भैंस को बांधा जाता था। रात्रि में रखवाली के लिए पशु पालक सोता था। बीते दिवस रामनंदन पड़ोसी गांव फरीदपुर मंगलीपुर में भंडारा खाने गया था। जबकि भैंस झोपड़ी में बंधी थी। मध्य रात्रि के करीब झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। झोपड़ी के अंदर भैंस भी जलने लगी। जब आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को हुई, तो उन्होंने जानकारी घर पहुंचे पशु स्वामी को दी। जब तक ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया तब तक झोपड़ी जलकर खाक हो चुकी थी तथा झोपड़ी के अंदर बांधी गई भैंस की जलकर मौत हो चुकी थी। बताया गया आगजनी की घटना में झोपड़ी में पड़ी चारपाई, बिस्तर रजाई गद्दा तथा अन्य समान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे तथा आगजानी की घटना का निरीक्षण किया। उधर पशु चिकित्सक ने भी सूचना के आधार पर मृतक भैंस का पोस्टमार्टम किया।

रामनंदन ने बताया कि भैंस की कीमत लगभग एक लाख रूपये थी। पशुपालक के अनुसार भैंस घर गृहस्थी में भरण पोषण का माध्यम थी। आग कैसे लगी पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए कहा संभवतः किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीड़ी, सिगरेट जिसे पीने के बाद फेंक दिया हो जो आगजानी का कारण बन गई हो। पशु स्वामी द्वारा आगजानी की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी गई।

# सफाई मित्रों की कैपेसिटी बिल्डिंग/प्रशिक्षण देने हेतु कार्यशाला सम्पन्न



कार्यशाला के दौरान मौजूद पालिकाध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार व अन्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर पालिका परिषद कायमगंज सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सफाई मित्रों की कैपेसिटी बिल्डिंग/प्रशिक्षण देने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष व ब्रांड एंबेसडर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ व शाल भेंटकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इसके पश्चात कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 नवीन टूल किट का विस्तृत वर्णन कर सर्वेक्षण के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पालिका अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को साफ -सफाई व व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण हेतु सलाह देते हुए आगामी दिवसों में निकाय के सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निकाय की ब्रांड एंबेसडर पूर्व अध्यक्ष रीता गंगवार द्वारा अच्छा कार्य करने हेतु सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र दिए गए व अपने शहर को साफ व स्वच्छ रखने हेतु संबोधन करते हुए कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ-साथ निकाय में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को अपनी ओर से भविष्य पुरस्कृत/सम्मानित करने हेतु कहां गया। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, अवर अभियंता (जल) प्रशांत कुमार, राजस्व निरीक्षक अंशुमन शुक्ला, प्रभारी डिस्पैच लिपिक आरती, प्रभारी लिपिक विजय कुमार, सफाई नायक बृजेंद्र सिंह, उमेश, रवि, विमलेश व सुभाष, निकाय के समस्त कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अग्निवीर भर्ती में युवाओं ने दिखाया दमखम, 322 ने पास की दौड़


दौड़ में भाग लेते युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के दूसरे दिन युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। इस दौरान फतेहगढ़ के तीन स्कूल अग्निवीरों के रुकने के लिए चिंहित किये गये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दूसरे दिन अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरु की गयी। बताते चलें कि अग्निवीरों की भर्ती सैनिक भर्ती बोर्ड बरेली की तरफ से आयोजित की जा रही है। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में युवाओं के डॉक्यूमेंट चेक चेक किए गए। इसके बाद युवाओं को राजपूत रेजीमेंट सेंटर के करिअप्पा ग्राउंड पर भेज दिया दिया गया। जहां युवाओं ने रनिंग ट्रैक पर दौड़ लगाकर अपना दम कम दिखाया। फतेहगढ़ के अधिग्रहित किये गए तीन स्कूलों में अग्निवीर भर्ती देखने आए युवाओं के रुकने की व्यवस्था की गई है। जहां सभी सुविधायें उपलब्ध हैं। इस दौरान सिविल पुलिस भी जगह-जगह तैनात की गयी। जिससे युवा कोई उपद्रव न कर सकें। बताते चलें कि 886 युवाओं को कॉल लेटर भेजे गये थे। जिसमें 638 उपस्थित रहे। जिसमें से 322 युवा ही दौड़ निकाल सके।

### युवक युवती पर आईटी एक्ट व छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी मोहित मिश्रा उर्फ मोनू पुत्र राजेश नारायन मिश्रा व प्रिया पुत्री रामकिशोर मिश्रा के विरुद्ध छेड़छाड़, पॉस्को, जान से मारने की धमकी देने एवं सूचना प्रोधोगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार उक्त आरोपित मोहित मिश्रा उर्फ मोनू प्रिया के सहयोग से मेरी नावालिग 14 वर्षिय पुत्री को आए दिन परेशान करते हैं मोहित मिश्रा मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ भी कर चुका है। 26 जनवरी के कार्यक्रम में समय 9:30 बजे मेरी पुत्री एक प्राथमिक विद्यालय में गई हुई थी। वहां पर प्रिया मिश्रा द्वारा फोटो खींचे गए और मोहित मिश्रा को व्हाट्सएप किए। मोहित मिश्रा द्वारा उन फोटो को फेसबुक पर अपशब्द लिखकर पोस्ट किए गए। सोशल मीडिया और समाज में छवि धूमिल हुई है। उक्त आरोपित कई बार बदनाम करने की कोशिश कर चुके हैं। जब आरोपितों के घर शिकायत की गई, तो लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी और कहा कि जो हम कहेंगे वो नहीं करोगी, तो ऐसे ही बदनाम करते रहेंगे। उक्त आरोपित फेसबुक आईडी विनीता मिश्रा के नाम से फर्जी बनाए हुए हैं। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ संजय वर्मा के सुपुर्द कर दी है।

### मां की डांट से क्षुब्ध पुत्र ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रिटौल निवासी आकाश कुमार उम्र 25 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार को माँ ने किसी बात को लेकर डॉट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर आकाश ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्म हत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# तूने आंखों ही आंखों में क्या कह दिया, लोग समझे कि बर्बाद हम हो गए...




**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. सुनील सिद्धार्थ की पुस्तक खरी खोटी के लोकार्पण के अवसर पर हुए शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन कियागया। अनुगूंज साहित्यिक संस्था के बैनर तले सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाई। लखनऊ से पधारे रामकिशोर तिवारी ने संदेश देते हुए कहा-तुम स्वयं अपना दीपक जलाओ सखे। सो गई चेतन को जगाओ सखे।।, फ्तेहपुर की धरती से आए हास्य के कवि समीर शुक्ला ने श्रोताओं को बहुत देर तक बांधे रखा। उनकी रचना-अरे मेरे भैया बच के रहना, गिरगिट मिलि हैं सतरंगा। टिंनिक टिंनिक हर गंगा। वीर रस के जाने माने कवि बलराम सरस एटा ने वातावरण को बदलते हुए कहा-श्रृंगार के नगमे नहीं अब अंगार पर लिखिए। महबूब हो जिनका वतन उस प्यार पर लिखिए।। डॉ0 सुनील सिद्धार्थ ने आज की व्यस्त जिंदगी पर अपने विचार रखते हुए कहा-यूं तो बहाने बहुत हैं न मिल पाने के। चलो एक बहाना मिलने का भी कर लिया जाए। लखनऊ की हेमा पांडे ने श्रोताओं को श्रृंगार में सराबोर करते हुए पढ़ा-पग महावर लगाया तुम्हारे लिए, रूप मैंने सजाया तुम्हारे लिए। सात जन्मों तलक तुम हमारे रहो, चांद को जल चढ़ाया तुम्हारे लिए।। गीतकार पवन बाथम ने अपने चिर परिचित अंदाज में पढ़ा-याद करके तुझे शाद हम हो गए तेरी दुनिया में आबाद हम हो गए। तूने आंखों ही आंखों में क्या कह दिया, लोग समझे कि बर्बाद हम हो गए। बाराबंकी के जाने.माने हास्य के धुरंधर प्रदीप महाजन ने अध्यापकों के दर्द को व्यक्त करते हुए कहा-बच्चों को मिले शुद्ध दूध इसलिए मित्रों, अध्यापकों को भैंस भी अब पालनी होगी। हास्य के वातावरण को बहराइच से पधारे ओम वर्मा ओम ने ओजस्वी वाणी से संदेश देते हुए कहा राग द्वेष, भेदभाव, धर्म जाति छोड़ सब एक-एक पुत्र मेरा बोले वंदे मातरम। वाराणसी से पधारी रेशमी आवाज की मलिका विभा शुक्ला गीत और गजल पढ़ते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इन्होंने मुक्तक पढ़ते हुए कहा-गमों के साए ढलते जा रहे हैं, पुराने दिन बदलते जा रहे हैं।, बुलंदी पर जो देखा पक्षियों को, मेरे भी पर निकलते जा रहे हैं।। प्रारंभिक संचालन योगेश तिवारी प्रधानाचार्य सीपी विद्या निकेतन ने और कवि सम्मेलन का संचालन रामकिशोर तिवारी किशोर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और पुस्तक की समीक्षा प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने की। कार्यक्रम में डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल, डॉक्टर शरद गंगवार, अमर सिंह खटीक पूर्व विधायक, सर्वेश कनौजिया नायब तहसीलदार सदर, हर्षवर्धन प्रबंधक जिला सहकारी बैंक शमसाबाद और प्रधानाचार्य सौरभ गंगवार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वर्षों से एलईडी लाइट खराब बरगद चौराहे पर अंधेरा कायम


चौराहे पर लगी खराब एलईडी लाइट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

याकूतगंज बरगद चौराहे पर लगी एलईडी लाइट कई सालों से खराब पड़ी है। हालांकि ग्राम प्रधान व सचिव को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन वह इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली फतेहगढ़ के याकूतगंज में बरगद चौराहे पर एलईडी लगायी गयी थी। उक्त चौराहे पर हर समय लोगों का आवागमन रहता है। यहां पर लोगों की सुविधा के लिए एलईडी लाइट लगायी गयी थी। जो कुछ दिन तक तो ठीक चली, लेकिन उसके बाद उक्त एलईडी लाइट खराब हो गयी। आज कई सालों से ऐसे ही पड़ी है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और चोरियों आदि का भी भय बना रहता है। यहां के निवासियों ने कई बार प्रधान तथा सचिव से आरजू मिन्नत की और एलईडी लाइट ठीक करवाने को कहा, लेकिन प्रधान और सचिव ने लोगों की बातों को अनदेखा कर दिया।

# तेज रफ्तार दो ट्रक भिड़े, चालक समेत तीन की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ **तीन लोग घायल, चार घंटे तक अवरुद्ध रहा मार्ग**

मोहम्मदाबाद-छिबरामऊ रोड पर गुरुवार की सुबह दो ट्रक आमने सामने भिड़ गये। जिसमें चालक समेत तीन की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पाकर आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के परख्चे उड़ गए। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के दतिया के उनाव बालाजी निवासी ट्रक चालक राहुल कुमार, कंडक्टर दिनेश के साथ ट्रक में डस्ट लोड करके शाहजहांपुर के कलान कस्बे में उतारने के लिए जा रहे थे।

जब सुबह 7:30 बजे के करीब नगला नींव रठौरा से छिबरामऊ जाने वाले मार्ग पर स्थित कुम्हौली मोड़ काली नदी पुल के पास से गुजर रहे थे कि तभी गैस प्लांट से सिलेंडर लेकर एक ट्रक गुरसहायगंज जा रहा था। जिसको सकवाई गांव निवासी अभिमन्यु उर्फ कल्लन राठौर चला रहे थे। इसमें कंडक्टर रामकिशोर थे जो नगला बीच गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा ट्रक में सिलेंडर लोड करने वाली लेबर कल्यानपुरा इटावा निवासी विपिन और मैनपुरी निवासी अक्षय बैठे हुए थे तथा अपने गांव जा रहे थे। थाना छिबरामऊ के गांव जसुआमई निवासी मानसिंह भी बैठे थे। दोनों ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक ट्रक के चालक राहुल व दूसरे ट्रक के चालक अभिमन्यु और कंडक्टर रामकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में विपिन, अक्षय और दिनेश तथा मानसिंह घायल हुए हैं। एक्सीडेंट की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे तथा तीन एंबुलेंस के द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा।


ट्रक को हटाती जेसीबी

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर मोहित मिश्रा ने घायल दिनेश, अक्षय तथा मानसिंह को लोहिया रेफर कर दिया। थाना पुलिस ने चालक अभिमन्यु तथा राम किशोर के शव को मोर्चरी भेजा। दूसरे ट्रक के चालक राहुल का शव ट्रक में फंस गया। ऐसे में कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 3 घंटे बाद राहुल के शव को निकाला गया। इस घटना में लगभग 4 घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। इसके बाद क्रेन तथा जेसीबी की मदद से दोनों ट्रैकों को किनारे करके मार्ग पर आवागमन चालू कराया गया।

### अधेड़ के सिर पर धारदार हथियार से हमला, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखिरिया निवासी प्रमोद कुमार पुत्र सुजान सिंह ने पडोसी गांव अछरौड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र रविन्द्र सिंह के विरुद्ध धारदार हथियार से हमला कर घायल कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 28 जनवरी की रात समय 9:25 बजे अमित कुमार बाइक से मेरे बंधे जानवरों के पास आया मेरे टोंके जाने पर अमित ने मेरे ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आ गई। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दारोगा अमित कुमार शुक्ला को सौंप दी।

### जंगली जानवर को भगाने के लिए लगाई गई आग हुई विकारल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव के बाहर उत्तरी ओर गगनी खुदागंज मार्ग पर स्थित ब्रह्मदेव के पेड़ एक जंगली जानवर चढ़ गया था। जिसको लेकर गांव के कुछ लोग इकट्ठा हो गये और ब्रह्मदेव के पेड़ पर घास पूस इकट्ठा कर आग लगाई। आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे गांव के लोग भयभीत हो गये और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। डायल 112 भी मौके पर पहुंची उन्होंने जांच पड़ताल की। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ।

### दबंगों ने पानी काटकर आलू की फसल बर्बाद की

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी राज किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके ही गांव के रामजी तथा कौशलेंद्र ने खेत के पास में लगे नलकूप को चालू कर उसके खेत की मेड़ काट दी। जिससे कि उसके आलू की फसल में पानी ज्यादा भर गया और आलू की फसल डूब गई और आलू खराब हो गए। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

# गोद भराई कार्यक्रम में खाना खाने से तीन दर्जन लोग फूड प्वाइजनिंग का हुए शिकार



एक्सपायरी डेट का मसाला दिखाते परिजन


अस्पताल में भर्ती लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन गोद भराई कार्यक्रम के दौरान खाना खाने से करीब तीन दर्जन लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गये। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि उन्होंने जो भी मसाले आदि खरीदे वह प्रधान की दुकान से खरीदे, जो एक्सपायरी डेट के थे।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अठरुइया निवासी रूबी पुत्री शिवराम सिंह की गोद भराई का कार्यक्रम बीते दो दिन पूर्व हुआ था। रुबी के चाचा संतोष कुमार के बताये अनुसार उन्होंने खाना बनाने के लिए मसाले आदि ग्राम प्रधान की दुकान से खरीदे थे। जो एक्सपायरी डेट के थे। उन मसालों को भोजन में डालने से जिसने भी भोजन को खाया, उन सबको फूड प्वाइजनिंग हो गयी। जब इस संबंध में प्रधान से बात की गयी, तो प्रधान ने सभी का इलाज कराने की बात कही, लेकिन बाद में वह अपनी बात से मुकर गये। तब पीड़िता ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर कॉल की। जिससे 1076 हेल्पलाइन की कॉल से एक्टिव हुए थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी पुलिस फोर्स के साथ ग्राम अठरुइया पहुंचे और पीड़ितों का हालचाल लिया। तब उन्होंने 108 एंबुलेंस को कॉल की। एंबूलेंस से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक पीड़िता रूबी पुत्री शिवराम सिंह, प्रियंका पुत्री शिवराम सिंह 17 वर्ष, रंजन पुत्री संतोष कुमार, मृदुल पुत्र सत्येंद्र कुमार, वीना देवी पत्नी सत्येंद्र कुमार, श्रीकृष्णा पुत्र भगवत कुमार, विशाल पुत्र विनोद कुमार, हरिओम, रवीना पुत्री संतोष कुमार 18 वर्ष, रेनू पुत्री आसाराम 17 वर्ष, संतोष कुमार पुत्र जगन सिंह 45 वर्ष, सलोनी पुत्री रामकिशोर 17 वर्ष, शिवांग पुत्र रोहतास, जान्हवी पुत्री रोहतास, पूजा पत्नी रोहतास 40 वर्ष, सर्वेश कुमार, शिवराम सिंह 45 वर्ष, फूलश्री पुत्री राम बरन, अनीता पत्नी विनोद कुमार, राम लली पत्नी रामसनेही 65 वर्ष, किरण पत्नी संजय सिंह 35 वर्ष, ममता पत्नी रामसेवक 40 वर्ष, आकाश पुत्र सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार पुत्र जागरण सिंह 38 वर्ष, धनीराम पुत्र बद्री प्रसाद 45 वर्ष, धनीराम 15 वर्ष, रंजीत पुत्र संतोष 17 वर्ष, असीम पुत्र राम सेवक 18 वर्ष, माधुरी पुत्री सुरेंद्र सिंह 20 वर्ष, सुरेंद्र सिंह पुत्र सियाराम 45 वर्ष तथा जन्म प्रदेश हरियाणा से दूल्हा पक्ष से दीपांशु पुत्र सुशील कुमार सहित पीड़िता के बताएं अनुसार डेढ़ सैकड़ा लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार बने। पीड़ित के बताए अनुसार उनके रिश्तेदार अंबाला, एटा तथा अन्य जगहों से आए। वह अपनी-अपनी जगह पर इलाज करा रहे हैं। लगभग तीन दर्जन से अधिक लोग नवाबगंज में आए। जहां डॉक्टर लोकेश शर्मा ने अपनी टीम के साथ पीड़ितों का प्राथमिक उपचार देना शुरू कर दिया है। वहीं जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य ने पीड़ितों का हालचाल लिया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया।

### तीन दिन पूर्व की घटना में क्यों सोता रहा स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन

**नवाबगंज।** तीन दिन पूर्व घटी घटना के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अथवा जिला प्रशासन को भनक क्यों नहीं लगी, इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। वहीं १०७६ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर सूचना देने के बाद दो तीन घंटे बाद पुलिस सक्रिय हुई और घायलों को एंबूलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। तब कहीं जाकर फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों का उपचार हो सका। वहीं प्रधान जो कि परचून की दुकान किये है वह एक्सपायरी डेट के मसाले बेच रहा है। जिसके चलते उपरोक्त घटना घटी। जिसके चलते ग्राम प्रधान पर कार्यवाही होनी चाहिए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना घटना के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर जाकर जांच करना उचित नहीं समझा।

# हिन्दी साहित्य भारती ने वरिष्ठ कवि वासुदेव मिश्र का किया स्वागत

**संस्था द्वारा कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन**



वासुदेव मिश्र का स्वागत करते संस्था के सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय संस्था हिन्दी साहित्य भारती शाखा फर्रुखाबाद द्वारा राजस्थान के वरिष्ठ कवि वासुदेव मिश्र लालवत्ती का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष रामबाबू मिश्र रत्नेश ने की। संचालन कृष्णकांत अक्षर ने किया। संस्था के मण्डल अध्यक्ष प्रभात अवस्थी व जिला सचिव प्रो0 डॉ. आलोक बिहारी लाल शुक्ल एवं सचिव भारती मिश्रा के विशेष सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। भारतीय महाविद्यालय लोहाई रोड के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कपिध्वज मिश्रा ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। ज्ञान देवी हमें ज्ञान दे शारदे, भारती मिश्रा ने कहा कि जिन्हे दूध में नहाने का चस्का है, ऐसे बतासों से भला क्या होगा। कपिध्वज मिश्रा ने कहा कि गीत बिक चुके है, कलमकार बेखर है। मुख्य अतिथि कवि वासुदेव मिश्र लालवत्ती ने कहा कि हसना-हसाना कोई खेल नहीं, ये है तो ईश्वर का वरदान, अध्यक्ष रामबाबू मिश्र ने कहा कि कृष्ण के वक्तव्य नत शत साक्षी है, यह विनय की युद्ध का पर्यायवाची है। संचालन कर रहे कृष्णकांत अक्षर ने कहा कि राष्ट्रीय चेतना जागृत की देश की माटी तेरी सौगंध खाते हम, प्राण लिये तेरे लिए देंगे तुम ही पर मिट जायेंगे। रामशंकर अवस्थी अबोध ने कहा कि डोलत मधुर बयार सखी और कोकिल तानन हूक बढ़ाई। संस्था के महामंत्री डॉ. आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने कहा कि हास्य जीवन का स्पंदन है और दृष्टि से लालबत्ती ने अपने जीवन में हास्य रस रच को महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, विवेक शुक्ला, बलराम, संजेश शैली, कांता सरोज, संजय गर्ग आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने मुख्य को शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया।

# किसी विद्यालय का अपार आइडी को लेकर न रोका जाये वेतन : लालाराम दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे

माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अपार आइडी, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षकों का एरियर भुगतान, पद पदोन्नाति के संबंध में विचार व्यक्त किये गये। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने कहा कि जिन माध्यमिक विद्यालयों की अपार आइडी किन्ही कारणवश विलंब हो गयी है उनका कार्य भी प्रगति पर है। ऐसे में जिला विद्यालय निरीक्षक किसी भी विद्यालय का वेतन न रोंके। कई विद्यालयों में छात्र कम आ रहे है। जिस कारण कुछ विलंब हो गया है। जबकि उच्चतम न्यायालय का निर्णय है कि अपार आइडी जरुरी नहीं है। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षकों का एरियर का भुगतान टाइम से किया जाये। पद पदोन्नति की पत्रावलियां मंगाई जाये और शिक्षकों का पद पदोन्नति किया जाये, आदि समस्यायें उठायी गई। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, ओमपाल सिंह रघुवंशी, सुधाकर चतुर्वेदी, संजीव चौहान, अनुराम मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, सुनीता, दिनेश चन्द्र, पारुल स्वर्णकार, सुनीता, घनश्याम, रामराज, नीलेश कुमार, श्याम सुंदर, राजेन्द्र कुमार, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## दूसरी शादी करने वाले पति के विरुद्ध पहली पत्नी ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दूसरी शादी कर लेने के बाद पहली पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के विरुद्ध पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव धनियापुर मानपुर निवासी नाजरीन पत्नी आरिफ ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति ने एक लड़की से दूसरी शादी कर ली। इसके बाद से वह लगातार उसे प्रताड़ित कर रहा है।

बीती शाम उसने नाजरीन के ऊपर गैस सिलेंडर खोलकर आग लगाने का प्रयास, किया। जिससे वह बाल-बाल बच गयी। पुलिस थाना पुलिस को पति सहित ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# शिविर के दूसरे दिन भी बनाये गये वृद्धों के आयुष्मान कार्ड


शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाते बुजुर्ग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान बनाने के लिए लगाए गए शिविर में व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित समाजसेवी संस्थाओं ने सहयोग किया। शिविर के दौरान करीब 80 वरिष्ठ नागरिकों के जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर के स्टेट बैंक सेठ गली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शिविर के दूसरा दिन स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान प्रकोष्ठ से संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने मौजूद रहकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। आयुष्मान भारत के जिला प्रबंधक डा0 अमित मिश्रा की देखरेख में कैम्प लगाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए आरोग्य मित्र पंकज द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। नागरिकों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता और उससे होने वाले फायदा से भी अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों से अपने-अपने आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई। इस मौके पर व्यापार फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, भारतीय व्यापार मंडल के कानपुर मंडल संगठन मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, सभासद अतुल शंकर दुबे, संजय गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

## आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 31 जनवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में आठ कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। 250 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यार्थियों का साक्षात्कार होगा। सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ विद्यालय में सुबह 10 बजे उपस्थित हो। जिससे वह रोजगार परक बन सकें और मेले में प्रतिभाग कर सके।

# भाजपा सांसद के पीए ने महाकुम्भ व्यवस्था पर सरकार की खोली पोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सांसद पीए अनूप मिश्रा

महाकुम्भ मेले में अमृत स्नान के दौरान हुए दुखद हादसे से आहत हुए भाजपा सांसद के पीए अपने आपको रोक नहीं पाये और अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा दिया। उन्होंने अव्यवस्था व घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका बयान आने के बाद भाजपा के जब बड़े नेताओं से बात करनी चाही तो सभी ने अपने फोन सायलेंट कर लिये।

बीते तीन दिन पूर्व प्रयागराज महाकुम्भ मेले में हुई भगदड़ से 30 लोगों की मौत की खबर व आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग घायल हुए। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद के पीए अनूप मिश्रा अपना दर्द रोंक नहीं पाये और अपनी ही सरकार को आड़े हाथों लिया। उनके द्वारा दिये गये बयान की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सरकार की पोल खुली है। कुम्भ मेले में पहुंचे सांसद मुकेश राजपूत के पर्सनल असिस्टेंट अनूप कुमार मिश्रा ने अपनी ही प्रदेश सरकार की पोल खोलते हुए नाराजगी जतायी और कहा कि लोग दस घंटे से अधिक जाम में फंसे रहे। वापस जाने तक का रास्ता नहीं है। लोग भूखे-प्यासे जाम में तड़प रहे थे। इससे सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। यह जनता के साथ खिलवाड़ है। 14-14 घंटे ट्रेने लेट चल रही है। श्रद्धालुओं की कोई सुनने वाला नहीं है। पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं को प्रताड़ित कर रही है। व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। ऐसे में सरकार की बाते सभी दिखावटी है। इतने बड़े महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की व्यवस्था की जिम्मा लेने वाली सरकार असहाय दिखी। जिस कारण आये दिन श्रद्धालु कुम्भ मेले में परेशान हो रहे है। न ही उनकी ठीक से सुरक्षा हो पा रही है और न ही स्नान करने के लिए सही से व्यवस्था की गई है। जबकि व्यवस्थाओं को लेकर सरकार खुद अपनी तारीफ करने में लगी है। जबकि हकीकत कुछ और ही है। सांसद के पीए ही नहीं महाकुम्भ का स्नान करके लौटने वाले ऐसे कई लोगों ने बताया कि जितना सरकार का गुडगान इलेक्ट्रानिक मीडिया कर रही है। वैसी व्यवस्था वहां दिखायी नहीं दी। वहां केवल बीआईपी को ही सुविधा मुहैया करायी जा रही है। आम जनता की वहां कोई सुनने वाला नहीं है। आपको बताते चले कि सांसद पीए ने अपना दर्द तो सोशल मीडिया पर बयां कर दिया। उनके इस बयान को लेकर जिस तरह से उन पर दबाव बनाया जा रहा है उसके चलते अब वह चुप्पी साध गये है।


गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

## कांग्रेसियों ने मनायी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा टाउनहाल स्थित नगर पालिका पार्क में गांधी प्रतिमा के समक्ष जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि मनायी गई और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। साथ ही रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम की धुन के साथ कांग्रेसियों ने पुण्य तिथि पर गांधी जी को याद किया। गांधी जी ने देश में अहम योगदान देते हुए सत्यागृह आंदोलन चलाया। दांडी यात्रा निकाली और सत्य अंहिसा के मार्ग पर चलने की लोगों से अपील की थी। हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए और भाईचारा बनाने में गांधी जी की तरह योगदान दें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, वीरेन्द्र मिश्रा, अनमोल, जानकी शुक्ला, महेश चन्द्र वर्मा, पप्पो, सुनीता तिवारी, निक्की, रोशनी, नसरीन, रहीशा बेगम, सबीनाज, हिलाल शफीकी, खालिद, शिवाशीष तिवारी, प्रभात कटियार, अंकित कुमार, दीपक चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में प्रधानाचार्यों ने नेतृत्व क्षमता पर रखे विचार


प्रशिक्षण में विचार व्यक्त करती प्रधानाचार्य विश्वमोहिनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय की पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, उप प्राचार्य डायट के नेतृत्व में कार्यशाला चल रही है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने प्रशिक्षण दिया। नई दिल्ली से तैयार प्रशिक्षण माडयूल्ड से समग्र प्रधानाचार्यो को नेतृत्व विकास, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन नेतृत्व की विशेषतायें व दक्षतायें के बारे में गहनता से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रधानाचार्यों को कुशल नेतृत्व से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासनिक कौशल में दक्ष बनाना जो अपनी संस्था को एक अधिगम संस्था के रुप में विकसित करें। प्रशिक्षण में जनपद के 63 प्रधानाचार्यों ने रस्तोगी इंटर कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में आये प्रधानाचार्यो ने नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन आदि दक्षताओं के बारे में गहनता से विचार रखे। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रेमपाल सिंह, डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. ओमपाल सिंह रघुवंशी, डॉ. विनीत चौहान, डॉ. महेश चन्द्र राजपूत, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, डॉ. नीतू मसीह, इंदू मिश्रा, ऐस्तर रोज दयाल, रीता दुबे, विश्वमोहिनी, सोनलिका त्रिवेदी, राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. विनीत सिंह चौहान, राजीव शाक्य, संजीव कुमार, अनिल सिंह, शिवओम दीक्षित, गिरिजा शंकर, बलविन्दर सिंह, अमित सिंह, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि 63 प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया।

## लग्न कार्यक्रम से एक दिन पूर्व ससुरालीजनों ने शादी करने से किया इन्कार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शादी रोकने के बाद दहेज लोभियों ने शादी से इन्कार कर दिया। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली निवासी राजवीर पुत्र रामदयाल कश्यप ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री फूलन देवी की शादी मैनपुरी जनपद के थाना क्षेत्र के विछवां के गांव सुननामा निवासी शिवम कुमार पुत्र विश्राम सिंह कश्यप के साथ चार माह पहले तय की थी और उसके बाद रुकाई आदि की सभी रस्में पूरी की गयी थीं। आज शुक्रवार को लग्न कार्यक्रम होने वाला था, तभी आरोपीगणों ने शादी करने से इन्कार कर दिया, जबकि पीड़िता के पिता ने पुत्री के लिए व ससुरालीजनों के लिए बताया गया दान दहेज खरीद लिया और शादी की तारीख भी पक्की हो गयी थी और एक दिन पूर्व लग्न कार्यक्रम होना था, तभी ससुरालीजनों ने शादी करने से इन्कार कर दिया। पीड़ित थक हारकर थाना पुलिस की शरण में आया और थाना पुलिस को मामले की जानकारी देकर लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने मामले की जांच कर पीड़ित को हर संभव पुत्री के मामले में न्याय दिलाने की बात कही।

# नैतिक शिक्षा पेपर के साथ खत्म हुई द्वितीय सत्र की परीक्षा


च्चों को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नैतिक शिक्षा पेपर के साथ द्वितीय सत्र परीक्षा समाप्त हुई। लंच के बाद बच्चों ने नो लेप्रोसी-डे मनाया। 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को नो लेप्रोसी-डे मनाया जाता है। कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों के साथ उपस्थित स्टाफ को शपथ दिलाते हुए कहा कि कुष्ठ रोगी कोई अभिशाप नहीं है। हमें कुष्ठ रोगियों और उनके परिजनों से किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए, अपितु उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। द्वितीय सत्र परीक्षा समाप्त होने पर बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों को बताया कि शनिवार को उनका परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा।

# गांधी विचार समिति ने स्व. महरम सिंह को किया याद

**सांस्कृतिक पाण्डाल में विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गोष्ठी में मौजूद लोग

मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में पूर्व वर्षो की भांति गांधी विचार प्रचार समिति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेला श्रीरामनगरिया के संस्थापक पूर्व विधायक स्व. महरम सिंह द्वारा विगत लंबी अवधि से प्रतिवर्ष मेला के सांस्कृतिक पांडाल में आयोजित होता रहता है। उनके परलोक गमन के बाद से उनके सुपुत्र दिनेश प्रकाश सिंह अन्नू ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने की। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि भास्कर दत्त द्विवेदी रहे। मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। युवा कवि वैभव सोमवंशी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित रचना पढ़ते हुए उनकी सरल जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंचासीन अतिथि उदय पाल सिंह ने महात्मा गांधी को गृहस्थ संत की संज्ञा देते हुए युवा पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलने का आवाह्न किया। अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने स्व0 महरम सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इतिहास को, उनके व्यक्तित्व को जितना पढ़ा जितना समझा उसकी पूरी झलक स्मृतिशेष मेला संस्थापक महरम सिंह में देखने को मिली। समाजसेवी अनिल प्रताप सिंह ने महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मेला श्रीरामनगरिया के संस्थापक स्व महरम सिंह को याद किया और दोनों महापुरुषों के बीच विभिन्न समानताओं को बताया। रूपेश गुप्ता ने बताया कि स्व0 महरम सिंह ने जो संस्कार दिए वो आज भी हम सबके विद्यमान है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भास्कर दत्त द्विवेदी ने बताया कि स्व0 महरम सिंह ने जाति बिरादरी के बंधनों से बहुत ऊपर उठकर कार्य किया। अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि आज स्व0 महरम सिंह हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनके संस्कार, उनकी शिक्षा, उनके उद्देश्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य उनके पुत्र दिनेश प्रकाश कर रहे हैं। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अनिल सिंह गहरवार, संदीप चतुर्वेदी, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ, डीएस राठौर, रमला राठौर, सुमन राठौर, बबिता पाठक आदि मौजूद रहे।

# विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन ही अधिकांश विभाग के कर्मचारी अपने-अपने पटल से गायब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




मेला श्रीराम नगरिया में लगे विकास प्रदर्शनी का उद्‌घाटन जिलाधिकारी व सांसद ने बीते दिन किया था। दूसरे दिन प्रदर्शनी में लगे अधिकांश विभागों के कैम्प से कर्मचारी गायब दिखायी दिये। इस दौरान कई लोग उनके पटल पर जाकर उनके विभाग की जानकारी करनी चाहिए, उनके वहां न होने पर वापस लौट गये।

मेला श्रीराम नगरिया में लगी विकास प्रदर्शनी का बुधवार को सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेद्वी ने उद्‌घाटन किया गया था। विकास प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित अधिकांश विभागों द्वारा कई कैम्प लगाये गये है। जिसमें जिला गंगा समिति फर्रुखाबाद, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास, गौतम बुद्ध डवलपमेंट सोसाइटी, ओडीओपी प्रदर्शनी आदि कैम्प भी लगे है। गुरुवार को इन सभी कैम्पों पर उनके विभाग का कोई भी कर्मचारी दिखायी नहीं दिया। इस संदर्भ में कुछ लोगों ने हमारे समृद्धि न्यूज के संवाददाता को बताया कि हम लोग काफी देर से घूम रहे है, लेकिन हमें कोई दिखायी नहीं दिया, जिससे हम यह बात कर सकें कि विभाग की ओर से क्या योजना है। जब आसपास के काउंटर पर जानकारी की गई तो पता चला कि यह लोग सुबह कुछ समय के लिए आये, उसके बाद चले गये तब से अभी तक लौटकर नहीं आये। जबकि शासन के आदेश के संबंधित विभाग अपने-अपने विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाये। इसी के तहत जिला प्रशासन ने मेला श्रीराम नगरिया में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया है। जिससे एक ही स्थान पर सभी विभागों से संबंधित योजनाओं की लोगों को जानकारी मिल सकें, लेकिन विभागीय कर्मचारी सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे है।

# राष्ट्रीय लोक समिति ने शराब बंदी की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक समिति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्य तिथि मनायी। साथ ही गोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने कहा कि दुर्घटनाओं व अपराध को रोकने के लिए शराब बंदी की मांग करता है।

टाउनहाल स्थित सभी ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मुख्यमंत्री संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि शराब मुक्त प्रदेश को बनाया जाये। शराब के कारण कई घटनायें होती है। तीर्थ स्थलों से शराब के ठेके हटाये जाये। प्रदेश में शराब के कारखानों पर ताला लगाया जाये। स्कूल, पूजा, घर, मंदिर, अस्पताल के पास से शराब की दुकानों को तत्काल से हटाया जाये। इस मौके पर हेमराज सिंह राजपूत, हरिनंदन सिंह, सत्येन्द्र प्रकाश, देवकीनंदन गंगवार, अवधेश चन्द्र पाण्डेय, हरिओम तिवारी, गीता राजपूत, अनीस सिंह, हरिश्चन्द्र पाठक, कमलेश गुप्ता, शैलेश श्रीवास्तव, भइया लाल श्रीवास्तव, रुपलाल आर्य, डॉ. रामकृष्ण राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# परमात्मा की भक्ति करने वाला मनुष्य सब दुख आसानी से सह लेता है: शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रवचन करते आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल कुम्भ में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य चन्द्रेव शास्त्री ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि आर्य समाज संकट की इस घड़ी में मृतकों के परिजनों के साथ है तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ होने की कामना करता है।

परमात्मा सभी को धैर्य धारण कराए ऐसी हमारी कामना है। मध्यान्ह की सभा मे शिवनारायण आर्य ने अपने गीतों के माध्यम से भक्ति सत्संग की धारा प्रवाहित की। प्रदीप शास्त्री ने कहा कि परमात्मा की भक्ति करने वाला मनुष्य बड़े से बड़े दुःख को हंसते हुए सहन कर लेता है। परमात्मा सुखों की खान है आज हमारे जीवन में जो भी दुःख आते हैं वह परमात्मा से दूर जाने के कारण हैं। जिस प्रकार अग्नि के निकट बैठने से ऊष्मा प्राप्त होती है उसी प्रकार परमात्मा के पास बैठने से सुख और आनंद की प्राप्ति होती है। ईश्वर के सही स्वरुप को समझने के लिए हमें वेद के विद्वानों के सानिध्य में बैठकर वैदिक संत्संग करना चाहिए। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा हर जगह मौजूद है उसे किसी स्थान विशेष में ढूढ़ने की आवश्यकता नहीं है। योग और भक्ति के द्वारा ही उसको प्राप्त किया जा सकता है।

योग और भक्ति के सही स्वरूप को समझने के लिए हमें वैदिक सत्संग में जाना चाहिए। ब्रह्मचारी उदयराज आर्य, धनीराम बेधड़क आदि ने इश्वर भक्ति के गीत सुनाए। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, मंगल सिंह आर्य, छोटे सिंह, शिशुपाल आर्य, हरिओम शास्त्री, उपासना आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# गंगा पुल के पास रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


आग बुझाता दमकल कर्मी

श्रीराम नगरिया मेले में पुल के पास रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर फायरब्रिगेड की गाड़िया पहुंच गयी और आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ी घटना घटित होने से बच गयी।

गुरुवार शाम को मेला श्रीराम नगरिया में पुल के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक चिंगारी निकली और आग लग गयी। आग लगते ही वहां भगदड़ मच गयी। वहां ड्यूटी पर पुलिस कर्मियों ने इसकी सूचना फायरब्रिगेड कर्मचारियों को दी। आनन-फानन में फायरब्रिगेड इंचार्ज बी.एल. यादव अपनी दमकल की दो गाड़ियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और विद्युत लाइन को कटवाकर आग पर काबू पाया। इस दौरान चालक महेश चन्द्र व सत्यप्रकाश व यूनिट ने अपनी सूझबूझ से आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# ओवरलोड वाहनों के संचालन से टुटा केहेजुआ नदी का पुल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



**पुल के एक पीलर का हिस्सा क्षत्रिग्रस्त होने से भारी वाहनों का आवागमन बाधित**

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत परसिया कला के सिलहटा सजहा मंदिर को जोड़ने वाला केहेजुआ नदी पर स्थित पुल पुल गिट्टी बालू के ओवरलोड वाहनों के संचालन होने से पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो है। हाइवा वाहन पलटने से बच गया है तबसे इस पुल से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। पुल का एक पीलर का हिस्सा क्षत्रिग्रस्त होने से पुल से भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है केवल मोटर साइकिल ही पुल से आवागमन हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया की प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा घटिया समाग्री से पुल का निर्माण कार्य कराने से पुल ध्वस्त हो गया है। ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था के विरुद्ध जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग किया है और ध्वस्त पुल का अविलम्ब मरम्मत कार्य कराने की मांग किया है जिससे पुल से सुचारु रूप से आवागमन हो सके पुल ध्वस्त होने से पुल दुर्घटना को दावत दे रहा है। इसके बाद भी क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य संबंधित विभाग द्वारा नहीं कराया जा रहा है पुल का मरम्मत कार्य नहीं होने से ग्रामीणो को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने पुल का मरम्मत कार्य कराने के लिए जिले के उच्च अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराया है जिससे ग्रामीणों को आवागमन हो सके संबंधित विभाग द्वारा घटिया सामग्री से पुल का निर्माण कार्य कराने से पुल ध्वस्त हो गया है। करोड़ो रूपये की लागत से बने पुल में घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य कराये जाने के कारण पुल ध्वस्त हो गया है।

## श्रद्धालुओं की बस गड्ढे में गिरी, निकालने आई हाईड्रा भी पलटी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर गांव के सामने बुधवार भोर में तीन बजे श्रद्धालुओं से भरी बस गड्ढे में चली गई। संयोग था बस पलटी नहीं। सभी यात्री बाल-बाल बच गए। ड्राइवर को हल्की चोटे आई हैं। गड्ढे में गई बस को निकालने आई हाईड्रा ही पलट गई। इसे क्रेन के माध्यम से निकाला गया। गुजरात के अहमदाबाद से 50 की संख्या में श्रद्धालु मंगलवार देर शाम महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वाराणसी जा रहे थे।

विंध्याचल के महोखर गांव के सामने ओवरटेक के चक्कर में बस सड़क के किनारे गड्ढे में चली गई। इसमें चालक राजेंद्र (45) निवासी देवड़ा थाना बारी अहमदाबाद को हल्की चोटे आई हैं। बाकी यात्री बाल-बाल बच गए। सभी यात्रियों को दूसरी बस से वाराणसी भेजा गया। बस को गड्ढे से निकालने आई हाईड्रा ही पलट गई। काफी समय बाद क्रेन बुलाकर बस और हाईड्रा को बाहर निकाला गया।

# मिर्जापुर जनपद में विभिन्न जगहों पर हुई पीडीए जनपंचायत चर्चा

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद मिर्जापुर के मझवां में नौहा, मड़िहान में जौगढ़, चुनार में नरायनपुर, छानबे में हलिया, सदर में छानबे आंशिक आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा धर्म की आड़ में समाज को बांट रही है। जनता भली-भाँति इन्हे जान व पहचान चुकी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बदलने का षड़यंत्र रचने वाली भाजपा कभी भी सबका साथ सबका विकास नही कर सकती। इनका ये विकास केवल कागजी पन्नो तक ही सीमित है। धरातल पर ऐसा कुछ भी नही है। महाकुंभ की आड़ में भाजपा केवल प्रचार व प्रसार में लगी हुई है। जनता के दुःख दर्द से इनका कोई वास्ता व सारोकार नही है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वाहन पर जनपद में पीडीए के तहत दलित, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर संविधान को बचाने व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाया गया और पीडीए पर्चा भी घर-घर वितरण किया गया।

**भाजपा धर्म की आड़ में समाज को बांट रही : देवी प्रसाद चौधरी**

जगह-जगह आयोजित जनचर्चा कार्यक्रम में मझवां विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, छानबे विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद, चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, मड़िहान विधानसभा अध्यक्ष शैलेष पटेल प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्य, विनोद पासी, रविन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 रतन सिंह पटेल, पतलू यादव, शोले बियार, सन्तबीर मौर्या, रामजी मौर्या, रामगोपाल बिन्द, अशोक मिश्रा, हरिशंकर यादव, विजय पटेल, परवीन बानों सहित आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

## दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान पत्थर से सिर में चोट लगने से युवक की मौत

**भाई ने लगाया मारने पीटने का आरोप, दी तहरीर**



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के शक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत पहाड़ पर पार्टी करने शुभम यादव 27 पुत्र अशोक यादव निवासी मोहल्ला टेढ़ी नीम थाना चुनार ने अपने पांच दोस्त मोनू यादव, आलम, नीशाद व अन्य के साथ पार्टी किया उसके बाद शुभम पत्थर पर गिर गया और सर मे चोट लग गई। रात्रि घर आकर तबीयत खराब होने लगी तुरंत उसे परिजनों ने वाराणसी एपेक्स हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टर ने शुभम को मृत घोषित कर दिया।मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। ड्राइवरी करता था। भाई मनीष ने चुनार थाने पर तहरीर दे कर आरोप लगाया कि मेरे भाई को मारा पीटा गया है जिससे उसकी मौत हुई है। कस्बा चौक इंचार्ज उदय उदय नारायण मौर्य ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल के वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के बरडीहा कला गांव स्थित आदर्श श्रीमती रुक्मणि देवी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छानबे विधायक रिंकी कोल व विशिष्ट अतिथि पुष्पराज सिंह व गुलाब सिंह आरडी यादव ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर किया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। मौजूद लोगो ने बच्चों के प्रस्तुति से प्रसन्न होकर बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की नन्हे मुन्ने बच्चे ही देश के भविष्य है यही बच्चे पढ लिखकर देश का नाम रोशन करेगें और आईएएस पीसीएस बनेगे नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षा देना बहुत ही सराहनीय कार्य है। स्कूल के प्रबंधक राजकुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को बुके व साल देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राहुल सोनी ने किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण में सब्जियों की नई किस्मों के बारे में दी जानकारी

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयके वनस्पति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एम.एससी. बॉटनी एवं एम.ए. इकोनॉमिक्स के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (प्ष्टत्), जक्खिनी (वाराणसी) ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सब्जियों की नवीन किस्मों एवं उनसे संबंधित अनुसंधान की जानकारी प्रदान करना था।भ्रमण के दौरान संस्थान में कार्यरत डॉ. गोविंद पाल एवं श्री प्रमोद कुमार सिंह (यंग प्रोफेशनल) ने छात्र-छात्राओं को सब्जी उद्यान में मौजूद विभिन्न उन्नत वैरायटियोंकृब्रिमेटो, पैमाटो, बारहमासी पालक, छप्पन कद्दू, चेरी टमाटर आदि की विशेषताओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इन नवाचारों को निकट से देखा और सब्जी उत्पादन व अनुसंधान की प्रक्रियाओं को समझा।इस अवसर पर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. विद्या सिंह, अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. शेफालिका राय, डॉ. चंदन कुमार द्विवेदी, वाणिज्य विभाग की डॉ. मंजुला शुक्ला एवं श्री जयप्रकाश जी उपस्थित रहे। सभी ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

## भूमि विवाद में युवकों ने सिर पर वार कर किया युवक को घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में गुरुवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर युवक 19 वर्षीय महेश को उसके परिवार चार पांच लोगो ने सबल से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मौके पर पहुँचे युवक के परिवार के लोगो ने युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार फार्मासिस्ट अजय कुमार वार्ड वव्य किशोर कुमार ने युवक का उपचार किया है। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है घटना के संबंध में बताया जा रहा है की युवक की जमीन में उसके परिवार के लोग जेरा गाड़ रहे थे तभी मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया है।

# कुत्ते ने जान की बाजी लगा स्वामी के घर चोरी होने से बचाया

- कुत्ते के भौकने की आवाज पर घर सहित आसपास के लोग जाग गए और भाग रहे चोरों में से एक को दबोज कर पुलिस के किया हवाले
- तीन चोर भागने में रहे सफल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी क्षेत्र के बरौधा बाई पास पर बुधवार की रात्रि बरौधा निवासी गुलाम चंद्र मिश्र के घर में घुसकर चोरो ने चोरी करने का असफल प्रयास किया।

लेकिन वफादार कुत्ते ने अपनी जान की बाजी लगाकर अपने स्वामी का कर्ज उतार दिया। कुत्ते के भौकने की आवाज पर घर सहित आसपास के लोग जाग गए और भाग रहे चार की संख्या में चोरो में एक चोर को दबोज कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि तीन चोर भागने में सफल रहे दर सल गुलाम चंद्र के घर में किसी की आहट पर उनका पालतू कुत्ता भौकने लगा। जिस पर चोर अपने को पकड़ जाने के डर से कुत्ते को दबोज लिया अचानक कुत्ते का भौकना बंद होने पर परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहम उठे कमरें से बाहर निकले तो किसी के मौजूदगी की साहस पर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर आसपास के लोग भी दौड़ पड़े भाग रहे चोरो में एक चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार चोरो ने कुत्ते को घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर मृत अवस्था में फेंक दिया। उधर सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मौनी अमावस्या को प्रयागराज से रेलवे ने चलाई 364 गाड़ियां

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**



**सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए प्रशासन के निर्देशों का करें पालन : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव**

रेल प्रशासन द्वारा मौनी अमावस्या के दिन संगम में स्नान कर घर वापसी करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड गाड़ियों का परिचालन किया गया, प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान किसी एक दिन में चलाई गई रेल गाड़ियों का यह नया कीर्तिमान है। साथ ही इस अवधि में रेलवे द्वारा 77 इंवर्ड गाड़ियों का परिचालन भी किया गया। आउटवर्ड गाड़ियों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ियां शामिल रहीं।

नई दिल्ली में प्रेस संवाददाताओं से बातचीत करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 364 ट्रेन प्रयागराज से चलाई गई। रेलवे की सभी वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रेल भवन स्थित वार रूम से पूरे सिचुएशन की रियल टाइम मॉनिटरिंग कर रही हैं, राज्य सरकार के साथ निरंतर समन्वय करके गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। तीनों रेलवे जोन के तरूऔर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्रद्धालुओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए लगे हुए हैं और मेला प्रशासन एवं राज्य सरकार के संपर्क में है। उन्होंने संगम स्नान के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए बड़े-बड़े होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं जहां बैठकर अपने क्षेत्र की गाड़ी की प्रतीक्षा करें। उसके बाद प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार गाड़ी पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर प्रस्थान करें।

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रसार दिलीप कुमार ने बताया कि इस दिन इनवर्ड एवं आउटवर्ड मिलाकर उत्तर मध्य रेल द्वारा 280 गाड़ियों का परिचालन किया गया जबकि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 73 गाड़ियों का एवं उत्तर रेलवे द्वारा 88 गाड़ियों का परिचालन किया। उत्तर मध्य रेल द्वारा सबसे अधिक 157 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया। उत्तर रेलवे ने 28 और पूर्वोत्तर रेलवे ने 37 गाड़ियों का परिचालन किया।

मेला की पूर्ण अवधि में रेलवे द्वारा लगभग 13,450 गाड़ियों के परिचालन की योजना बनाई गई है जिसमें 10,028 नियमित गाड़ियां और 3400 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन शामिल है। अब तक 1900 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा चुका है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि सारी गाड़ियों का परिचालन योजनानुसार किया जा रहा है। पूर्व दी गई सूचना के आलोक में कुछ गाड़ियों को मार्ग परिवर्तित करके चलाया जा रहा है जबकि कुछ गाड़ियों का टर्मिनल स्टेशन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज किया गया है।

## मर जाएंगे लेकिन भाजपा से समझौता नहीं करेंगे : राहुल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नफरत की राजनीति करती है जबकि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलती और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है इसलिए किसी भी स्तर पर भाजपा से समझौता नहीं किया जाएगा।

श्री गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी तथा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आज कहा कि भाजपा और कांग्रेस की विचारधारा कहीं भी मेल नहीं खाती है और दोनों में किसी भी मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है। उनका कहना था कि कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है।

# चुनाव आयोग ने 'यमुना में जहर' के आरोप पर केजरीवाल से मांगा सबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



चुनाव आयोग ने यमुना के पानी में हरियाणा द्वारा जहर मिलाए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर उनसे शुक्रवार 11 बजे तक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है।

आयोग ने इससे पहले, इस प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से श्री केजरीवाल के खिलाफ की गयी शिकायत पर उन्हें नोटिस देकर सफाई पेश करने को कहा था।

आयोग ने उस नोटिस पर श्री केजरीवाल के जबाव को लेकर उन्हें गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि उनका जबाव आपके सार्वजनिक और बहुचर्चित वक्तव्य के बारे में बिल्कुल खामोश है जिसमें जलापूर्ति को विषाक्त करने की बात कही गयी है।

आयोग ने श्री केजरीवाल को आज लिखे पत्र में कहा है कि उनका यह बयान प्रथम दृष्ट्या विभिन्न समूहों के बीच टकराव और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला है जिसमें आरोप है कि भाजपा के शासन वाली हरियाणा सरकार युमना नदी से दिल्ली के लिये छोड़े जाने वाले पानी में जहर मिला देती है। आयोग ने उनको अपने इशारों के समर्थन में कल पूर्वाह्न 11 बजे तक सबूत प्रस्तुत के लिये कहा है।

चुनाव आयोग ने इससे पहले भाजपा और कांग्रेस के शिकायत पर श्री केजरीवाल को मंगलवार को नोटिस देकर इन आरोपों का तथ्यात्मक और कानूनी आधार प्रस्तुत करने के लिये कहा था। श्री केजरीवाल ने आयोग को इस संबंध में कल को अपना जबाव भेजा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यमुना के पानी पर दी गई उनकी टिप्पणी दिल्ली में पेयजल की गुणवत्ता के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के संदर्भ में थी। यमुना के जल पर बयान गंभीर विषाक्तता और हरियाणा से मिलने वाले अशोधित पानी के के बारे में दिया गया था। उन्होंने कहा कि तथ्य साबित करते हैं कि उन्होंने अपने बयान से किसी भी कानून या किसी आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा से आने वाले पानी में प्रदूषण इतना अधिक है कि दिल्ली के जल शोधन संयंत्र इसे सुरक्षित सीमा के भीतर शोधन करने में असमर्थ हैं। हरियाणा से हाल ही में आया पानी अत्यधिक दूषित और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जहरीला है।

# वॉचो पर एक्सक्लूसिव स्ट्रीम होगा वाइब ऑन, रीजनल हिप-हॉप टैलेंट का जश्न

**हिप-हॉप रियलिटी शो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के उभरते हुए संगीत कलाकारों को राष्ट्रीय मंच पर लाने का करेगा काम**

**नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

डिश टीवी के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो ने प्रिंडे के साथ साझेदारी की है और वाइब ऑन का एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बनने की घोषणा की है। यह क्रांतिकारी हिप-हॉप रियलिटी शो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के उभरते हुए संगीत कलाकारों को राष्ट्रीय मंच पर लाने का काम करेगा। यह शो वॉचो पर एक्सक्लूसिव रूप से स्ट्रीम होगा और उसके बाद इसे यूट्यूब पर रिलीज़ किया जाएगा।

वाइब ऑन, प्रिंडे का यह क्रांतिकारी रियलिटी शो, पहले ही उत्तर भारत के 25 प्रतिष्ठित कॉलेजों में धमाल मचा चुका है, जहाँ से 150 शानदार कलाकार चुने गए हैं। इन कलाकारों में भारत के जीवंत हिप-हॉप कल्चर की सच्ची ऊर्जा और क्रिएटिविटी झलकती है। शो को प्रसिद्ध म्यूजिक हस्तियां अमित उचाना, रवनीत सिंह और जेएसएल सिंह जज कर रहे हैं। यह शो भारत के युवाओं के सपनों और जुनून को दर्शाता है और अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक नई ऊँचाई देने का वादा करता है। डिश टीवी और वॉचो के कॉर्पोरेट मार्केटिंग हेड श्री सुखप्रीत सिंह ने कहा कि रियलिटी शो हमेशा से भारत की मनोरंजन यात्रा का अहम हिस्सा रहे हैं, जो सपनों, प्रतिभा और दृढ़ता की कहानियों को उजागर करते हैं। जैसे-जैसे यह जॉनर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई ऊँचाइयों को छू रहा है, वॉचो इस बदलाव का नेतृत्व करने पर गर्व महसूस करता है।

# भारत के आर्थिक भविष्य के लिए एक ट्रिलियन डॉलर के विदेशी निवेश योजना की शुरुआत

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**



श्रीदायिनी फाउंडेशन, जो भारत के प्रमुख गैर-लाभकारी संगठनों में से एक है, युवाओं को मजबूत बनाने और छोटे-बड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसने यूएस एशिया ग्लोबल बिजनेस फोरम (यूएसएबीएफ) के साथ मिलकर, नई दिल्ली के द ललित होटल में भारत का पहला आर्थिक विकास सम्मेलन 2025 आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें राजदूत, नीति बनाने वाले लोग, निवेशक और सरकारी अधिकारी थे। इसका मकसद भारत के 23 क्षेत्रों में 1 ट्रिलियन डॉलर का विदेशी निवेश लाने की योजना बनाना था।

श्रीदायिनी फाउंडेशन का लक्ष्य इसे चरणों में पूरा करना है। इस सम्मेलन ने समृद्ध भारत, समृद्ध विश्व नामक योजना के लिए रास्ता तैयार किया, जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उसे एक वैश्विक आर्थिक ताकत के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करेगा।

कार्यक्रम में भारत में निवेश की बड़ी संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, नई ऊर्जा, आईटी, स्वास्थ्य सेवाएं और खेती जैसे क्षेत्रों में निवेश की बात की। इस सम्मेलन में स्विट्जरलैंड, अमेरिका, इजरायल, सिंगापुर और यूएई से आए राजदूतों, सरकारी अधिकारियों और निवेशकों ने हिस्सा लिया। श्रीदायिनी फाउंडेशन भारत में रोजगार के लिए ठोस योजना बना रहा है। कार्यक्रम में सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच साझेदारी बढ़ाने के लिए साझा काम की भी बात हुई। साथ ही, युवाओं और महिलाओं को पढ़ाई, ट्रेनिंग और रोजगार के ज़रिए मजबूत बनाने के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा हिस्सा 1 ट्रिलियन डॉलर की विदेशी निवेश योजना तैयार करना था।

बलरामपुर चीनी मिल्स लि. यूनिट तुलसीपुर

गणतंत्र दिवस 2025 के शुभ अवसर पर तुलसीपुर चीनी मिल की तरफ से आप सभी को हार्दिक शुभकानाएं।

यूनिट- तुलसीपुर प्रतिदिन 60,000 कु. गन्ना पेराई करते हुए किसानों को निरन्तर गन्ना मूल्य भुगतान कर रही है।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

- पर्ची का एस.एम.एस. प्राप्त करने के लिए मोबाइल का इन-बाक्स खाली रखें।
- बीज हेतु अपना गन्ना सुरक्षित कर लें।
- बसन्तकालीन बोवाई हेतु अपना अगैनी प्रजाति - को. 0118 एवं कोलख 14201 का गन्ना बीज रोककर रखें।
- गन्ना सम्बन्धित किसी भी प्रकार समस्या/सहायता के लिए मिल के गन्ना विभाग से सम्पर्क करें।

क्षेत्र के विकास में सहयोग आपका प्रयास हमारा

(सुधीर कुमार)
यूनिट हेड